CMYK CMYK

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जागरूक टाइम्स YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

सिरोही, रविवार, 02 फरवरी 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 16 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.




## केन्द्रीय बजट: 2025

# मध्यम वर्ग पर अमृत वर्षा हुई

- किसानों को राहत
- बिहार की बम-बम
- सबको मिला कुछ-कुछ

*नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दे दी है। अब 12 लाख रुपए तक की आमदनी आयकर के दायरे से बाहर होगी। वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष कर पर बजट में कहा कि नए आयकर विधेयक में न्याय की भावना को प्रमुखता दी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा। इसमें जब स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जोड़ देंगे तो वेतनभोगी लोगों के लिए 12.75 लाख रुपए की कर योग्य आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा है कि इस फैसले से मध्यम वर्ग पर करों को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। उनके पास अधिक पैसा छोड़ने, घरेलू खपत, बचत और निवेश बढ़ाने का मौका होगा।*

# टैक्स स्लैब बदला: 12 लाख तक की आमदनी टैक्स फ्री

## नौकरीपेशा लोगों की लगी लॉटरी

### न्यू टैक्स रिजीम में 7 टैक्स स्लैब

| क्र.सं. | स्लैब | टैक्स |
|---|---|---|
| 1 | ₹0 लाख से ₹4 लाख तक | 0% |
| 2 | ₹4 लाख से ₹8 लाख तक | 5% |
| 3 | ₹8 लाख से ₹12 लाख तक | 10% |
| 4 | ₹12 लाख से ₹16 लाख तक | 15% |
| 5 | ₹16 लाख से ₹20 लाख तक | 20% |
| 6 | ₹20 लाख से ₹24 लाख तक | 25% |
| 7 | ₹24 लाख से ज्यादा | 30% |

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दे दी है। अब 12 लाख रुपए तक की आमदनी आयकर के दायरे से बाहर होगी। वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष कर पर बजट में कहा कि नए आयकर विधेयक में न्याय की भावना को प्रमुखता दी जाएगी। मोदी सरकार ने इनकम टैक्स के इतिहास में सबसे बड़ी राहत देते हुए पूरा टैक्स स्लैब ही बदल दिया है।

अब 24 लाख रुपए तक कमाने वाले को भी 1.10 लाख रुपए बचत करने का मौका मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में ऐसा ऐलान किया कि नौकरीपेशा की लॉटरी लग गई। उन्होंने न सिर्फ शून्य इनकम टैक्स की राहत को बढ़ाकर 4 लाख कर दिया है, बल्कि सभी इनकम टैक्स स्लैब को बदल दिया है।

वित्त मंत्री ने सरकार के खजाने पर 1 लाख करोड़ रुपए की कमी आने की परवाह न करते हुए सीधे 12 लाख रुपए तक की कमाई को टैक्स फ्री कर दिया है। यह सारा बदलाव नई टैक्स रिजीम में किया गया है, पुराने रिजीम को किसी भी तरह से नहीं छेड़ा गया है। नए रिजीम में अभी तक 3 लाख रुपए तक की कमाई पर शून्य टैक्स लगता था, अब यह सीधे तौर पर 4 लाख रुपए कर दिया है।

### किसके कितने रुपए बचेंगे

- 12 लाख रुपए तक कमाई करने वालों को सीधे तौर पर 80 हजार रुपए का फायदा होगा
- 12 से 18 तक रुपए तक कमाने वाले को 70 हजार का फायदा होगा, जो 33 फीसदी लाभ है।
- 25 लाख तक कमाने वाले को 1.10 लाख रुपए का फायदा जो पुराने रिजीम के तहत 25 फीसदी का लाभ दिख रहा है।

### 75 हजार का अलग फायदा

वित्तमंत्री ने न सिर्फ 12 लाख रुपए तक की कमाई को इनकम टैक्स के दायरे से बाहर कर दिया है, बल्कि 75 हजार रुपए के स्टैंडर्ड डिडक्शन को भी बनाए रखा है। इस तरह कुल टैक्स छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगा। यानी 12 लाख 75 हजार रुपए तक कमाने वाले को कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके ऊपर कमाने पर ही आपको टैक्स देना होगा और उसमें भी स्लैब घटाया गया है।

## कम कमाई वाले एक करोड़ लोगों को खुशखबरी





**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने आम बजट 2025 में गिग वर्कर्स के लिए बड़ा ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया है कि मोदी सरकार एक करोड़ गिग वर्कर्स को पहचान पत्र प्रदान करेगी और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करेगी। केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि शहरी श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से यह योजना लागू करेगी। इस फैसले से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो, स्विगी जैसी ई.कॉमर्स कंपनियों में पार्ट टाइम जॉब करने वाले डिलीवरी बॉय और ओला-उबर के ड्राइवरों को बड़ा फायदा पहुंचेगा। मोदी सरकार ने पहली बार देश में गिग वर्कर्स के लिए बड़ा ऐलान किया है। गिग वर्कर्स को भी सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। साथ ही स्ट्रीट वेंडर्स और ऑनलाइन और शहरी श्रमिकों में निवेश करेगी। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के गिग वर्कर्स को पहचान पत्र और ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होगा।

### ओला-उबर ड्राईवरों और डिलीवरी बॉय की बल्ले-बल्ले

### गिग वर्कर्स को पहचान पत्र

वित्त मंत्री ने कहा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर गिग वर्कर न्यू एज, सेवा अर्थव्यवस्था में अत्यधिक गतिशीलता लाते हैं। उनके योगदान को स्वीकार करते हुए हमारी सरकार ई-श्रम पोर्टल पर उनके पहचान पत्र और पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगी। इसके अलावा गिग श्रमिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पीएम जेएवाई के तहत स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच मिलेगी। इससे लगभग एक करोड़ श्रमिकों को लाभ होगा।

### श्रम मंत्रालय करेगा पंजीयन

श्रम मंत्रालय आने वाले दिनों में 10 करोड़ लोगों को रजिस्ट्रेशन करेगा। खासकर ओला, उबर, अमेजन, फ्लिपकार्ट या जोमैटो जैसी कंपनियों में पार्ट टाइम जॉब करने वाले लोगों को इससे सीधा फायदा पहुंचेगा। मोदी सरकार नए कानून में यह भी मेंशन कर सकती है कि अगर कोई शख्स इन कंपनियों में महीने में कम से कम 90 घंटे, 120 घंटे या 160 घंटे काम करता है तो उसे ईएसआई और एक्सीडेंटल बीमा का लाभ घंटों के काम के हिसाब से दिया जाए।

### रेहड़ी-पटरी वालों की मौज

अमेरिका की तरह अब भारत में भी ऐसे मजदूरों को ईएसआई के साथ.साथ एक्सीडेंटेल बीमा का लाभ मिलेगा। पिछले साल ही श्रम मंत्रालय ने एक ड्राफ्ट तैयार कर फाइनेंशियल अप्रूवल के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा था। गिग एंड प्लेटफॉर्म लेबर एक्ट आने के बाद इन श्रमिकों को कई तरह के लाभ मिलने शुरू हो जाएंगे। मसलन उनको काम करने के बदले सुरक्षा की गारंटी होगी, दुर्घटना बीमा का लाभ उनके परिजनों को मिलेगा।

### प्रीमियम टीवी महंगे होंगे, लेकिन एलसीडी और एलईडी टीवी सस्ते होंगे

*बजट 2025 में पार्ट्स, कैमरा मॉड्यूल, कनेक्टर, वायर्ड हेडसेट के रॉ मैटेरियल, माईक्राफोन और रिसीवर, केबलस, फिंगरप्रिंट रीडर, मोबाइल फोन सेंसर पर लगने वाले कस्टम ड्यूटी को खत्म कर दिया गया है। पहले इन पर 2.5 फीसदी ड्यूटी लगती थी। इसकी वजह से स्मार्टफोन्स की कीमत कम हो सकती है। इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा कर 20: कर दिया गया है। अब प्रीमियम टीवी महंगे होंगे लेकिन एलसीडी और एलईडी टीवी सस्ते होंगे।*

### इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट सस्ते होंगे

*लिथियम बैटरी और टीवी समेत इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट होंगे सस्ते। इसके अलावा इलेक्ट्रिक कारें सस्ती होंगी। मोबाइल से लेकर टीवी तक सस्ता होगा। इसके अलावा भारत में बनने वाले सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट सस्ते होंगे। यह खबर भारतीय उद्योग और बैटरी निर्माण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा है। सरकार ने कोबाल्ट पाउडर, लिथियम, आयन बैटरी के स्क्रैप, लेड, जिंक और अन्य 12 महत्वपूर्ण खनिजों को बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से छूट देने का निर्णय लिया है।*

## बजट में बिहार की बहार

**नई दिल्ली। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार बिहार को लेकर संजीदा है, यह शनिवार को संसद में पेश 2025-26 के बजट में साफ दिख गया। पिछले केंद्रीय बजट के मुकाबले इस बार ज्यादा मेहरबानी दिखने की एक वजह इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं। बिहार के लिए कई योजनाएं तो आई ही कोसी-मिथिला क्षेत्र को राहत देने की खबर भी इस बजट के जरिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने दी।**

### मिथिलांचल-कोसी को फायदा

वित्त मंत्री ने मिथिलांचल में वेस्टर्न कोशी कैनाल प्रोजेक्ट का प्रस्ताव पेश किया है। इन प्रोजेक्ट के लिए आर्थिक मदद की जाएगी। इससे यहां के किसानों को फायदा होगा। 50 हजार हैक्टेयर जमीन को सिंचाई का फायदा मिलेगा। इससे बाढ़ की त्रासदी को घटाने में भी मदद मिलेगी।

### बिहार में मखाना बोर्ड का प्रस्ताव

मिथिलांचल-कोसी की पहचान मखाना से जुड़ी एक बड़ी घोषणा केंद्रीय बजट में की गई। वित्त मंत्री ने बिहार में मखाना बोर्ड का प्रस्ताव रखा। मखाना की मार्केटिंग के लिए यह बोर्ड बनाया जाएगा। अब तक कोसी.मिथिलांचल में मखाना उत्पादन करने वाले किसानों के लिए बाजार का पूरा सिस्टम नहीं है। इस बोर्ड के जरिए मखाना किसानों को सीधा बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## सीएम भजनलाल शर्मा की केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया

- विकसित-आत्मनिर्भर भारत को मजबूती प्रदान करेगा बजट
- मेक इन इण्डिया से अब मेक फॉर वर्ल्ड की तरफ बढ़ता भारत
- मध्यम वर्ग की आशाओं पर खरा उतरा बजट

# सीएम भजनलाल शर्मा बोले, समृद्ध और सशक्त राजस्थान के विजन को मिली नई दिशा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देगा। साथ ही, बजट में मेक इन इण्डिया से अब 'मेक फॉर वर्ल्ड' की अवधारणा के साथ देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा दी गई है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस बजट में समावेशी विकास पर विशेष फोकस देते हुए संतुलित विकास का रोडमैप दिया गया है।



उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है, किसानों को आर्थिक संबल दिया गया है तथा एमएसएमई सेक्टर को भी मजबूती दी गई है। जनता का यह बजट भारत के जन-जन के भविष्य को निखारेगा तथाबजट से समृद्ध और सशक्त राजस्थान के विजन को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि को बढ़ाने, पावर सेक्टर रिफॉर्म के लिए विशेष सहायता देने एवं राज्य को पूंजीगत निवेश के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने के संबंध में प्रस्ताव दिए थे जिस पर केन्द्र सरकार ने बजट में मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि बजट 2025-26 में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास पर विशेष बल दिया गया है, जिससे देश विश्व में आर्थिक महाशक्ति की राह पर अग्रसर होगा।

शर्मा ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को अभूतपूर्व बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस बजट में गरीब, युवा, महिला, किसान के कल्याण पर फोक किया गया है। साथ ही, अन्त्योदय की अवधारणा पर काम करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रतिनिधित्व मिला है।

उन्होंने कहा कि बजट में कृषि रोजगार, एमएसएमई, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे के साथ हीआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल तकनीक, कौशल प्रशिक्षण जैसे नवाचारों के लिए भी विभिन्न प्रावधान किए गए है जिससे सभी क्षेत्रों में देश विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में किसानों को सशक्तीकरण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 से बढ़ाकर 5 लाख, बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई की मंजूरी, पीएम धन धान्य कृषि योजना, नया आयकर कानून, छोटे शहरों को 88 एयरपोर्ट से जोड़ना, आईआईटी संस्थानों में सीट की बढ़ोतरी, मेडीकल टूयूरिज्म को बढ़ावा देना सहित विभिन्न प्रावधान किए गए है।

स्टार्ट अप, एमएसएमई और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रावधानों से युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

## पूर्व सीएम गहलोत बोले, इस बजट से देश पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** बजट पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि अब केन्द्र सरकार 2022 तक देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के वादे का जिक्र क्यों नहीं करती है? यह बजट लगातार बढ़ते व्यापार घाटे, डॉलर के बढ़ते मूल्य, बेरोजगारी और महंगाई से कोई राहत दिलाने वाला नहीं है। आज केन्द्र सरकार द्वारा दिल्ली और बिहार चुनाव को मद्देनजर करते हुए घोषणाएं ज्यादा की गईं जो देश पर कर्ज का बोझ बढ़ाने वाली साबित होंगी। यह भी बेहद आश्चर्यजनक है कि देश के सामने वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों महंगाई एवं बेरोजगारी का इस बजट में जिक्र तक नहीं है जबकि तमाम एजेंसियों के आंकड़े बता रहे हैं कि देश में महंगाई और बेरोजगारी आज रिकॉर्ड स्तर पर हैं।

राजस्थान पर बार-बार आरोप लगाए गए कि यहां जल जीवन मिशन में धीमा काम हो रहा है जबकि हमारे यहां की भौगोलिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। आज केन्द्र सरकार ने ही इस मिशन की समयसीमा 2028 तक बढ़ा दी है जो पहले 2022 एवं फिर 2024 की गई थी। इससे साफ होता है कि केन्द्र सरकार ने पहले बिना प्लानिंग के इस योजना को शुरू कर दिया जिसके कारण इसकी समय सीमा बार-बार बढ़ाई जा रही है। राजस्थान की जनता को उम्मीद थी कि आज ERCP और यमुना जल समझौते को लेकर केन्द्र सरकार कोई बड़ी घोषणा करेगी और इन्हें राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देगी परन्तु पूरे बजट में राजस्थान राज्य का नाम तक ही नहीं लिया गया है। एक तरफ सरकार ने आयकर सीमा 12 लाख रु करने की घोषणा की है परन्तु इसे केवल नौकरीपेशा वर्ग तक सीमित किया है जबकि भारत में करोड़ों छोटे व्यापारी हैं जिन्हें इस छूट में शामिल करना चाहिए था क्योंकि वो पहले ही जीएसटी से परेशान हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

CMYK CMYK

# ऐलिवेटेड पुल निर्माण से हो रही परेशानी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर में नेशनल हाईवे पर बन रहे ऐलिवेटेड के निर्माण कार्य के अधूरें इंतजाम ने शहर के लोगों की समस्याऐं बढ़ती जा रही है। निर्माण के दौरान दिनभर उड़ती धूल ने लोगों का जीना दुभर कर दिया है। हाईवे के आस-पास की बसी कॉलानियों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे है। पुल का निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा कार्य शुरू करने से पूर्व न तो यातायात व्यवस्था को सुचारू निकासी को लेकर कोई ठोस रास्ते का विकल्प चुना ओर न ही उड़ती हुई धूल को लेकर रोकथाम को लेकर कोई ठोस कदम उठाया। ऐसे में हालात यह कि एक ओर हाईवे पर यातायात बाधित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्य के दौरान टूटी हुई सड़क से धूल उड़ रही है। शहर से गुजरने वाले हाईवे का हाल यह हो गया है कि सिंगल लाईन सड़क पूर्ण रूप से गड्ढ़ों में तब्दिल हो गई है। हाईवे की कंकरीट भी दिखाई नहीं दे रही है। जिसकी बदौलत हाईवे पर दुपहिया वाहन तो सिंगल लाईन से गुजरना भी संभव नहीं है।

### हाईवे से गुजरना खतरे से खाली नहीं

ऐलिवेटेड निर्माण के दौरान हाईवे से गुजरने के दौरान दुपहिया वाहन तो दूर चार पहिया वाहनो के गुजरना भी खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में लोग भारी परेशानी हो रहे है। सर्विस रोड़ पर बन रही सड़क पर खुदाई के पास न तो दिशा सूचक कोई बोर्ड लगा रहता है ओर न ही कंपनी का कोई सुरक्षा गार्ड खड़ा किया गया। ऐसे में वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी: देवल

## इंटर कॉलेज सॉटबॉल टूर्नामेंट का कोटड़ा में हुआ समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** कोटड़ा में संचालित निजी महाविद्यालय में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर का इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल टूर्नामेंट का समापन नारायणसिंह देवल पूर्व विधायक रानीवाड़ा के मुख्य आतिथ्य तथा प्रो डॉ रजनीकांत त्रिवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता सचिव एडवोकेट रघुनाथ विश्नोई ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जेएनवीयू से सम्बन्धता प्राप्त कुल 25 कॉलेज के तकरीबन 300 खिलाड़ी भाग ले रहे है। मुख्य अतिथि देवल ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए खेल को खेल की भावना से खेलते हुए आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में विवि स्तर की इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। तीन साल में दूसरी बार इंटर कॉलेज टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए श्रीहरि महाविद्यालय परिवार कोटड़ा का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित की। अध्यक्षता कर रहे डॉ रजनीकांत त्रिवेदी ने बताया कि ग्रामीण इलाके में किसी परेशानी के बिना टूर्नामेंट



सम्पन्न करवाने के लिए कॉलेज निदेशक एडवोकेट रघुनाथ विश्नोई का आभार प्रकट किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक भजनलाल विश्नोई ने बताया कि इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बांगड़ कॉलेज पाली ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय जोधपुर ने द्विवेदी तथा हरिटीटी कॉलेज कोटड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में के एन कॉलेज जोधपुर ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय कोटड़ा ने द्वितीय तथा श्रीहरि कॉलेज कोटड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हेमशंकर भारतीय सॉफ्टबॉल कोच, मनीष लोट बांगड़ कॉलेज पाली, कैलाश गहलोत, संयोजक घेवरचंद विश्नोई, हरिराम, मलाराम, पाबूराम, संस्थान अध्यक्ष हरिराम बिश्नोई, ओम प्रकाश जांगू, खंगाराराम खिचड़, नारायण गोदारा, प्रकाश जांगू मंडल अध्यक्ष करड़ा, सुभाष जाट, लाखाराम मेघवाल, किसनाराम खावा सहित कई ग्रामीणजन व खिलाड़ी मौजूद रहें।

## नए भारत की असीमित संभावनाओं को पूरा करने वाला बजट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के पूर्व विधायक एवं राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नारायणसिंह देवल ने कहा कि यह बजट नए भारत की असीमित संभावनाओं को पूरा करने वाला बजट है। बजट में नौकरी पेशा सरकारी कर्मचारियों को 12.75 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री करने से क्रय शक्ति बढ़ेगी। जिससे जीडीपी ग्रोथ होगी। स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड देश में नये रोजगार पैदा करेगा। मेडिकल में 75 हजार सीटें बढ़ाने से भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित होंगी। यह एक अद्भुत, शानदार, अतुलनीय बजट है।







# वार्षिकोत्सव उमंग में झलका उत्साह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोलाणा में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव उमंग का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में सहयोग करने वाले भामाशाह एवं विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह, समाजसेवी मुकेश कुमार चौहान, सरपंच गोविंदराम लोहार, थानाधिकारी गुमानसिंह भाटी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक गौत सिंह गहलोत आतिथ्य के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आगाज बालिकाओं ने नृत्य की प्रस्तुतियां देकर किया। समारोह में पूर्व छात्रों, (एलूमिनी मीट), भामाशाहों, शैक्षिक-सहशैक्षिक गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। समाजसेवी चौहान द्वारा विद्यालय में बास्केटबॉल कोर्ट बनाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को शानदार व सफल बनाने के लिए ग्रामवासियों व अतिथियों का प्रधानाचार्य दलपतसिंह देवल द्वारा आभार व्यक्त किया। पुनमसिंह देवड़ा कारलू प्रधानाचार्य जबरदान चारण, ओकरसिंह देवड़ा, उप सरपंच हिदाराम प्रजापत, दोलाराम चौधरी, कन्हैयालाल पुरोहित, शुंभसिंह चारण, अकाराम चौधरी, भावाराम देवासी, लीलाराम प्रजापत, जीवदान चारण, मुकेश कुमार सेन, सुरेश कुमार प्रजापत, मुकेश कुमार सुथार, दिनेश कुमार प्रजापत, घेवरचंद सुथार, सुरताराम प्रजापत, वनाराम चौधरी, भरत कुमार राणा, मंगलसिंह देवड़ा, रणछोड़राम देवासी, माधुसिंह कावावत, संतोष पुरोहित, ओबाराम मेघवाल आदि मौजूद थे।





## शोभायात्रा से हुआ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** चेकला में तीन दिवसीय नवनिर्मित ठाकुरजी भगवान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शनिवार को पहले दिन झरड़ेश्वर महादेव मठ डोरडा के महंत कुलदीपभारती के सानिध्य व महेन्द्रपालसिंह की उपस्थित में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर से रवाना होकर गांव के विभिन्न स्थानों से होकर पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर विसर्जित हुई। शोभायात्रा में महिलाओं ने मंगल गीत गाए तो युवक युवतियों ने गीतों पर नृत्य किया। शोभायात्रा में सुसज्जित रथनुमा वाहनों में लाभार्थी परिवार सवार हुए। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को रात्रि में विशाल भक्ति संध्या आयोजित होगी। जिसमें शैल बिहारी एंड पार्टी प्रस्तुतियां देंगे। प्रतिष्ठा के तीसरे दिन सोमवार को शुभ मुहूर्त में पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर में भगवान ठाकुरजी की प्राण-प्रतिष्ठा आयोजित होगी।

## दर्शनार्थियों का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जीवाना।** दूदवा से अयोध्या, प्रयागराज महाकुंभ, उज्जैन महाकाल एवं चित्रकूट सहित विभिन्न दर्शनीय स्थलों की यात्रा कर वापस गांव लौटने पर दर्शनार्थिंयों का ग्रामीणों ने स्वागत किया। अजबाराम, भगाराम चौधरी, अजबाराम एन, प्रताप चौधरी का रामदेव गोशाा के सामने जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी समेत ग्रामीणों ने स्वागत किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर के बड़सम मार्ग स्थिति निजी विद्यालय व महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक संध्या विरासत व वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रमोद कुमार चौधरी, उप अधीक्षक जेठूसिंह करणोत, सांचौर विश्नोई महासभा अध्यक्ष पूनमचंद, सुखराम खोखर, खेताराम विश्नोई, डॉ. सुरेश सागर, डॉ. मणिलाल, डॉ. राजूराम, यूथ कांग्रेस के महासचिव गौरव सारण, राजेश्वरी विश्नोई, मनोज सारण की मौजूदगी में आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय संस्कृति से जुडे शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार तरीके से आयोजन किया गया। छात्र व छात्राओं द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया। उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य है, सांस्कृतिक मंच बच्चों को आगे बढने का मौका देता है। डीएसपी करणोत ने कहा कि बच्चों में संयम के साथ रूचिगत शिक्षा की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालक रमेश धायल ने किया ।

## रेल मदद पोर्टल पर समस्याएं सुलझाने में अजमेर मंडल प्रथम स्थान पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अजमेर मंडल पर यात्री सुविधाऐं लगातार बढ़ाई जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा के मार्गदर्शन में यात्री सुविधाएं बढ़ने के साथ-साथ यात्रियों की ओर से आने वाली समस्याओं का भी शीघ्रता से निस्तारण किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री बीसीएस चौधरी के अनुसार अजमेर मण्डल द्वारा वितीय वर्ष अप्रेल-2024-25 मे जनवरी 2025 तक रेलमदद पोर्टल पर प्राप्त शिकायत निवारण की गुणवत्ता में सुधार करते हुए अजमेर मंडल भारतीय रेल्वे के समस्त मंडलों मे सबसे न्यूनतम असंतोषजनक फीडबैक मात्र 9.96 और अधिकतम एक्सीलेंट फीडबैक 76.01 लेकर प्रथम स्थान पर रहा। रेल मदद पोर्टल पर समस्याओं के निस्तारण की मॉनिटरिंग विशेष रूप से मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती मोनिका यादव द्वारा की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप अजमेर मंडल ने संपूर्ण भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## ब्लॉक स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीवाड़ा कला में ब्लॉक स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य मोहनलाल गोयल ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता, आशु भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं एकल गीत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे वह जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। निर्णायक प्रधानाचार्य भागीरथ विश्नोई, उपप्रधानाचार्य वगताराम प्रजापत, व्याख्याता निंबाराम, व्याख्याता महेंद्रसिंह दायमा, व्याख्याता विमला विश्नोई, टीकमचंद जीनगर, भोलाराम देवासी, जया कंवर देवड़ा, मोहिनी विश्नोई, उत्तमचंद गोयल, कृष्ण कुमार चौहान, चुन्नीलाल चौहान, रणछोड़राम पुरोहित, मुकेश कुमार, रमेश कुमार, जोशी रामनिवास, उम्मेदसिंह एवं शांतिबाई आदि मौजूद थे।

## पगलाएं श्वान के हमले से दस घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** डेरना व माताफली में पागल श्वान का आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। श्वान के हमले से दस ग्रामीण घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बुलेंस से आकराभटटा सीएचसी लाया गया। जहां चार घायलों को रेफर किया गया। डेरना व माताफली में पागल श्वान ने धर्मी देवी, लक्ष्मी व हीदाराम समेत दस लोगों पर हमला कर दिया। सभी घायलों को आकराभटटा उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। छह घायलों को छुटटी दे दी गई। जबकि, चार घायलों की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया।

## कोर्ट के क्लर्क ने की अवैध वसूली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** एसीजेएम कोर्ट के क्लर्क की ओर अधिवक्ता से रुपए की मांग करने व उसके क्लाइंट के खाते से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया हैं। अधिवक्ता की ओर से वकील मंडल में शिकायत की। इस पर संबंधित क्लर्क के खिलाफ कार्यवाही करने का प्रस्ताव लिया गया। वकील मंडल के उपाध्यक्ष भवरसिंहसिंह राव व सचिव भावाराम ने बताया कि एक फरवरी को अधिवक्ता हनवंतसिंह गुर्जर ने वकील मंडल के पदाधिकारी को लिखित में प्रार्थना पत्र पेश किया। जिसमें उन्होंने बताया कि गत 31 जनवरी को एसीजेएम कोर्ट के फौजदारी क्लर्क कमलेश ने तहरीर देने के एवज में उनसे अवैध रकम की मांग की। उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर जबरजस्ती उनके क्लाइंट के खाते से अवैध रूप से ऑन लाइन 300 रुपए वसूल कर ली। प्रार्थना पर वकील मंडल की बैठक रखी गई। बैठक में क्लर्क के खिलाफ उचित कार्यवाही का प्रस्ताव लिया गया। जिस पर वकील मंडल ने जिला न्यायाधीश के नाम एडीजे को रसीद के साथ भ्रष्टाचार से संबंधित प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। साथ ही वकील मंडल द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को मूल प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही करने का निर्णय लिया।

## ज्ञानोदय उत्सव व बसंत पंचमी महोत्सव आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** नामदेव सेवा मंडल छीपा समाज द्वारा संत शिरोमणि नामदेव महाराज का ज्ञानोदय उत्सव व बसंत पंचमी उत्सव रविवार को शहर के श्रीपंच महाजन भवन में किया जा रहा है। सवेरे शोभायात्रा का आयोजन होगा। इसके बाद समाज हितों पर चर्चा कर लाभार्थियों का सम्मान किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कोर्ट के दो कर्मचारियों को अनोखे अंदाज में दी विदाई

### न्यायाधीश रूपा गुप्ता ने दोनों कर्मचारियों को अपने वाहन में बैठाकर दी विदाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** लंबी सेवा के बाद रिटायर होना किसी भी कर्मचारी के लिए यादगार लम्हा होता है। इस लम्हे को और यादगार बनाने के लिए जिला मुख्यालय के न्यायालय में दो कर्मचारियों के सेवानिवृति पर जो दृश्य नजर आया वो अलग ही बया करने लगा। शुक्रवार को न्यायालय के वरिष्ठ मुंसरिम मांगीलाल एवं सहायक कर्मचारी कन्यादेवी के सेवानिवृति पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई के दौरान जिला न्यायाधीश रूपा गुप्ता ने अनूठी पहल करते हुए दोनों कर्मचारियों की ओर से डयूटी पर कार्यरत के समय में जो सम्मान उनके अधिकारी के रूप में जिला न्यायाधीश को दिया जाता रहा था, वहीं सम्मान उनके अनुशासन-सादगी से दोनों के राजकीय सेवा यात्रा पूरी होने पर उनकी सेवानिवृति पर जिला न्यायाधीश श्रीमती गुप्ता ने दिया गया। दोनों कर्मचारियों को न्यायाधीश गुप्ता ने अपने वाहन में बैठाकर छोड़ा गया। इसके बाद सभी ने धारेश्वर महादेव के दर्शन कर मंगल कामना की प्रार्थना की गई। इस दौरान न्यायालय में मौजूद हर किसी ने न्यायाधीश की इस पहल की तारीफ की। इससे पहले विदाई समारोह में जिला न्यायाधीश श्रीमती रुपा गुप्ता, विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो प्रकरण अनुप पाठक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश चावला, न्यायायिक मजिस्ट्रेट वीणा सुवालका समेत न्यायालय के कार्मिक मौजूद थे।






# आम बजट पेशः 'अगर आप एक लाख महीना कमाते हैं तो टैक्स नहीं देना पड़ेगा'

## केंद्रीय बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

***सिरोही।*** *वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में बजट पेश किया। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में इस बार कई बदलाव किए गए हैं, जिसके वजह से कई चीजों की कीमतों में कमी आई हैए जबकि कई चीजों की कीमतों में इजाफा हुआ है। बजट को लेकर लोगों की अलग अलग प्रतिक्रिया है।*

### इनकम टैक्स देने वालों को मिली राहत



राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने बताया कि अब 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई संकट नहीं आएगा। इनकम टैक्स देने वालों को बड़ी राहत देने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी। 100 जिलों को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि लोगो के लिए 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री होगी। देश में 200 डे-केयर कैसर सेंटर बनेंगे।

### मध्यम समेत सभी वर्ग को मिलेगा लाभ



सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा यह बजट गरीबों, मध्यम वर्गीय के लिए और सभी के लिए शानदार बजट है। शानदार बजट पेश करने के लिए पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। चौधरी ने बताया कि मोदी सरकार के बजट ने अच्छे बिंदुओं को उठाया है। जससे मध्यम वर्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत (किसान क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से लिए गए ऋण के लिए 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख कर दी है।

### उद्यमी महिलाओं को मिलेगा दो करोड़ का टर्म लॉन



भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने बताया कि यह बजट सामान्य नागरिक, विकसित भारत के मिशन को पूरा करने वाला है। ये बजट इन्वेस्टमेंट, कंजम्प्शन को बढ़ाएगा। इस पर डॉ भंडारी ने वित्त मंत्री और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। बजट 2025 नौकरीपेशा की 12.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री, निचले सभी स्लैब का टैक्स सरकार माफ करने, साथ ही अब सभी टैक्सपेयर्स पिछले 4 साल का रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे। महिलाओं के लिए उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन देने आदि घोषणाओं का स्वागत किया।

### विकसित राष्ट्र ओर श्रेष्ठ भारत की झलक




जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा कि यह बजट भारत में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए विकसित राष्ट्र बनाने की ओर श्रेष्ठ भारत की एक झलक है। गरीब कल्याणकारी मोदी सरकार का बजट अभिनंदनीय है। सभी वर्गों के उत्थान और देश के विकास के इस बजट से सभी लाभांवित होंगेए श्रेष्ठ और समृद्ध भारत का निर्माण होगा।

### विकसित भारत का प्रतीक है बजटः पुरोहित



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित ने बजट को विकसित भारत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व की सरकार का आम बजट विकसित भारत निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नौकरी पेशा लोगों के लिए नए टैक्स रिजीम में 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री करने की घोषणा से इस वर्ग के लोगों को काफी राहत मिलेगी। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी है। इसके अलावा देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी। जिससे देश के 100 जिलों को फायदा होगा। इसके अलावा डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लॉन देने की घोषणा की है। इससे इस व्यापार से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। इसके अलावा 75 हजार का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। साथ ही अब सभी टैक्सपेयर्स पिछले 4 साल का रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे। इससे पहले तक यह लिमिट 2 साल थी। वहीं सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है।



पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण के अनुसार 4 वर्ष का अपडेट आईटीआर भर सकेंगे। ई कार, मोबाइल, टीवी सस्ते होंगे। किसानों की क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख की गई। स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड का फण्ड बनेगा। 5 साल में मेडिकल और आईआईटी में सीट बढ़ेगी। यह बजट देश को आर्थिक ओर समाजिक रूप से आगे लेकर जाएगा।



भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि यह बजट विकसित भारत और प्रधानमंत्री मोदी के नए और ऊर्जावान भारत के सपने को पूरा करने के संकल्प के लिए है। यह एक कंप्लीट बजट है जो भारत को आगे ले जाएगा और न केवल भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि इसे विश्वगुरु के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री सीतारमण ने गरीबों, मध्यम वर्ग और सभी के लिए एक अद्भुत बजट पेश किया गया है।



भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सांभरिया के अनुसार मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग, किसान, व्यापारी, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए अनेक घोषणाएं की है।

### सस्ती लोकप्रियता एवं वाह वाही लूटने का बजट



पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने बताया कि यह बजट केवल सस्ती लोकप्रियता एवं वाह वाही लूटने का बजट है। आयकर में छूट का ढिंढोरा पीट कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। आम जनता को सबसे ज्यादा उम्मीद पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने या उनकी दरे कम करने की थी जो पूरी नहीं की गई।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमित जोशी के अनुसार बजट घोषणा से केंद्र का नहीं बिहार का बजट लग रहा है। टैक्स स्लैब की घोषणा भी मात्र छलावा है। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाजी वजीर पठान, पुखराज गहलोत, पार्षद सुमित जोशी, दिनेश मेघवाल, सुनील खोत, यूथ कांग्रेस के सचिव हैदर पठान, छात्र संघ उपाध्यक्ष राहुल बारोट, पूर्व पार्षद मोहम्मद असलम, हुसैन खान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमराराम गरासिया, निखिल जोशी आदि ने बजट को गरीब विरोधी करार दिया।



भाजपा के जिलामहामंत्री भुवनेश पुरोहित ने बताया कि बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बहुत ही शानदार प्रस्तुत किया है। जिसकी मुख्य थीम विकसित भारत विकास समावेशी और आत्मनिर्भर भारत पर है। देश को सशक्त बनाने में मध्यम वर्ग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐतिहासिक बजट विकसित भारत के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेन्द्र बाकलीवाल के अनुसार मोदी के तीसरे कार्यकाल में फाइनेंस मिनिस्टर ने मिडिल क्लास को शानदार तोहफा दिया हैं। मिडिल क्लास के लिए बहुत ही शानदार घोषणाएं की है। बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई को परमिशन देखकर बीमा के क्षेत्र में सुधार के भी रास्ते खोल दिए हैं।



होटल व्यवसायी अरविंद अग्रवाल के अनुसार बजट आमजन के साथ साथ हर वर्ग को बड़ी राहत पहुंचाने वाला उत्कृष्ट बजट है। इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिली है। सीनियर सिटिजस के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए की गई हैं। देश में 200 डे केयर कैसर सेंटर बनेंगे।






कांग्रेस की नगर अध्यक्ष नरगिस कायमखानी के अनुसार महिला वर्ग को इस बजट से कुछ नहीं मिला। उनकी रसोई का बजट महंगाई से बिगड़ चुका है। बजट में महंगाई पर नियंत्रण को लेकर कोई उपाय नहीं किए गए। करोड़ों ग्रामीणों को रोजगार देने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना को अधिक बजट की आवश्यकता को पूरा नहीं किया गया। युवा, किसान, मध्यम वर्गीय परिवार तो इस बजट से काफी उम्मीदें थी। लेकिन, इस बार भी उम्मीदें धरी रह गई है।

## जामठा को अलग ग्राम पंचायत बनाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** जामठा को अलग ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर शनिवार को रेवदर में तहसील के प्रतिनिधि प्रवीण कुमार को समाजसेवी समुद्रसिंह देवड़ा की अगुआई में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जुआदरा, जामठा, कोटडा खेडा तथा डेरली खेडा के ग्रामीणों ने बताया वे गुंडवाड़ा पंचायत के अधीन है। गुन्दवाडा क्षेत्रफल की दृष्टि से बडी ग्राम पंचायत है। जिसकी सीमा ग्राम पंचायत मण्डार,मगरीवाडा तथा पादर से सटी हुई है। जुआदरा, जामठा, डेरली खेड़ा तथा कोटडा के ग्रामीणों को गुन्दवाडा जाने के लिए करीब 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिलता है। ऐसे जामठा को ग्राम पंचायत बनाने पर आस पास के ग्रामीणों का कार्य भी आसान होगा।



## देवड़ा का सेवानिवृत्त समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** बजरंग ग्राम सेवा सहकारी मगरीवाड़ा व वरमाण समिति परिसर में शुक्रवार को व्यवस्थापक केशरसिंह देवड़ा का सेवानिवृत्त समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने देवड़ा का सम्मान किया। व्यवस्थापक थानसिंह इंद्रा रायपुर, मावाराम भाट मंडार, नारायणलाल भील, हितेश पंचाल, रूड़ाराम देवासी सोरड़ा, पुष्पेंद्रसिंह, राजूसिंह, भागवेंदरसिंह एवं शंकरलाल कोली समेत कई लोगों उपस्थित थे।

## अखण्ड दीप ज्योति कलश यात्रा का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** अखण्ड दीप ज्योति कलश यात्रा शुक्रवार को कस्बे में आगमन पर स्वागत किया गया। जिला संयोजक कन्हैयालाल पुरोहित, राव भोपालसिंह, हिम्मतमल सोनी, जवेरचन्द शर्मा, नगर संयोजक महिपाल गर्ग, समाजसेवी करुणाशंकर जोशी, सेसाराम गर्ग, सुरेश कुमार माली, भवरलाल माली, खुशाल परमार, मुकेश रावल, दिनेश सुथार एवं कैलाश कुमार आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष भंडारी के स्वागत में बिछाए पलक पावडे

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष रक्षा भंडारी का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी जिलाध्यक्ष बनने के बाद शुक्रवार को देवदर्शन को निकली। इस दौरान जगह जगह उनका स्वागत किया गया। भाजपा नगर मंडल द्वारा सिरोही के सारणेश्वर मंदिर परिसर में शनिवार को भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष भंडारी के निर्वाचन के बाद जिलेभर में स्वागत किया जा रहा है। मंदिर परिसर में भाजपा सिरोही मंडल के कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। रक्षा भंडारी ने कहा कि संगठन ने जो मुझ पर विश्वास जताया है। मैं उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगी। नगर मिडिया प्रभारी अमृत सुथार ने बताया की इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबूलाल सगरवंशी, नगर अध्यक्ष चिराग रावल, जितेंद्रसिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल चारण, मोर्चा जिलाध्यक्ष अमराराम प्रजापत, महिला जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा, विशनसिंह देवड़ा, नगर महामंत्री रामलाल मेघवाल, प्रकाश पटेल, नगर उपाध्यक्ष अजय भट्ट, गीता पुरोहित, मानक सोनी, गोविंद माली, नगर मंत्री राजेंद्रसिंह चौहान, गोविंद सैनी, कैलाश मेघवाल, इंदरसिंह मकवाना, प्रवीण राठौड़, गोविंदसिंह बारड़, दमयंती डाबी, शरीफ भाई, चुनीलाल पटेल, जब्बारसिंह, रोहित खत्री, जीतेन्द खत्री, रमजान खान आदि मौजूद थे।



नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ श्रीमती रक्षा भंडारी ने पावापुरी पहुंच कर भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन कर देश मे खुशहाली की मंगल कामना की। पावापुरी ट्रस्ट की ओर से उनका अभिनंदन किया।

पावापुरी ट्रस्ट के मेनेजिंग ट्रस्टी महावीर जैन ने स्वागत करते हुऐ भंडारी से कहा कि पार्टी ने उन्हें सुनहरा अवसर दिया है तो वे इस अवसर का पुरा फायदा जिले के विकास कार्यों को राज्य व केंद्र सरकार से स्वीकृति दिलाकर इस पिछड़े जिले को आगे बढ़ावे। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष दक्षा देवड़ा, राजेन्द्र रावल, नरपतसिंह राणावत एवं हेमलता पुरोहित आदि मौजूद थे।

### जागरुक गोशाला में किया जिलाध्यक्ष भंडारी का स्वागत



भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ रंक्षा भंडारी के जिरावल स्थित जागरूक गोशाला में आगमन के दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित के नेतृत्व में स्वागत किया गया। मुकेश पुरोहित, माधोसिंह, सुरेश पुरोहित, किशोर पुरोहित, मंछाराम, मगनलाल कोली, हरीश पंचाल, रमेश पुरोहित आदि मौजूद थे।

**रेवदर।** जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी के रेवदर पहुंचने पर सोशल मीडिया जिला संयोजक पूरण राव के नेतृत्व में स्वागत किया। भंडारी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला सह संयोजक आनंद वैष्णव, प्रवीण पंचाल, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल, प्रकाश राज रावल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री गणपतसिंह निंबोड़ा, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रमिला माली, भीकाराम चौधरी, मोंटू भाई चौधरी, महेंद्र चौधरी, अमृत चौधरी, जवाना देवासी, रवि मेघवाल, मुकेश जीरावल, यश गुरु, परवीन सेन, सलीम खान, वसीम अमानत अली, गोपाल सुथार रेवदर, दिनेश चौधरी, धर्मेंद्रसिंह देवल, विक्रम मेघवाल, शांति मेघवाल आदि मौजूद थे।





**पोसालिया।** सुखधाम में डॉ भंडारी का पूर्व मंडल अध्यक्ष भंवरलाल रावल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। नरपतसिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौर, विशनसिंह, कैलाशनगर मंडल अध्यक्ष मोहन पुरोहित, हंसराज पुरोहित, नरपतसिंह, पुखराज कुमावात, पंचायत समिति सदस्य जेताराम देवासी, मंडल महामंत्री राजेन्द्र कुमार माली ने ने भंडारी का स्वागत किया। इस दौरान भंडारी ने सभी कार्यकर्ताओ भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति अनुसार कार्य करने का आह्वान किया सभी बूथ अध्यक्ष का परिचय शंकर कुमावत ने करवाया। सोनाराम, श्री अभिमन्युसिंह, वसनाराम देवासी, नरसराम देवासी, सुरेश कुमार, जगदीश कुमावत, श्रवणसिंह, मदनसिंह, कालू मराज, भीमाराम कुमावत, रावराम भील, हंसाराम मीणा, खुमाराम मीणा, हजाराम, मोहनलाल खंडेलवाल आदी मौजूद थे। उधर, कैलाश नगर में प्रधान श्रीमती ललिता कंवर एवं समाजसेवी विशनसिंह देवड़ा ने भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी का स्वागत किया। अरठवाड़ा में भाजपाईयों एवं ग्रमीणों ने डॉ भंडारी का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विश्व के सबसे पार्टी के हम सभी कार्यकर्ता है। उन्होंने पार्टी के हर कार्यकर्ता के साथ खड़ी रहने का विश्वाश दिलाया। जिला परिषद सदस्य पदमा देवी, पंचायत समिति सदस्य छगनसिंह, जुजाराम मेघवाल, भरत जैन, मुकनसिंह, अजितसिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मानकाराम देवासी और नारायणसिंह, बलवंतसिंह, शैतानसिंह, गोविंद सुथार, सूमेरसिंह, श्रवणसिंह, हीरसिंह, प्रभुराम मीना, हडमतसिंह आदि मौजूद थे।

## करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** नवोदय विद्यालय में सिटिजनशिप स्किल्स एवं साइकोमेट्रिक एसेसमेंट एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं और करियर में सफलता के उपायों पर चर्चा की। अलीशा सिंघवी ने नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों की महत्ता को रेखांकित किया। कॉम्पिटिशन एक्सपर्ट कृष्णप्रतापसिंह ने कम्युनिकेशन स्किल्स और क्रिटिकल थिंकिंग की जरूरत को समझाया। रिमार्केबल एजुकेशन की संस्थापक डॉ. प्राची गौड़ ने नवोदय विद्यालय की जानकारी दी। नरेंद्रसिंह कसाना ने साइकोमेट्रिक एसेसमेंट एवं करियर काउंसलिंग पर जानकारी देते हुए विद्यार्थियों का एसेसमेंट टेस्ट करवाया। विद्यालय के प्राचार्य पी सेलवम ने इस प्रशिक्षण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। बीएल मीणा,श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती का सहयोग रहा।

## दो दिवसीय कार्मिक अभिमुखीकरण प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आदिवासी किशोर-किशोरियों के शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर दो दिवसीय कार्मिक अभिमुखीकरण आकराभटटा में आयोजित किया गया। पहले दिन प्रतिभागियों को सीखने के अनुकूल वातावरण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन सलीम, मुरारीलाल थानवी, अरुण दीक्षित, ओमप्रकाश द्विवेदी, रजनी शर्मा व नरसाराम सोलंकी ने किया। इस दौरान वंचित समुदायों तक शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रभावी विस्तार की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में 45 सहभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपने अनुभव साझा किए।

## कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**कालंद्री।** भूतगांव के भूतेश्वर महादेव मंदिर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की पहली बैठक का आयोजन किया गया। जिसको सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि किसी भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विकट समस्या हो, प्रशासन को जगाना हो तो आप किसी भी जगह धरना रखों, में स्वयं आऊंगा। लोगों की समस्या की सुनवाई होनी जरुरी है। आज भाजपा के राज में गरीबों की कोई सुनने वाला नही है। लोढा ने कहा कि भाजपा के राज में भाजपा के कार्यकर्ता अधिक दुखी है। उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस के बिजली की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन के बाद लोगों को कनेक्शन हुए, खंभे आए, ट्रांसफार्मर लगे, जीएसएस का कार्य शुरू हुआ। लोढा ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे लोगों की सेवा के लिए प्रयास करें। पूर्व प्रधान नितिराजसिंह देवड़ा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष तेजाराम मेघवाल, पूर्व पीसीसी सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य हिम्मत भाई सुथार,युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश मीणा, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मोहन भाई सिरवी, ब्लॉक अध्यक्ष रतनलाल माली ने सम्बोधित कर भाजपा द्वारा एक वर्ष की नाकामी को उजागर किया।

## रूप सिंह पुरोहित विप्र सेना महाराष्ट्र के सहप्रभारी

**मुंबई।** रूपसिंह हनुमाण सिंह पुरोहित को विप्र सेना महाराष्ट्र का सहप्रमारी मनोनीत करने पर सेना के समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर की है। हुए हमें अति प्रसन्नता है। आशा है आप विप्र सेना के लिए सकारात्मक ऊर्जा से कार्य करेंगे। विप्र सेना महाराष्ट्र के प्रभारी अश्विनी तिवारी न्याय प्रतिबद्धता, स्वाभिमान रक्षा एवं पीड़ित को संरक्षण के उद्देश्यों से प्रेरित ब्राह्मण समाज के प्रगतिशील संगठन विप्र सेना की गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित एवं विस्तृत आकार ले रही है। आप विप्र समाज के सक्रिय एवं यशस्वी व्यक्ति है आपके व्यक्तित्व ने संस्था को लाभान्वित ही नहीं गौरवान्वित भी किया है। इसी आशा के साथ श्री रूपसिंह हनुमाण सिंह पुरोहित जी को विप्र सेना महाराष्ट्र सहप्रमारी मनोनीत करते हुए हमें अति प्रसन्नता है। आशा है आप विप्र सेना के लिए सकारात्मक ऊर्जा से कार्य करेंगे।

# ग्रामीण भारत का चेहरा बदलने वाला बजट : सीएम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** देश के मध्यम वर्ग के लिए स्वप्न जैसा बजट शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया। 12 लाख तक की आय कर मुक्त करके मध्यम वर्ग को एक बड़ी राहत दी गई। ग्रामीण भारत का चेहरा बदलने वाला और नागरिक केंद्रित निवेश को प्रोत्साहन देने वाला यह बजट है, ऐसी प्रतिक्रिया मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज मीडिया से बातचीत में व्यक्त की। केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में ले जाने वाला, सर्वसमावेशी और विकसित भारत का ऐतिहासिक बजट है। यह बजट अर्थव्यवस्था को और अधिक प्रगतशील बनाएगा। अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने वाला, मध्यमवर्गीय, वेतनभोगी, युवा और किसान, मजदूर सभी को राहत देने वाला है। इस बजट के प्रावधानों से महाराष्ट्र की कई महत्वाकांक्षी नीतियों को बल मिलेगा।



### कर योग्य आय सीमा ऐतिहासिक निर्णय

प्राप्ति कर की सीमा बढ़ाने से वह पैसा अर्थव्यवस्था में आएगा और इससे मांग बढ़ेगी। कर योग्य आय की सीमा सात से बढ़ाकर 12 लाख करना एक ऐतिहासिक निर्णय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही यह सीमा ढाई लाख से बढ़ाकर सात लाख की गई थी। अब इसे बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है। यह यात्रा निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए प्रभावी है। इससे अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनेगी।

### बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

■ इस बजट में कृषि क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। देश के 100 जिलों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना, तेल बीज उत्पादन को प्रोत्साहन, इसमें शत-प्रतिशत माल खरीद की नीति से किसानों के लिए एक बड़ी सुविधा उपलब्ध हुई है। मछुआरों को अब पांच लाख रुपए तक का ऋण बिना ब्याज के मिलेगा। इससे उन्हें व्यापार बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलेगा। ऐसी उम्मीद है। कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा, ऐसे निर्णयों से कृषि और किसानों के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

### स्टार्टअप को 20 करोड़ की ऋण सीमा

■ युवा उद्यमियों के लिए एमएसएमई क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उनके लिए ऋण सीमा और आवृत्ति के मानदंड बढ़ाने का निर्णय महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र स्टार्टअप की राजधानी है। स्टार्टअप के लिए 20 करोड़ रुपए की ऋण सीमा कर दी गई है। इससे स्टार्टअप की इकोसिस्टम मजबूत होगी। विभिन्न स्टार्टअप और उनके माध्यम से होने वाले रोजगार के अवसरों से हमारे राज्य का इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत होगा।

### तैयार की जा रही नई इंफ्रास्ट्रक्चर नीति

■ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास के लिए नई इंफ्रास्ट्रक्चर नीति तैयार की जा रही है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए राज्यों को 50 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजना का भी राज्य को सर्वाधिक लाभ हुआ है और इस बजट में भी इस मामले में राज्य आगे होगा। पीपीपी परियोजनाओं से निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। कुल मिलाकर यह बजट देश को आगे ले जाने वाला, देश प्रगतिशील और समावेशी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

### मीडिया के सवाल का जवाब

बजट में महाराष्ट्र के लिए क्या है तो सीएम फडणवीस ने कहा कि, कुछ प्राथमिक जानकारी मेरे पास आई है, उसके अनुसार, महाराष्ट्र रूरल कनेक्टिविटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट के लिए 683 करोड़, महाराष्ट्र एग्री बिजनेस प्रोजेक्ट के लिए 100 करोड़, इकोनॉमिक क्लस्टर के लिए 1094 करोड़, लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के लिए 186 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

शिंदे का 'ऑपरेशन टाइगर'

## एमवीए के कई नेता ज्वॉइन कर सकते शिवसेना!

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (**एमवीए**) को झटका देने के लिए एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 'ऑपरेशन टाइगर' को एक्टिवेट कर दिया है। शिवसेना सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस के पूर्व विधायक रविंद्र धंगेकर (पुणे - कसबा सीट) और शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व विधायक महादेव बाबर (पुणे - हडपसर सीट), पूर्व विधायक सुभाष बने (रत्नागिरी - संगमेश्वर सीट), पूर्व विधायक गणपत कदम (रत्नागिरी- राजापूर सीट), पूर्व विधायक चंद्रकांत मोकाटे( पुणे- कोथरुड सीट) सहित **एमवीए** के कुछ अन्य बड़े नेता मौजूदा विधायक शिवसेना के संपर्क में हैं।



### ऑपरेशन की जिम्मेदारी उदय सावंत को

इन नेताओं से बातचीत शुरुआती दौर में चल रही है। यह नेता जल्द शिवसेना का दामन थाम सकते हैं। वहीं, रविंद्र धंगेकर ने सफाई दी है कि वह निजी काम के सिलसिले में एकनाथ शिंदे से मिले थे। 'ऑपरेशन टाइगर' की जिम्मेदारी मंत्री उदय सामंत को दी गई है।

## महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग की परीक्षा आज

### दो लाख 86 हजार उम्मीदवार देंगे परीक्षा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** दो फरवरी को आयोजित की जाने वाली महाराष्ट्र गट-ब (अराजपत्रित) सेवा संयुक्त पूर्व परीक्षा 2024 को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए आयोग पूरी तरह से तैयार है। यह जानकारी महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग की सचिव डा. सुवर्णा खरात ने किया। महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग के बेलापुर, नवी मुंबई स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कहा कि दो फरवरी को होने वाली 'महाराष्ट्र गट-ब (अराजपत्रित) सेवा संयुक्त पूर्व परीक्षा-2024' की प्रश्नपत्रिका पूर्व में उपलब्ध कराए जाने से संबंधित समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें पूरी तरह गलत हैं। सभी प्रश्नपत्रिकाएं सख्त सुरक्षा इंतजामों के तहत सुरक्षित रखी गई हैं। कुछ मोबाइल नंबरों से उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का लालच देकर पैसों की मांग की जा रही है। इस मामले में महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग ने पुणे पुलिस आयुक्त के पास शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग और पुणे पुलिस आयुक्तालय की ओर से इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उम्मीदवारों से अपील की कि यदि उन्हें इस तरह के फोन कॉल्स प्राप्त होते हैं, तो वे contact-secretary@mpsc.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इस परीक्षा के लिए कुल दो लाख 86 हजार उम्मीदवार उपस्थित होंगे। परीक्षा के सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और पुख्ता व्यवस्था की गई है।

■ महाराष्ट्र गट-ब (अराजपत्रित) सेवा संयुक्त पूर्व परीक्षा 2024
■ आयोग की सचिव डा. सुवर्णा खरात ने दी जानकारी




## 124 एनसीसी कैडेट सम्मानित

### राज्यपाल ने राजभवन में कैडेटों को दी बधाई

मुंबई। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने एनसीसी महाराष्ट्र निदेशालय के 124 कैडेटों को सम्मानित किया, जिन्होंने नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर 2025 में भाग लिया था। राजभवन में कैडेटों से बातचीत करते हुए उन्होंने सभी कैडेटों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। समारोह के दौरान एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र के एडीजी मेजर जनरल योगेंद्र सिंह, वीएसएम और निदेशालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। एनसीसी कैडेटों को अपने संबोधन में राज्यपाल ने युवाओं में ईमानदारी, देशभक्ति, धर्मनिरपेक्षता और अनुशासन के मूल्यों को विकसित करने में एनसीसी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया। उन्होंने सामाजिक जागरूकता फैलाने और विकासात्मक गतिविधियों में योगदान देने में एनसीसी कैडेटों के प्रयासों की प्रशंसा की, जिसका महाराष्ट्र के नागरिकों के साथ-साथ पूरे देश पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

जिजाबाई उद्यान में मुंबई पुष्पोत्सव

## पुष्पोत्सव का आनंद लें मुंबईकर : भूषण गगराणी

### वार्षिक उद्यान विद्या प्रदर्शनी का उद्घाटन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई पुष्पोत्सव, अर्थात वार्षिक उद्यानविद्या प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी ने नागरिकों से इस उत्सव का आनंद लेने की अपील की। भायखला (पूर्व) स्थित वीरमाता जिजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान और प्राणिसंग्रहालय में लगातार तीन दिनों तक चलने वाले मुंबई पुष्पोत्सव का आयोजन किया गया है। इस वर्ष पुष्पोत्सव की संकल्पना भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों को फूलों के माध्यम से दर्शाने पर आधारित है। प्रदर्शनी में फूलों के पौधों के साथ विभिन्न प्रजातियों की वनस्पतियां, फलदार वृक्ष, औषधीय एवं सुगंधित पौधे, लताएं, सब्जियों




और मसालों के पौधे प्रदर्शित किए गए हैं। इस भव्य आयोजन को बड़ी मेहनत और रचनात्मकता से सजाया गया है।

### आज सभी के लिए खुला रहेगा महोत्सव

शनिवार और रविवार को यह पुष्पोत्सव सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। यह वार्षिक उद्यान विद्या प्रदर्शनी का 28वां वर्ष है, जो 31 जनवरी, 1 फरवरी और 2 फरवरी तक सभी के लिए खुला रहेगा।

### विशेष कक्ष और बिक्री केंद्र

पुष्पोत्सव में देशी-विदेशी पौधों की बिक्री के लिए विशेष स्टॉल खोले गए हैं। इसके अलावा कृषि संबंधी उपकरण, कीटनाशक, छिड़काव यंत्र और अन्य कृषि उपकरणों की बिक्री के लिए 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

### पहले दिन उमड़ी भारी भीड़

मुंबईकर हर वर्ष इस पुष्पोत्सव का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस वर्ष भी पहले दिन भारी भीड़ उमड़ी। मुंबई और उपनगरों के स्कूली छात्र, पर्यावरणविद, फोटोग्राफर और बागवानी प्रेमी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे। उद्घाटन के पहले ही दिन बड़ी संख्या में नागरिकों ने इस भव्य आयोजन की सराहना की।

# आम बजट को सबने सराहा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र स्टार्टअप की राजधानी है। स्टार्टअप के लिए 20 करोड़ रुपये की ऋण सीमा कर दी गई है। इससे स्टार्टअप की इकोसिस्टम मजबूत होगी। विभिन्न स्टार्टअप और उनके माध्यम से होने वाले रोजगार के अवसरों से हमारे राज्य का इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत होगा। इसके बाद उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र को केंद्रीय बजट में क्या मिला है।फडणवीस ने कहा कि कुछ प्राथमिक जानकारी मेरे पास आई है। उसके अनुसार महाराष्ट्र रूरल कनेक्टिविटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट के लिए 683 करोड़, महाराष्ट्र एग्री बिजनेस प्रोजेक्ट के लिए 100 करोड़, इकोनॉमिक क्लस्टर के लिए 1094 करोड़, लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के लिए 186 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सीएम फडणवीस ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को विकसित भारत बजट करार दिया।

**मुंबई मेट्रो:** 1255.06 करोड़
**पुणे मेट्रो:** 699.13 करोड़
**एमयूटीपी:** 511.48 करोड़
**नागानदी सुधार परियोजना:** 295.64 करोड़
**मुला-मुथा नदी संरक्षण:** 229.94 करोड़



वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का हम स्वागत करते है। इस बजट में मासमा द्वारा पूर्व प्रस्तावित मांगों में टीसीएस को रद्द करना व आयकर स्लैब में 25 प्रतिशत स्लैब को हटाना यह दो मांगों से राहत मिलने की स्थिति में सभी मेटल व्यवसायियों के लिए यह एक सुखद समाचार है। आयकर में आम आदमी की पूर्णतः राहत मिलनेसे और बजट को पूर्ण रूप से देखेंगेतो यह एक समाधानी बजट कहा जा सकता है। वित्तमंत्री द्वारा वर्तमान हालात को मध्य नजर रखते हुए यह बजट पेश किया गया है।



चंदन भंसाली, मासमा अध्यक्ष

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 8वें बजट में पहली बार 12 लाख तक की आय वालों को करमुक्त रखा है। इसमें अधिकतर मध्यम वर्ग के व्यापारी आ जाते हैं। वित्त मंत्री ने इस बार स्वास्थ्य ,छात्र ,एमएसएमई व किसान आदि समस्त वर्गों को ध्यान में रखकर बजट बनाया है। भारत के इतिहास में महिला वित्त मंत्री ने लगातार 8वीं बार बजट पेश किया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।



ओम प्रकाश ढाका। स्टील व्यवसाई मुंबई।

हिन्दुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील गाडिया ने बताया कि बजट में किसानों से लेकर आम आदमी का ध्यान रखा गया है। मध्यम वर्गीय का विशेष ध्यान रखा गया। आयकर में छूट की सीमा 12 लाख तक करने तथा टैक्स स्लॅब में टैक्स दर कम करने तथा सीनीयर सीटीजन को टीडीएस कटौती की सीमा 50 हजार से बढाकर 1 लाख करने से एवं टीडीएस सरलीकरण करने का प्रस्ताव का स्वागत किया। बजट में एमएसएमई व स्टार्टअप पर ज्यादा फोकस किया है, जिससे मेन्युफैक्चरींग बड़ेगा जिससे देश का आर्थिक विकास होगा।



सुशील गाडिया

बजट में समाज के सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा हैं खासकर सैलरी पाने वाले कर्मचारियों को बड़ी राहत दी हैं । मैन्युफ़ैक्चरिंग यूनिट , एमएसएमई और स्टार्ट अप को बड़ा बूस्ट अप मिलेगा ।टैक्स की बड़ी राहत के साथ साथ ग्रामीण विकास , शिक्षा , एग्रीकल्चर से लेकर सबके लिये समुचित बजट की व्यवस्था की हैं । हाउसिंग पालिसी में बदलाव एक बड़ा निर्णय हैं ,कुल मिलाकर यह बजट देश के प्रत्येक नागरिक को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट हैं ।



गजेंद्र भंडारी (अध्यक्ष विले-पारले मार्बल डीलर एसोसिएशन)

नई टैक्स रिजीम में सालाना 12 लाख तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। सैलरी क्लास के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हज़ार रुपए ही रखा गया है, इस लिहाज़ से सैलरी क्लास की 12 लाख 75 हज़ार रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री होगी। मध्यम वर्ग की हमेशा यही माँग थी कि कम से कम 10,00,000 तक छूट मिले ताकि मध्यम वर्ग कुछ पैसा बचत कर सके। मोदी सरकार मध्यम वर्ग पर मेंहरबान है।



अभिषेक तिवारी (सीए) पूर्व अध्यक्ष वसई ब्रांच - आईसीएआई

"बजट ने एकदम सही कदम उठाया है, 12 लाख रुपए प्रति वर्ष तक की आय को पूरी तरह से इनकम टैक्स फ्री करके मिडल क्लास को बहुत बड़ी राहत दी है। यह मिडल क्लास का सबसे बड़ा हिस्सा है। इससे 24 लाख रुपए तक की आय पर टैक्स का बोझ भी काफी कम हो गया है। हमने एक वर्ल्ड-क्लास टैक्स सिस्टम की ओर निर्णायक कदम उठाया है जो सरल, पारदर्शी और टैक्सपेयर फ्रेंडली होगा। ये टैक्स परिवर्तन की भावना अर्थव्यवस्था के अन्य हिस्सों में भी दिखाई देने वाली है, जिसके नींव 'ट्रस्ट और सेल्फ-सर्टिफ़िकेशन' हैं।



अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता लिमिटेड

## विकसित भारत की दिशा में संतुलित और प्रभावी बजट

■ **मुंबई।** मोदी सरकार का यह बजट व्यापार, उद्योग और मध्यम वर्ग को राहत देने वाला साबित हो रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद, सरकार ने आर्थिक विकास को गति देने वाले ठोस प्रावधान किए हैं।

■ **मुख्य बिंदु:**

■ **व्यापार और उद्योग को राहत:** स्क्रैप मेटल पर कस्टम ड्यूटी का सरचार्ज हटाया गया, जिससे स्टील व अन्य धातु उद्योगों को लाभ मिलेगा। 0.1% टीसीएस हटाने से व्यापारियों को नकदी प्रवाह में राहत मिलेगी।

■ **मध्यम वर्ग के लिए कर में राहत:** 12 लाख तक की आय पर कर छूट, जिससे उपभोग और बचत को बढ़ावा मिलेगा।

■ **इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश:** रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह, हाईवे के विस्तार से उद्योग और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

■ **रियल एस्टेट को मजबूती:** दो घर रखने की अनुमति से आवासीय क्षेत्र और निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

■ **संतुलित और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण:** व्यापार को सरल बनाने, मध्यम वर्ग को सशक्त करने और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश कर "विकसित भारत" की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया गया है।



जितेंद्र शाह, (फाम अध्यक्ष)

"बजट ने भारत के एमएसएमई और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अलावा, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश सीमा को 2.5 गुना बढ़ा दिया गया है, जिसका अर्थ है कि व्यवसाय अब अधिक निवेश कर सकते हैं। एमआरओ क्षेत्र के लिए 500 करोड़ का आवंटन और जहाज निर्माण के लिए 25,000 करोड़ का कोष स्थापित करना भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अमेय बेलोरकर - फंड मैनेजर - महाराष्ट्र और एयरोस्पेस वेंचर फंड

इस बजट में सभी लोगों का ध्यान रखा गया है। विशेकर मध्यम वर्ग का जो साबित करता है कि यह बजट आम आदमी को ध्यान में रख कर बनाया गया है व्यापारी वर्ग का भी ध्यान रखा गया है। हम सभी इस बजट का स्वागत करते हैं।



संदीप डालमिया (भायंदर)



सीए मांगीलाल बिश्नोई

मुंबई। केंद्रीय बजट 2025-26, तीव्र आर्थिक विकास और लोककल्याण की चिंता करने वाला एक बेहद संतुलित बजट है। 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक आर्थिक सुधारों का मार्ग प्रशस्त करने के अलावा, यह बजट लंबे समय तक उच्च विकास दर को कायम रखने हेतु स्पष्ट नीतिगत संरचना प्रदान करता है। किसान, युवा, गरीब और महिला वर्ग के कल्याण पर विशेष बल देने वाला यह बजट आधारभूत संरचना के विकास में निवेश को बढ़ावा देता है। मोदी सरकार के पूर्व के वर्षों के बजट की तरह इस वर्ष के बजट में भी आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे हर सिर पर छत, हर घर में नलजल और बिजली की सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया गया है। आयकर व्यवस्था को करदाताओं के लिए सरल और सुगम बनाने के लिए इसी बजट सत्र में नए आयकर कानून को लाने का प्रस्ताव स्वागतयोग्य है। आयकर की दरों में बदलाव द्वारा 12 लाख रुपए (नौकारीपेशा के लिए 12.75 लाख रुपए) तक की आय वाले करदाताओं पर प्रभावी रूप में शून्य आयकर लगने, मकान से आय स्रोत के तहत दो घरों को स्वयं उपयोग के लिए बताकर शून्य आय दिखाने तथा मकान भाड़े से आय पर टीडीएस मुक्त आय सीमा को छह लाख रुपए करने से मध्यमवर्ग, खासकर नोकारीपेशा लोगों को बड़ी राहत प्रदान की गई है।

# जल साक्षरता अत्यंत महत्वपूर्ण : संजय बेलसरे

**मुंबई।** जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधन जल का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए जल साक्षरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। जल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण के साथ-साथ कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए, ऐसे निर्देश राज्य स्तरीय जलसाक्षरता समन्वय समिति की बैठक में दिए गए। राज्य स्तरीय जलसाक्षरता समन्वय समिति की समीक्षा बैठक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव (लाक्षेवी) डा. संजय बेलसरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अभियंता (पा) एवं सह सचिव संजीव टाटू, उप सचिव (लाक्षेवी) एवं सदस्य सचिव महेंद्रकुमार वानखेड़े उपस्थित थे। वहीं, यशदा के उपमहानिदेशक मल्लिनाथ कलशेट्टी, परियोजना उपसंचालक, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, यशदा पुणे के पुसावले और अन्य संबंधित अधिकारी दूरदृश्य संवाद प्रणाली के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। जल सेवक, जलदूत, जलप्रेमी, जलयोद्धा, जलनायक और जलकर्मियों को जल प्रबंधन की समुचित जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। जल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों, महाविद्यालयों और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से विविध कार्यक्रम संचालित किए जाएं, ऐसे निर्देश बैठक में दिए गए।

विकास परियोजनाएं तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश

## फॉरेंसिक मामलों के विश्लेषण में 40 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई।** न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला निदेशालय में वर्ष 2024 के दौरान फॉरेंसिक मामलों की प्राप्ति में 22 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। प्राप्त मामलों की संख्या जनवरी 2024 में 20,658 थी, जो दिसंबर 2024 में बढ़कर 25,258 हो गई। इसी के साथ, मामलों के विश्लेषण की क्षमता में भी महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। जनवरी 2024 में 16,010 मामलों का विश्लेषण किया गया था, जो दिसंबर 2024 में बढ़कर 22,770 हो गया। इस अवधि में विश्लेषण किए गए रिपोर्टों की संख्या में 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

इस बढ़ती संख्या को संभालने और मामलों का त्वरित निपटारा करने के लिए न्यायवैद्यक प्रयोगशाला निदेशालय ने भर्ती और आधुनिक तकनीक पर विशेष ध्यान दिया है। निदेशालय लंबित मामलों के समाधान के लिए विशेष उपाय कर रहा है। फॉरेंसिक क्षमताओं के विस्तार और साइबर फॉरेंसिक विश्लेषण की गति बढ़ाने के लिए सेमी-ऑटोमैटिक प्रोसेसिंग सॉल्यूशन और डिजिटल फॉरेंसिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर काम किया जा रहा है।

■ जनवरी 2024 में 20,658 थी, जो दिसंबर में बढ़कर 25,258 हो गई

### 2024 में 53 पदों पर की भर्ती

वर्ष 2024 में निदेशालय ने 53 पदों पर भर्ती की है, जिसमें दो उपनिदेशक, तीन सहायक निदेशक, 33 सहायक रासायनिक विश्लेषक और 15 वैज्ञानिक अधिकारी (साइबर) के पद शामिल हैं। इसके अलावा, महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से 17 सहायक निदेशकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। साथ ही, वर्ग तीन कर्मचारियों की भी भर्ती की जा रही है। आवश्यकता के अनुसार संविदा कर्मियों की भर्ती की जा रही है, जिसमें 170 फॉरेंसिक पद और वर्ग चार के 166 पद संविदा पद्धति से भरे गए हैं। शेष पद राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के माध्यम से भरे जाएंगे।

## भजन संध्या का आयोजन

**राजसमंद.** बालकृष्ण विद्या भवन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकरोली स्थित राड़ाजी बावजी परिसर में शुक्रवार रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। हनुमंत राड़ाजी मित्र मंडल की ओर से भजन संध्या का शुभारंभ गायक नयन नंदवाना ने गणपति वंदना के साथ किया। इसके बाद नागौर के गायक महावीर सांखला ने बालाजी महाराज का भजनों की प्रस्तुतियां दी। सांखला ने इसके साथ ही अन्य कई मधुर भजन प्रस्तुत किए। मध्य रात्रि में डीजे किंग के रूप में प्रसिद्ध भीलवाड़ा के गायक मंच पर आए प्रस्तुतियां दी।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पुण्य स्मृति पर भोजन वितरण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर अशोक कुमार शर्मा व राजेश कुमार शर्मा के सौजन्य से स्वर्गीय श्यामसुंदर शर्मा की पुण्य स्मृति पर आशा का झरना स्कूल में मूक बधिर बच्चों को भोजन वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेकेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, ओमप्रकाश ककरानिया, रामगोपाल शर्मा, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, बिहारीलाल सैनी, प्रदीप कुमार शुक्ला, मुबारक अली पहाड़ियान एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व वीर वीराएं उपस्थित रहे।

### खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** झुंझुनूं रोड स्थित एमडी लिटिल फ्लॉवर स्कूल में शनिवार को विद्यालय में खेल सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल चेयरमैन सुनिल कुमार डांगी व डायरेक्टर समित डांगी ने किया। उन्होंने जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। डांगी ने कहा कि डिजिटल होती दुनिया में बच्चे इनडोर गेम्स अधिक पसंद कर रहे है। ऐसे में घर से बाहर निकल कर मैदान में खेलने से उनका मानसिक व शारीरिक विकास भी सुनिश्चित हो सकेगा। प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण करवाई। शर्मा ने बताया कि खेल सप्ताह के दौरान कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, क्रिकेट, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद चम्मच दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। मैदान में मौजूद बच्चों ने खेलों का खूब आनंद लिया। इस दौरान कोर्डिनेटर उदित योगी, दीपाली शर्मा, सुनिल श्योराण, मनीष शर्मा, मनीषा योगी, पायल गोयल, रोमिल, निधि शर्मा, ज्योति, रजनीकांत, अंजना, सरिता, आरती, अमन, अनिता जांगिड़, पायल, अमितांश, पुष्पा, बबिता लाटा, निर्मला शर्मा, कोमल, मंजू, भूपेंद्र, सोनाक्षी, नीरज आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### विवेकनंद क्रिकेट कप सीजन 2 प्रतियोगिता का शुभांरभ

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**खेतड़ी।** उपखंड के ऐतिहासिक पोलो ग्राउंड में शनिवार को विवेकानंद क्रिकेट कप सीजन 2 प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी लीलाधर सैनी द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों का परिचय करते हुए खेलों के महत्व के बारे में बताया तथा क्रिकेट प्रेमियों का हौंसला बढाया। इस अवसर पर पार्षद बेणीशंकर सैनी, पूर्व पार्षद लक्ष्मण सैनी, अमित सैनी, सुनिल सैनी, मोहित सैनी, गोविंद सैनी, महेश, मोनू, अनिल, ललित व जितेंद्र सैनी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। क्रिकेट प्रतियोगिता में कमेंट्री विक्रम सैनी द्वारा की गई। प्रथम मैच सिंघाना क्रि केट क्लब व खेतड़ी क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें खेतड़ी क्रिकेट क्लब टीम विजेता रही।

### स्कूल में बसंत पंचमी का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सूरजगढ़।** टैगोर पब्लिक स्कूल में शनिवार को बसंत ऋतु के आगमन के उपलक्ष में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य रणधीर सिंह एवं उप प्राचार्य बलवान भास्कर ने बताया कि विद्यालय कोर्डिनेटर मोनिका दड़िया के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वंशिका के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई और विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों मैनेजिंग डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत, संतोष सिवानीवाल, दिलीप खेदड़, रोशनलाल सैन की उपस्थिति में विधिवत रूप से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। ऋतुराज बसंत के बारे में छात्राओं दिव्यांशी एवं दीक्षा काजला ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व मौसम वैज्ञानिक सुरेंद्र अहलावत ने सभी बच्चों को मां सरस्वती से विद्यार्जन में आशातीत सफलता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद ग्रहण करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को तिलक लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

### स्पोर्ट्स मीट का समारोह का समापन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** स्पोटर्स जोन एकेडमी में चार दिवसीय 28 से 31 जनवरी को विभिन्न खेलों का समापन समारोह हुआ। एकेडमी के डायरेक्टर राकेश सैनी ने बताया कि समापन समारोह में सभी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अतिथियों ने मैडल व सर्टिफिकेट देखकर सम्मान किया व मुख्य अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए यह बताया कि ये खिलाड़ी आगे जाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का नाम रोशन करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर से विवेकानंद रहे। विशिष्ट अतिथि चिड़ावा एपीएस स्कूल से प्रिंसिपल सुनिल श्रीवास्तव व एकेडमी हैड मनमोहन शर्मा, एकेडमी के कोच अमित, गुरुदयाल सैनी, संदीप शेखावत व पवन जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

### झुंझुनूं के दिवांशु ने फ्रांस में जीता गोल्ड मैडल

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** फ्रांस में आयोजित अंतराष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट की प्रतियोगिता में झुंझुनूं के दिवांशु चावला ने इटली की तरफ से खेलते हुए गोल्ड मैडल जीता। दिवांशु के पिता जगदीश कुमार चावला अप्रवासी भारतीय हैं। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी से 25 जनवरी तक फ्रांस में मिक्स मार्शल आर्ट कि प्रतियोगिता हुई। जिसमें दिवांशु चावला ने गोल्ड मैडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। अप्रवासी भारतीय भरत बुंदेला ने बताया कि दिवांशु का इटली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष....टैक्स स्लैब बदला

**ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की घोषणा** -वित्त मंत्री ने बिहार में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का ऐलान किया ताकि भविष्य की जरूरतों को पूरा किया जाए। पटना एयरपोर्ट और ब्राउन फील्ड एयरपोर्ट बिहटा से यह प्रोजेक्ट अलग होगा। माना जा रहा है कि यह कहां बनेगा, इस पर बिहार की नीतीश कुमार सरकार से प्रस्ताव लिया जाएगा। मतलबए राज्य सरकार इस पर फैसला लेगी।

**आईआईटी पटना का होगा विस्तार**-बजट में वित्त मंत्री ने घोषणा की कि पटना स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की क्षमता बढ़ाई जा रही है। आईआईटी में एडिशनल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही बिहटा स्थित पटना का विस्तार किया जाएगा।

### पूर्व सीएम गहलोत बोले...

हरियाणा और पंजाब के बॉर्डर पर जगजीत सिंह डल्लेवाल जी का अनशन जारी है और उनके साथ महीनों से आंदोलनरत किसानों को उम्मीद थी कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की घोषणा की जाएगी परन्तु बजट में ऐसा नहीं हुआ है। राजस्थान के अखबारों में रोज एमएसपी के बिना फसलों की खरीद के समाचार छप रहे हैं। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार एमएसपी पर चुप क्यों हो जाती है। आज सबको उम्मीद थी कि 11 साल से पेट्रोल-डीजल पर जनता को टैक्स लगाकर लूटा जा रहा है पर आज बजट में इसमें कमी कर राहत दी जाएगी परन्तु पेट्रोल-डीजल पर तो कोई राहत नहीं मिली बल्कि गैस सब्सिडी को भी कम कर दिया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि आने वाले दिनों में गरीब परिवारों को महंगी रसोई गैस खरीदनी पड़ेगी।

# जिला कलेक्टर ने 'अलवर टाइगर मैराथन' के रूट का निरीक्षण कर जायजा लिया



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज सांसद खेल उत्सव के तहत 9 फरवरी को आयोजित होने वाली 'अलवर टाइगर मैराथन' के रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया। जिला कलक्टर ने प्रताप ऑडिटोरियम, भवानी तोप से शांतिकुंज की तरफ की सडक़ से होते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल, परशुराम सर्किल (घोड़ा फेर का चौराहा) होते हुए प्रताप ऑडिटोरियम तक के मैराथन रूट का प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि प्रताप ऑडिटोरियम के पास पब्लिक टॉयलेट के आसपास साफ-सफाई, मैराथन के दौरान मोबाइल टॉयलेट खड़ा करने, बैरिकेटिंग कराने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही निर्देश दिये कि रूट में आने वाले खाली प्लॉट की सफाई कराने व उनके मालिकों को प्लॉट की साफ-सफाई के लिए पाबंद करें, शांतिकुंज सड़क के किनारों से सीएनडी वेस्ट हटवाने तथा अहिंसा सर्किल के पास से झाड़िया व कचरा हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यूआईटी की सचिव को इंदिरा गांधी स्टेडियम व प्रताप ऑडिटोरियम रोशनी आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि पुलिस मैराथन रूट पर बेरीकेट हेतु जगह चिन्हित करें तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस जाप्ता लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि रूट के अंतर्गत आने वाली क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत व पेचवर्क आदि का कार्य करावे। उन्होंने सीएमएचओ को मैराथन के दौरान मेडिकल टीम व चिकित्सकीय स्टाफ की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में पर्यटन की असीम सभावनाएं के मद्देनजर अलवर के पर्यटन को प्रमोट करने तथा यहां के युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें बेहतर प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत अलवर टाइगर मैराथन का आयोजन करा रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में खिलाडी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी को शहर में 21 किमी की मैराथन आयोजित होगी। उसके सफल व सुव्यवस्थित आयोजन सम्पन्न कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

### सूर्य सप्तमी महोत्सव का पोस्टर विमोचन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**खिरोड़।** सूर्य सप्तमी महोत्सव लोहार्गल धाम का पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम दूजोद गांव के श्री रघुनाथजी बड़ा मंदिर में हुआ। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमद् जगतगुरु लोहारगल पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में पोस्ट मोचन किया गया। जिसमें उपस्थित रघुनाथजी बड़ा मंदिर के महंत महावीरदास महाराज, मूलचंद, प्रधान ओमप्रकाश बिजारनिया, जिला महामंत्री सुभाष भांबू, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह, दुजोद सरपंच से पुखराज सिंह, अध्यक्ष राजपूत समाज दुजोद के किस्तूर सिंह, राकेश तिवाड़ी, राजेश मील, बच्चन मील आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल के कुचामन अल्प प्रवास पर स्वागत



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे शनिवार को नागौर जाते समय कुचामन में कुछ समय के लिए रुके। नगर परिषद में उनका स्वागत किया गया, जहां उन्होंने भोजन लिया और फिर नागौर के लिए रवाना हो गए।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक और राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, सभापति आसिफ खान, उपसभापति हेमराज चावला, प्रतिपक्ष नेता अनिलसिंह मेड़तिया, डीडवाना कुचामन कलेक्टर पुखराज सैनी, एसपी हनुमान प्रसाद मीणा, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल चौधरी, और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल के कुचामन आगमन के बाद नगर परिषद में आयोजित कार्यक्रम में नगरपरिषद द्वारा कुचामन सिटी को जिला बनाने के संबंध में एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। यह ज्ञापन प्रदेश के राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने राज्यपाल को सौंपा। जिसमें कुचामन शहर को जिला मुख्यालय घोषित करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि कुचामन सिटी जिले का सुंदरतम और तीव्र गति से विकासशील शहर है, जो जिले के केंद्रीय स्थान पर स्थित है। इसे जिला मुख्यालय बनाने से क्षेत्र के लोगों को कई सुविधाएं मिल सकेंगी, जो वर्तमान सरकार की सफलताओं में एक नया अध्याय जोड़ सकता हैं।

# खाटू श्याम के भजनों पर कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में हौंद बजरंग कॉलोनी स्थित कुल्ली वाले हनुमानजी मंदिर पर शुक्रवार की रात खाटूश्याम बाबा की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मन्दिर से जुड़े सांई फ्रेंड ग्रुप द्वारा आमजन के सहयोग से यह आयोजन कराया गया। जिसमें बाहर से आए कलाकारों ने जब अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी तो श्रद्धालु जमकर थिरकने लगे। सांई फ्रेंड ग्रुप से जुड़े पंकज शर्मा,मंथन अग्रवाल एवं अन्य ने बताया कि-हारे के सहारे खाटूश्याम बाबा का बाड़ी में कोई मंदिर नहीं है,ऐसे में फ्रेंड ग्रुप के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देख हौंद के कुल्ली वाले हनुमानजी मंदिर पर खाटू नरेश की प्रतिमा स्थापना कराई है। विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा को शहर के विभिन्न मार्गो से शोभायात्रा के रूप में मंदिर लाया गया,जहां इसकी स्थापना हुई और भोग प्रसादी भी लगाई गई। इसके बाद देर रात वृंदावन से आई पार्टी द्वारा रात्रि जागरण किया गया। जिसमें भगवान राम, भ्राता लक्ष्मण, माता सीता के स्वरूप और भक्त हनुमानजी का चित्रण देख लोग भाव-विभोर हो गए। पूरा कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा।

# जिला कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों की तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने 2 फरवरी को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 का के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने स्कीम नं. 8 स्थित बाल भारती स्कूल के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलर्ट मोड पर रहकर परीक्षा का सफल क्रियान्वयन कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर के निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करावे। परीक्षा से संबंधित कोई भी समस्या होने पर तुरन्त कंट्रोल रूम से सम्पर्क करें। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के जवानों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर ने बताया कि 2 फरवरी को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 अलवर जिला मुख्यालय एवं उपखण्ड अलवर, मालाखेडा एवं रामगढ के कुल 93 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों में 27 राजकीय परीक्षा केंद्र तथा 66 निजी परीक्षा केंद्र हैं जिनमें कुल 28056 परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था है जिसमें अलवर शहर में 64 परीक्षा केंद्रों पर 19 हजार 608 परीक्षार्थी, उपखण्ड अलवर में 13 परीक्षा केंद्रों पर 3 हजार 960 परीक्षार्थी, उपखण्ड मालाखेडा में 10 परीक्षा केंद्रों पर 2 हजार 784 परीक्षार्थी एवं उपखण्ड रामगढ में 6 परीक्षा केंद्रों पर 1704 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि परीक्षा हेतु 16 सर्तकता दल गठित किए गए है।

# अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय ने 321 किलो वजन उठाकर जीता स्वर्ण पदक



**झुंझुनूं।** जिले के खुड़ौत निवासी महाराणा प्रताप अवार्डी अजयसिंह शेखावत ने उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुए उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित हो रही 38वीं राष्ट्रीय खेलों में 89 किलोग्राम वर्ग में खेलते हुए स्नेच 140 किलोग्राम व क्लिनजर्क 181 किलोग्राम कुल वजन 321 किलोग्राम उठाकर स्वर्ण पदक जीता है। भारोत्तोलन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय सिंह शेखावत का खेल के क्षेत्र में अभी तक की शानदार उपलब्धियों से भरा सफर रहा। जिसमें कठिन मेहनत, लग्नशीलता व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कर्मठता तथा संघर्ष पूर्ण रहा है। एक गांव से लेकर विश्व चैंपियनशिप, एशियन खेल, राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कॉमनवेल्थ भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं में इनका नया रिकॉर्ड आज भी बरकरार है। जिसमें खिलाड़ी ने 338 किलो वजन उठाकर राष्ट्रमंडल देशों में नया रिकॉर्ड बनाकर भारत वर्ष का नाम रोशन किया। अनेकों अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढाया है। अजय ने राष्ट्रीय खेलों में अब तक 62 पदक और ट्रॉफियां जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# जिला चिकित्सालय में नवनियुक्त चिकित्सकों एवं स्टाफ का समाजसेवी संस्थाओं और राज्यमंत्री द्वारा अभिनंदन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** जिला चिकित्सालय कुचामन सिटी में राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी की उपस्थिति में कुचामन विकास समिति कुचामन सिटी द्वारा स्थानांतरण होकर आए चिकित्सकों एवं नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुचामन विकास समिति द्वारा नवपदस्थापित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमावत, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ नदीम सरदार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा यादव एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ कमल किशोर देवगांव का स्वागत किया गया साथ ही जिला चिकित्सालय में नव पदस्थापित नर्सिंग अधिकारियों का भी सम्मान किया गया। इससे पूर्व राज्य मंत्री के कर कमलों द्वारा कुचामन विकास समिति के सौजन्य से सीता देवी सत्यनारायण काबरा चैरिटी एवं रामी देवी राम गोपाल तोषनीवाल चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा नवीनीकृत वार्ड 65 एवं वार्ड 66 का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एशिया बायोमेडिकल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदत्त 9 लाख रुपए की एडवांस्ड सीबीसी मशीन और लायंस क्लब कुचामन फोर्ट के सौजन्य से चंद्र कुमार वर्मा द्वारा पेडियाट्रिक वेंटीलेटर लगभग 5 लाख रुपए का भी लोकार्पण राज्य मंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉक्टर वी के गुप्ता ने सभी को ईमानदारी पूर्वक मरीजों की सेवा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर कुचामन विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा ने भी आश्वासन दिया कि भामाशाहों की तरफ से जो भी सहयोग अस्पताल के लिए बन पड़ेगा वह किया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद के सभापति आसिफ खान, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मारवाडा, खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मूलचंद बागड़ा, कुचामन विकास समिति के सचिव बनवारी लाल मोर, पार्षद तुलसीराम कुमावत, विक्रम राजोरिया, नरसीराम कुमावत,भागीरथ कुमावत, सुरेश सिखवाल, किशन गुर्जर, जिला चिकित्सालय के डॉ कल्पना गुप्ता, डॉ राजेंद्र खींचड़, डॉ सत्यनारायण कुम्हार, नर्सिंग अधीक्षक राधेश्याम कांसोटिया,कृष्ण मुरारी वरिष्ठ रेडियोग्राफर आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** डीएवी विद्यालय दरीबा में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्सव के प्रथम कक्षा यूकेजी व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने रंगारंग नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कक्षा यूकेजी और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए ' ग्रेजुएशन डे' मनाया गया । उत्सव के दूसरे दिन कक्षा नर्सरी, एलकेजी और पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया । साथ ही कक्षा तीसरी से सातवीं व नवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा भी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। नारी सशक्तिकरण, धार्मिक एकता और स्वर्णिम भारत पर आधारित था। प्राचार्या डॉ.पूनमसिंह ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी मेहनत की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन में दादा-दादी व नाना-नानी की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि बलवंतसिंह लोकेशन हेड दरीबा ने अपने प्रेरक भाषण में शिक्षा और रचनात्मकता के महत्व पर प्रकाश डाला। देवसिंह दरीबाखान, अंशुल खंडेलवाल, केशव कुमार, दीप अग्रवाल, देबांशु चटर्जी, भरत कथीरिया, हेड सौरभ मिश्रा, भुवनेश शर्मा, वेकेश चित्तोड, पूर्वा पंचोली, कर्नल अक्षय ओहरी, अक्षत यादव आदि मौजूद थे।



### जिलाध्यक्ष पालीवाल ने जनसंघ के पदाधिकारियों का किया सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमन्द।** भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने जनसंघ के समय के पदाधिकारियों का उनके घर पर जाकर सम्मान किया गया। अरविंदसिंह भाटी ने बताया कि नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष पालीवाल के जिलाध्यक्ष बनने के बाद जनसंघ के उमाशंकर दाधीच व अर्जुन तलेसरा के घर पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया व सम्मान किया गया । ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष खुश कमल कुमावत, पूर्व सरपंच भेरूलाल जोशी, पार्षद आशिष पालीवाल, मुरारी, आसिया, फलेश भार्गव, राकेश शर्मा एवं हिम्मत रांका आदि मौजूद थे।

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**

(आर्डर 22, नियम 4 जाब्ता दीवानी)

न्यायालय:- श्री अपर जिला न्यायाधीश महोदयजी देसूरी (पाली)

न्यायाधीश:- श्रीमान ललितडबी, 'RHJS,

वादीगण:-लीला देवी व अन्य

विरुद्ध

प्रतिवादीगण: - मंजुला देवी व अन्य

प्रकरण ' क्रमांक-C.O.-30/20

दावा बाबत् बंटवाडा संयुक्त सम्पत्ति एवं स्थाई निषेधाज्ञा

बनाम मंजुला देवी व अन्य चुकि वादीगण ने इस न्यायालय मे दरख्वास्त पेश की है कि मृत प्रतिवादी तीन बद्रीनारायण पुत्र बंशीलालजी, जाति-ब्राम्हण, निवासी-पायेटिया का स्वर्गवास हो गया है। मृत बद्रीनारायण के आप कैला देवी पत्नी बद्रीनारायण, रमेश, नन्दकिशोर पुत्रगण बद्रीनारायण, इन्दु, हेमलता पुत्रियॉ बद्रीनारायण जाति-श्रीमाली ब्राम्हण, निवासी-पायेटिया, जिला-पाली कायम मुकाम होने से प्रतिवादीगण बनाया गया है। अतः आप को सूचित किया जाता है कि यदि आप इस आवेदन के विरुद्ध हेतु वर्शित करने के लिए तारीख 10/02/2025 को पूर्वान्ह स्वयं या प्लीडर द्वारा सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसजात हो यदि आप ऐसा करने मे असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जावेगा। यह आज तारीख 21 / 0//2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

गोल मोहर

आज्ञा से
रीडर
शेरिस्तेदार
अपर जिला न्यायालय देसूरी,
जिला-पाली (राज.)

प्रारूप-10
(नियम-6 (7) देखिए

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका, पिंडवाड़ा**

पत्रांक : न.पा.पि/भूमि/2024-25/8450 दिनांक : 01.02.2025

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| क्र. स. | आवेदनकर्ता का नाम मय पता | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मूला राम पुत्र परस राम जाति-बलाई निवासी- उमटी (पिपलांत्री) जिला-राजसमंद | जिला-सिरोही तहसील-पिण्डवाड़ा | ग्राम- पटवार जिला-झाडोली तहसील-पिण्डवाड़ा | 3773/1321 | रकबा 2-11 बीघा |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता को समस्त समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01.02.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, पिण्डवाड़ा

# ॐ का मंत्र सुधारे सेहत का तंत्र



हिंदू या सनातन धर्म की धार्मिक विधियों के प्रारंभ में शब्द का उच्चारण होता है, जिसकी ध्वनि गहन होती है। इसे प्रणव मंत्र भी कहते हैं। प्राचीन भारतीय धर्म विश्वास के अनुसार ब्रह्मांड के सृजन के पहले प्रणव मंत्र का उच्चारण हुआ था। ॐ का हिंदू धर्म के अलावा अन्य धर्मों में भी महत्व है।

**योगियों** में यह विश्वास है कि इसके अंदर मनुष्य की सामान्य चेतना को परिवर्तित करने की शक्ति है। यह मंत्र मनुष्य की बुद्धि व देह में परिवर्तन लाता है। इसका शरीर, मन, मस्तिष्क में परिवर्तन होता है और वह स्वस्थ हो जाता है। इसके उच्चारण से फेफड़ों में, हृदय में स्वस्थता आती है। शरीर, मन और मस्तिष्क स्वस्थ और तनावरहित हो जाता है। इसके उच्चारण से वातावरण शुद्ध हो जाता है।

ॐ शब्द तीन ध्वनियों से बना हुआ है। जिनका उच्चारण एक के बाद एक होता है। ओ, उ, म इन तीनों ध्वनियों का अर्थ उपनिषद में भी आता है, जिसके अनुसार साधक या योगी इसका उच्चारण ध्यान करने के पहले व बाद में करता है। ओ से प्रारंभ होता है जो चेतना के पहले स्तर को दिखाता है। चेतना के इस स्तर में इंद्रियाँ बहिर्मुख होती हैं। इससे ध्यान बाहरी विश्व की ओर जाता है। चेतना के इस अभ्यास व सही उच्चारण से मनुष्य को शारीरिक व मानसिक लाभ मिलता है। हिंदू या सनातन धर्म की धार्मिक विधियों के प्रारंभ में ॐ शब्द का उच्चारण होता है, जिसकी ध्वनि गहन होती है। इसे प्रणव मंत्र भी कहते हैं। प्राचीन भारतीय धर्म विश्वास के अनुसार ब्रह्मांड के सृजन के पहले प्रणव मंत्र का उच्चारण हुआ था।

आगे उ की ध्वनि आती है, जहाँ पर साधक चेतना के दूसरे स्तर में जाता है। इसे तेजस भी कहते हैं। इस स्तर में साधक अंतर्मुखी हो जाता है और वह पूर्व कर्मों व वर्तमान आशा के बारे में सोचता है। इस स्तर पर अभ्यास करने पर जीवन की गुत्थियाँ सुलझती हैं व उसे आत्मज्ञान होने लगता है। वह जीवन को माया से अलग समझने लगता है। हृदय, मन, मस्तिष्क शांत हो जाता है।

म ध्वनि के उच्चार से चेतना के तृतीय स्तर का ज्ञान होता है, जिसे प्रज्ञा भी कहते हैं। इस स्तर में साधक सपनों से आगे निकल जाता है व चेतना शक्ति को देखता है। साधक स्वयं को संसार का एक भाग समझता है और इस अनंत शक्ति स्रोत से शक्ति लेता है। इसके द्वारा साक्षात्कार के मार्ग में भी जा सकते हैं। इससे साधक के शरीर, मन, मस्तिष्क के अंदर आश्चर्यजनक परिवर्तन आता है। शरीर, मन, मस्तिष्क, शांत होकर तनावरहित हो जाता है।

# खुलकर हंसें-खिलखिलाएं हर तरह का दर्द भगाएं



स्वास्थ्य के लिए हंसी को औषधि के तौर पर लिया जाता है। जिस तरह तनाव या दुख आपकी सेहत पर नेगेटिव असर डालते हैं ठीक उसके उलट हंसना आपको सेहतमंद बनाता है। सामान्य शब्दों में कहा जाए तो हंसने से खून बढ़ता है।

इसी क्रम में पिछले दिनों एक शोध में यह भी साबित हुआ है कि हंसने से दर्द में कमी आती है। यह शोध कहता है कि हंसी एक तरह के पेनकिलर का काम करती है। यही नहीं अगर हंसते वक्त आपके दोस्त या परिचित आसपास हों यानी यदि हंसी ग्रुप में हो, तो फायदा और भी बढ़ जाता है।

लेकिन हां, यह हंसी दिल से निकलने वाली शुद्ध और गला फाड़, पेट पकड़ हंसी हो न कि विनम्रता और औपचारिकता के लिए धीमी आवाज में हंसना।

असल में तेजी से बिना किसी झिझक के हंसने से हमारी सांस लेने की क्रिया गड़बड़ा जाती है जिसके कारण हम थक जाते हैं। इस थकान की वजह से हमारे शरीर में एंडोरफीन नामक हारमोन का स्राव होता है जो कि नींद का सा प्रभाव उत्पन्न करता है और हम दर्द में कमी महसूस करने लगते हैं।

# खुशी हो या गम एक से भले दो



भाई... बात चाहे गॉसिप करने की हो या फिर गोलगप्पे खाने की ... अगर एक दोस्त साथ हो तो मजा भी दुगुना हो जाता है।

इस पर यदि मुद्दा कोई अच्छा लेकिन मुश्किल काम करने का हो तो यह साथ और भी फायदेमंद हो जाता है। विज्ञान भी इस बात के पक्ष में है।असल में जब आप वजन कम करने, शराब या सिगरेट छोड़ने, दिनचर्या को सुधारने या ऐसा ही कोई टास्क करने के बारे में सोचते हैं जो आपके लिए थोड़ा कठिन होता है तो आपका साथी आपके लिए राह आसान करने वाला मददगार साबित हो सकता है।

और अगर आपका साथी भी आपके साथ उसी राह पर चल रहा है तो यह सोने पर सुहागा साबित हो सकता है। यानी जब वजन नियंत्रित करने के दौरान आपका मन किसी बर्गर या आइस्क्रीम को देखकर ललचाने लगे तो आपका साथी तुरंत आपको उस कठिन परिस्थिति से बाहर निकाल लाए।

यही नहीं जॉगिंग के लिए आपको सुबह-सुबह बिस्तर से उठाने से लेकर एक किलो वजन कम होने पर भी आपको दिनभर बधाई देने और पूरे समय आपका उत्साहवर्धन करने तक आपका साथी आपकी मदद करेगा। यह साथी किसी दोस्त से लेकर आपके भाई-बहन, माता-पिता, चिकित्सक और यहां तक कि ई-मेल तथा फॅन कॉल्स से जुड़े दोस्तों तक किसी भी रूप में साथ रह सकता है। पिछले दिनों हुए एक शोध ने इस बात की पुष्टि की है कि वजन कम करना हो या फिर सिगरेट छोड़ना हो... यदि आप किसी दोस्त को भी अपने इस टास्क में शामिल करते हैं तो सफलता ज्यादा आसानी से आपकी हो जाती है। यानी अकेले से भले दुकेले।



कद्दू का ज्यूस में किसी भी ज्यूस की तरह से बहुत सारी खूबियां होती है पर इससे भी आगे यह अपनी तरह का अनोखा स्रोत है क्योंकि इसमें और किसी ज्यूस में न मिलने वाला विटामिन डी होता है। तो इसका मतलब यह हुआ कि आप बिना धूप में जाए भी अपने शरीर में विटामिन ष्ट की पूर्ति कर सकते हैं कद्दू का ज्यूस अपनाकर।

# कद्दू का ज्यूस, हरदम रखें चुस्त

कद्दू के ज्यूस में विटामिन डी और बीटा केरोटिन भी भरपूर मात्रा में होते हैं। कार्बोहाइड्रेड्स और प्रोटीन भी कद्दू के ज्यूस में पाए जाते हैं। हर दिन करीब आधा कप कद्दू के ज्यूस की सलाह दी जाती है।

**ज्यूस** शब्द से एक ताजा, ठंडा, स्वस्थ और तुरंत एनर्जी का एहसास होता है। बहुत सारे ऐसे ज्यूस हैं जो आमतौर पर प्रचलन में नहीं है क्योंकि उनके विषय में लोगों को कम जानकारी है इसी वजह से ये ज्यूस बाजार में भी उपलब्ध नहीं होते। इन्हीं ज्यूस में से एक है कद्दू का ज्यूस।

कद्दू ज्यूस ने बच्चों के बीच हैरी पोटर फिल्मों से बहुत नाम कमाया। इन फिल्मों में यह जादू की दुनिया में एक खास पेय था। कद्दू का ज्यूस में किसी भी ज्यूस की तरह से बहुत सारी खूबियां होती है पर इससे भी आगे यह अपनी तरह का अनोखा स्त्रोत है क्योंकि इसमें और किसी ज्यूस में न मिलने वाला विटामिन डी होता है। तो इसका मतलब यह हुआ कि आप बिना धूप में जाए भी अपने शरीर में विटामिन डी की पूर्ति कर सकते हैं कद्दू का ज्यूस अपनाकर।

कद्दू में विटामिन डी के अलावा कॉपर, आयरन और फास्फोरस होते हैं।

कद्दू के ज्यूस में विटामिन डी और बीटा केरोटिन भी भरपूर मात्रा में होते हैं। कार्बोहाइड्रेड्स और प्रोटीन भी कद्दू के ज्यूस में पाए जाते हैं। हर दिन करीब आधा कप कद्दू के ज्यूस की सलाह दी जाती है।

1. कद्दू का ज्यूस लिवर और किडनी के लिए बहुत लाभकारी है। ऐसे लोग जिन्हें किडनी में पथरी की समस्या है उन्हें कद्दू का ज्यूस रोजाना दिन में तीन बार जरुर पीना चाहिए।
2. कद्दू के ज्यूस में धमनियों को साफ रखने का गुण होता है जिससे दिल की बीमारियों और दिल का दौरा पड़ने का खतरा बहुत कम हो जाता है। कद्दू के ज्यूस में एंटी आक्सीडेंट्स काफी ज्यादा होते हैं जो शरीर को ऐरटेरी ओस्लेरोसिस बीमारी यानी धमनियों को कड़क होने से रोकने में बहुत कारगर है।
3. कद्दू के ज्यूस का एक और चमत्कारी गुण है पाचन तंत्र के विषय में। यह न सिर्फ कब्ज को दुरुस्त करता है बल्कि दस्त होने पर भी बहुत लाभकारी है।
4. कद्दू का ज्यूस अल्सर और गैस को भी ठीक करता है। इसमें किडनी और युरिनरी सिस्टम को व्यवस्थित रखने का गुण होता है।
5. कद्दू के ज्यूस में एक खास किस्म का गुण होता है दिमाग को शांति देना। इसका यह गुण इनसोम्निया यानी नींद न आने की बीमारी में लाभ पहुंचाता है। इनसोम्निया के रोगियों को इसे शहद के साथ पीने की सलाह दी जाती है।
6. कद्दू का ज्यूस हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को कम करता है। इसमें पेक्टिन नाम का एक तत्व होता है जिसमें कोलेस्ट्रोल को कम करने का गुण होता है।
7. कद्दू के ज्यूस को शहद के साथ मिला कर पीने से शरीर को ठंडक का अहसास होता है और यह शरीर के तापमान को कम करने में भी मदद करता है।
8. कद्दू के ज्यूस में प्रेग्नेंट महिलाओं में होने वाली सुबह के समय की समस्याओं यानी मॉर्निंग सिक्नेस से छुटकारा दिलाने का भी गुण होता है।
9. कद्दू के ज्यूस में विटामिन डी और अन्य कई सारे मिनरल्स पाए जाते हैं जो शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने का काम करते हैं और इस तरह से शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाए रखते हैं।
10. कद्दू के ज्यूस में बालों को फिर से उगाने का गुण होता है। इसमें विटामिन, की मात्रा काफी होती है जो सिर की त्वचा को बहुत फायदा पहुंचाती है। इसके अलावा इसमें पोटेशियम भी पाया जाता है।

# रोजाना 2 चम्मच अलसी है सेहत का खजाना

अलसी एक ऐसा पौधा है जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। रोजाना अलसी के 1-2 चम्मच बीज खाने से कैंसर, दिल की बीमारियां, डायबिटीज, जोड़ों का दर्द, मोटापा, त्वचा संबंधी रोग, पथरी, सर्दी-जुकाम, खांसी, अनिद्रा, कब्ज, बवासीर और मानसिक रोगों से राहत मिलती है।

## पोषक तत्व

अलसी के बीजों को किसी भी मौसम में खा सकते हैं। इनमें विटामिन-बी, कैल्शियम, मैगनीशियम, पोटेशियम, आयरन व ओमेगा-3 जैसे गुण भरपूर मात्रा में होते हैं। ओमेगा-3 हमारे शरीर में बनता नहीं है, इसे हमें बाहरी स्रोतों से प्राप्त करना पड़ता है। इसलिए शाकाहारी लोगों के लिए अलसी बेहतर विकल्प है।

## तेल भी उपयोगी

अलसी के बीजों से तैयार तेल को रात को सोते समय काजल की तरह आंखों मे लगाने से नेत्र रोग दूर होते हैं। आंखों में किसी भी प्रकार की एलर्जी होने पर इसका उपयोग न करें। ध्यान रहे कि इसका तेल और बीज एक साथ प्रयोग न करें वर्ना गर्मी हो सकती है।



# ज्ञान भक्ति के साथ शिव महापुराण ग्रंथ विशिष्ट रूप से कर्म प्रधान है : बालव्यास श्रीकांत शर्मा

## आज बसंत पंचमी को कथा स्थल पर कथा के पश्चात भंडारा महाप्रसाद का होगा आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 33वें वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर के सामने चौथमल गोयनका के नोहरा में किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा यज्ञ में द्वितीय दिवस शनिवार को व्यासपीठ से विश्वविख्यात श्रद्धेय बालव्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से गणेश पूजन के साथ मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित कथा का रसपान श्रोता भक्तों को करवाया। इससे पूर्व भागवत ग्रंथ का पूजन मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया गया। व्यासपीठ से बाल व्यास ने कहा कि शिवमहा पुराण में शिव भक्ति और शिव महिमा का दिव्य वर्णन है। ज्ञान-भक्ति के साथ यह ग्रन्थ विशिष्ट रूप से कर्म प्रधान है। प्राय: सभी पुराणों में शिव को त्याग, तपस्या, वात्सल्य तथा करुणा की मूर्ति बताया गया है। इसमें प्रकृति के अंतर्गत शिव की अष्ट मूर्तियों का भी वर्णन है। इसमें रुद्राक्ष, बेलपत्र, भस्मादि की अद्भुत महिमा वर्णित है। दिनों की उत्पत्ति एवं उनके देव तथा महीनों का वर्णन भी श्री शिव पुराण में सम्यक प्रकार से किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री साम्ब सदाशिव की अनुपम अद्भुत दिव्य कथाओं की चर्चा ही श्रीशिव पुराण हैं। भगवान शिव की वाणी से ही प्रकट होने वाली यह दिव्य कथा है। परम वैष्णव भगवान श्रीसाम्ब सदाशिव की यह कथा, शैवों का कंठहार भी है। कथा के मध्य महाराजश्री के कोकीलकंठ से गाए गए भगवान शिव के भजनों का भी श्रोता भक्तों ने आनंद उठाया। कथा का समय दोपहर एक से शाम पांच बजे तक रखा गया है।कथा स्थल को सुंदर वाटर प्रूफ टेंट बनाकर सजाया गया। कथा श्रवण के लिए महिलाओं एवं पुरुषों की बैठने के लिए अलग-अलग सुन्दर व्यवस्था सराहनीय रही। इस अवसर पर लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी इंद्रकुमार मोदी दिल्ली, सुरेशचंद्र पंसारी, कृपाशंकर मोदी मुंबई, ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई, राजकुमार अग्रवाल जयपुर, राधेश्याम ढंढारिया जयपुर, अनिल टेकड़ीवाल एवं दिनेश गुप्ता दिल्ली, परमेश्वर हलवाई, रमाकांत एवं प्रदीप जालान सूरत, जयपुर से प्रमोद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, पूनम ढंढारिया, संजय अग्रवाल, मुंबई से गोपीराम मोदी, संतकुमार मोदी, सूरत से विमल ढंढारिया, सुशील तुलस्यान हैदराबाद, चैन्नई से महावीर प्रसाद गुप्ता एवं गजेंद्र मोदी, अशोक अग्रवाल नीमकाथाना, रामकिशन लोहिया मुंबई स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य बुद्धिप्रकाश अग्रवाल, श्रीकांत पंसारी, कैलाश अग्रवाल, राकेश तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, कालूराम तुलस्यान, इंद्रचंद तुलस्यान, श्रीगोपाल हलवाई, संपत्त चुड़ैलेवाला, शिवचरण हलवाई, नितिन नारनौली, अनिल केजड़ीवाल आदि मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार के बजट को चार्टेंड अकाउंटेंट्स ने सराहा

## अमृतकाल का यह बजट सालों तक याद रखा जाएगा



**झुंझुनूं।** शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री ने मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट संसद में प्रस्तुत किया। जिसकी हर तरफ से सराहना हो रही है। झुंझुनूं के चार्टेड अकाउंटेंट्स ने इस बजट को ना केवल ऐतिहासिक बताया है। बल्कि यहां तक कहा है कि अमृतकाल का यह बजट सालों तक याद रखा जाएगा। क्योंकि जितनी राहत की उम्मीदें लगाई जा रही थी। उससे भी ज्यादा राहत दी गई है। चिड़ावा के युवा चार्टेड अकाउंटेंट सीए राहुल भीमराजका ने बताया कि सभी लोगों को यह उम्मीद थी कि इंकम टैक्स में इस बार 10 लाख रूपए तक की इंकम पर छूट मिलेगी। लेकिन मोदी सरकार इस उम्मीद से दो कदम आगे निकली और 12 लाख रूपए तक की इंकम पर छूट दी है। जो मिडिल क्लास के लिए बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। किसानों के केसीसी की लिमिट तीन लाख से बढाकर पांच लाख की गई है। अब पांच लाख रूपए तक के लिए किसानों को कहीं चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके अलावा रेन्ट पर जो टीडीएस की छूट पहले 2 लाख 40 हजार रूपए तक थी। उसे भी बढाकर छह लाख रूपए किया गया है। जिससे मिडिल क्लास के लोगों को और मकान मालिकों को काफी फायदा होगा। वहीं कस्टम ड्यूटी कम करने के कारण 36 दवाओं की कीमतों में बड़ी कमी आएगी। यह भी सीधा सीधा फायदा आम आदमी को होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट ऐतिहासिक है और मिडिल क्लास के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जब्त वाहनों के मालिक सबूत पेश करें, नहीं तो होगी नीलामी

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** डीआईजी शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस एक्ट में जब्तशुदा वाहन पुलिस थाना कोतवाली में 25 दुपहिया वाहन व दो कार, पुलिस थाना सदर में 29 दुपहिया वाहन व एक कार, पुलिस थाना बुहाना में 23 दुपहिया वाहन व एक ट्रेक्टर, पुलिस थाना चिड़ावा में दो दुपहिया वाहन, पुलिस थाना नवलगढ़ में एक दुपहिया वाहन व एक चौपहिया वाहन जब्त है। जिनके वारिसान की काफी तलाश किए जाने के उपरांत भी इसका अभी तक कोई भी वारिस नहीं आया हैं। उक्त संदिग्ध अदावाकृत संपत्ति के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो अथवा कोई वारिस (मालिक) हो तो समाचार प्रकाशन की तारीख से एक माह (30 दिन) के अंदर अंदर कार्यालय एसपी झुंझुनूं या संबंधित थाने पर उपस्थित होकर अपना हक व सबूत प्रस्तुत करें। यदि उस अवधि के अंदर कोई अपना हक साबित नहीं करेगा, तो नियत अवधि समाप्त होने के उपरांत इन वाहनों के संबंध में किसी तरह की आपत्ति अथवा ऐतराज पर विचार नहीं किया जाएगा एवं इन वाहनों या संपत्ति को संदिग्ध (लावारिस) मानते हुए राजस्थान पुलिस नियम 2008 के नियम 8 के तहत नियमानुसार नीलाम किया जाकर नीलामी राशि राजकोष में जमा करा दी जाएगी। वाहनों व संपत्ति की सूची वाहन समन्वय सॉफ्टवेयर व जीपनेट पर उपलब्ध है व संबंधित थाने पर उपस्थित होकर भी देखी जा सकती है।

### डिफेंस स्कूल में मनाया 'बसंत पंचमी उत्सव'

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के न्यू कॉलोनी में स्थित डिफेंस पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में 'बसंत पंचमी उत्सव' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन डॉ. गुलझारीलाल कालेर ने मां सरस्वती के छाया-चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल कर व पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अध्यापिका ममता रानी ने बताया किया बसंत का समय विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता हैं। संस्था के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने बताया कि इस दिन जो भी व्यक्ति माँ सरस्वती को सच्चे मन से याद करता है। मां सरस्वती उस पर प्रसन्न होती है और उसके जीवन में खुशियां भर देती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला ने बच्चों को बसंत ऋतु के महत्व से अवगत करवाया तथा सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक उपस्थित थे।

### रीट पात्रता परीक्षा के बाद होगी डीएलएड की प्रायोगिक परीक्षा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** डीएलएड द्वितीय वर्ष और डीएलएड प्रथम वर्ष प्रोन्नत परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों की प्रेक्टिकल परीक्षाएं मार्च में होगी। डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने बताया कि पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं बीकानेर के निर्देशानुसार डीएलएड अभ्यर्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं रीट पात्रता परीक्षा के बाद तीन से सात मार्च के बीच आयोजित होगी। डाइट प्रभागाध्यक्ष प्रमेंद्र कुल्हार ने बताया कि डीएलएड दिवितीय वर्ष नियमित एवं प्रथम वर्ष प्रोन्नत के अभ्यर्थियों की सैद्धांतिक परीक्षाएं 30 जनवरी को पूर्ण हो चुकी है। डीएलएड में पंजीकृत अनेकों अभ्यर्थियों ने रीट पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन किया हुआ है। इस स्थिति में रीट पात्रता परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यार्थियों को पर्याप्त समय नहीं मिलता। विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं बीकानेर ने डीएलएड की प्रायोगिक परीक्षाएं 27-28 फरवरी को आयोजित होने वाली रीट पात्रता परीक्षा के बाद करवाने का निर्णय लिया है।

### स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वार्ड नंबर दो में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार शर्मा द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों का चिकित्सकीय निरीक्षण किया गया। बच्चों में एनीमिया, कुपोषण, वजन, हाइट आदि की जांच कर चिह्नित बच्चों को अस्पताल के विशेषज्ञों के लिए रैफर किया गया। बच्चों को योग, प्राणायाम आसन, ब्रीथिंग एक्सरसाइज, मेडिटेशन, संतुलित दिनचर्या, मनोचिकित्सकीय परामर्श दिया। विद्यालय आई टीम में डॉ. अशोक शर्मा, महेंद्र सैनी, ओमप्रकाश टेलर का विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। विद्यालय प्रधानाचार्या सुमन वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर व्याख्याता अनुसुइया, वरिष्ठ अध्यापक अजय कुमार कृष्णियां, अनिता, सिलोचना, अरुणा आर्य, अध्यापक उम्मेदसिंह डूडी, सुशीला कंवर, शेरसिंह, प्रदीप कुमार, सुशीला मील, शकुंतला बाडेटिया, अरविंद शर्मा, शारीरिक शिक्षिका सरोज सिंह, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कमलेश, कनिष्ठ सहायक ललित निर्मल आदि उपस्थित थे। संचालन व्याख्याता शुशील कुमार सैनी ने किया।

### बेटी के जन्मदिन पर अध्यापक ने विद्यार्थियों को करवाया भोज



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के निकटवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टमकोर में विद्यालय में पदस्थापित अध्यापक विकास ढाका ने पुत्री के जन्मदिवस के अवसर पर समस्त विद्यार्थियों को कृष्ण भोग करवाया अध्यापक विकास ढाका ने बताया कि पुत्री के जन्मदिन विद्यार्थियों संग मनाने में खुशी हुई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक देवी सिंह ने पुत्री को जन्मदिन की बधाई संदेश के साथ विद्यालय स्टाफ सदस्य जगदीश, प्रहलाद, ज्योति व निशा ने अध्यापक के पहल की सराहना की।

### हर वर्ग को दी बड़ी सौगात : योगेंद्र मिश्रा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को लेकर भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी वालों के लिए क्रेडिट कार्ड की सौगात दी है। इस कार्ड के तहत 30 हजार रुपए तक की राशि ली जा सकती है। यानी इस कार्ड के जरिए रेहड़ी पटरी वाले या फिर ऐसे वेंडर जो अपने कारोबार को आगे बढ़ाना चाह रहे हैं। उनके लिए 30 हजार तक का लोन ले सकते हैं। वहीं इस क्रेडिट कार्ड के लिए ब्याज दर सामान्य रहेगी।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह आज से शुरू

# गढ़ गणेश मंदिर से 108 महिलाओं द्वारा निकाली जाएगी कलश यात्रा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** शहर के सब्जी मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला स्थित सत्यनारायण मंदिर परिसर में 2 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह को लेकर आज प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कथा आयोजक सत्यनारायण व यज्ञदत सर्राफ ने बताया कि 2 फरवरी को प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर से सुबह 8 बजे 108 महिलाओं के द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह की शुरुआत आज से शुरू होगी। कथा प्रतिदिन 12:15 बजे से 4:15 तक कथा वाचक पंडित रामबाबू शास्त्री के द्वारा की जाएगी। जिसको लेकर समस्त तैयारियां पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम में श्री श्याम मित्र मंडल, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी, श्री अंतरराष्ट्रीय कृष्णा भावना अमृत संघ चौमूं, श्री राम नवयुवक सुंदरकांड मंडल चौमूं, बाबा अमरनाथ कांवड़िया संघ चौमूं , श्री राधे कृपालु प्रेम रस मंडल चौमूं के पदाधिकारी गण मौजूद थे। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश बारी, कावाडियां संघ के मंत्री राजेंद्र गुलिया, अश्विनी शर्मा, पार्षद सुनील अग्रवाल, हर्ष शर्मा, देव सोनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


# नवलगढ़ पुलिस ने दो कैंपर गाड़िया जब्त कर छह बदमाशों को दबोचा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** पुलिस थाना नवलगढ़ की टीम ने गुरुवार रात्रि को कार्यवाही करके दो कैंप गाड़ियां जब्त कर छह बदमाशों को गिरफ्तार किया। सीआई सुगन सिंह के नेतृत्व में गठित गश्त टीम के हैड कांस्टेबल नरेश कुमार को गश्त के दौरान सूचना मिली कि दो कैंपर गाड़ी बिना नंबर की। जिनमें 4-5 आदमी हैं। वह किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर पुलिस टीम झाझड़ रोड खटीकान प्याऊ के पास पहुंची तो सामने से दो बिना नंबर की कैंपर गाड़ी आ रही थी। दोनों कैंपर गाड़ियों को रुकवाकर चैक किया तो गाड़ियों में छह जने बैठे हुए थे। इन गाड़ियों के गाटर लगी हुई थी व पूछताछ की तो गाड़ियों के कोई कागजात नहीं मिले। जिस पर दोनों गाड़ियों को मौके पर एमवी एक्ट में जब्त करके इनमें सवार छह बदमाशों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। हैड कांस्टेबल नरेश कुमार ने बताया कि बदमाशों के पास लाठियां व अन्य हथियार मिले। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सचिन चौहान पुत्र गंगाराम (24) निवासी खटीकान मोहल्लाय नवलगढ़, अजय पुत्र महेश (20) निवासी खटीकान मोहल्लान नवलग़ढ, कुलदीप पुत्र ओमप्रकाश (21) निवासी खटीकान मोहल्ला नवलगढ़, देवराज सामरिया पुत्र नत्थु राम (21) निवासी खटीकान मोहल्ला नवलगढ़, अजय उर्फ खली पुत्र रतनलाल खटीक (24) निवासी खटीकान मोहल्ला नवलगढ व मनोज पुत्र प्रहलाद राम (34) निवासी गोठड़ा थाना गोठडा के रूप में की गई। इनमें से अजय उर्फ खली के खिलाफ पहले से मारपीट सहित अन्य धाराओं में तीन प्रकरण चल रहे हैं।

# नवजात शिशुओं को 62 हाइजेनिक बेबी किट का वितरण



**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वात्सल्य अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनूं की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 62 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम के लिए वितरित किए गए। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन भालोठिया ने महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष एफआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेकेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, रमेशचंद्र शर्मा, अशोककुमार शर्मा एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ वीर एवं वीराएं मौजूद रहे।

# 'केंद्रीय बजट 2025 से देश का चंहुमुखी विकास होगा'

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** वित्त मंत्री सीतारमण ने केंद्रीय बजट शनिवार को संसद में पेश किया। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि केंद्रीय बजट 2025 ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की योजना की रूपरेखा तैयार की है। जिसमें कर छूट, बुनियादी ढांचे के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों पर जोर दिया गया है। उल्लेखनीय आयकर कटौती, छूट में वृद्धि और स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों के लिए नए प्रोत्साहन शुरू करके, सरकार ने मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने और लंबे समय में सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री ने नए टैक्स सिस्टम के तहत 12 लाख रुपए तक की आय वालों के लिए आयकर खत्म करके मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। वहीं 18 लाख रुपए की आय वाले व्यक्तियों को 70 हजार रूपए की कर छूट का लाभ मिलेगा। जबकि 12 लाख रूपए की आय वालों को 80 हजार रूपए की कर छूट मिलेगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान अपने पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। इसके अतिरिक्त, वेतनभोगी व्यक्तियों को 75 हजार रूपए की मानक कटौती का लाभ मिलेगा। जिसका अर्थ है कि 12.75 लाख रूपए तक की आय वालों को कोई आयकर नहीं देना होगा। इसके अलावा, बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज आय पर कर कटौती की सीमा को दोगुना करके एक लाख रूपए करने की योजना शामिल है। सरकार ने सीतारमण के उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत विदेश भेजे गए धन पर स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) की सीमा सात लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रूपए कर दी गई है। कुल मिलाकर मोदी सरकार की ओर से वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया बजट संतुलित है, देश के विकास को नए आयाम स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।



### 'विकास को नई गति देने वाला बजट'

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पंचायत समिति झुंझुनूं की पूर्व प्रधान ने कहा है कि बजट में आयकर में बड़ी राहत दी है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद किया है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित वर्ष 2025-26 मे आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख किया है। जिससे कि आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

## शेयर मार्केट एनालिसिस्ट एसपी तुलस्यान का विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने किया स्वागत

# प्रवासी हमेशा झुंझुनूं के विकास के लिए तत्पर : एसपी तुलस्यान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी शशिकांत परमानंद (एसपी) तुलस्यान का परिवार सहित झुंझुनूं पहुंचने पर विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। उनके साथ झुंझुनूं दौरे पर उनकी पत्नी उमा देवी तुलस्यान, पुत्र अभिनंदन, पुत्रवधु मेघा, पौत्र ऋषिकेश तथा पौत्री वेदान्सिका भी आई है। जिनका भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, अग्रवाल समाज के मंत्री शिवचरण हलवाई, कैलाश सिंघानिया, संदीप केडिया, महावीर इंटरनेशनल सनराइज से श्यामसुंदर जालान नूआंवाला, जिला गौ सेवा समिति के मंत्री सुभाष क्यामसरिया, सुमित क्यामसरिया, सामाजिक कार्यकर्ता एवं टेंट डेकोरेटर आशीष मोहन तुलस्यान, टैक्स बार एसोसिएशन से सीए पवन केडिया, आदर्श बाल निकेतन स्कूल के सचिव परमेश्वर हलवाई, श्री गल्ला व्यापार संघ के मंत्री विपिन राणासरिया, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, रघुनाथ पोद्दार, क्रेशर एसोसिएशन एवं केड शक्ति मंदिर केड से अशोक केडिया ने तुलस्यान परिवार का माल्यार्पण के साथ साफा, दुपट्टा एवं शॉल ओढ़ाकर श्री राम मंदिर अयोध्या का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर तुलस्यान ने बताया कि वे जब भी झुंझुनूं आते है। उन्हें अच्छा लगता है। यहां के लोग अपने है। वहीं झुंझुनूं के जो लोग बाहर रहते है। खासकर मुंबई में रहने वाले प्रवासी आज भी झुंझुनूं के विकास के लिए तत्पर रहते है। यही कारण है कि विभिन्न संस्थाओं के जरिए झुंझुनूं से जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं में भी लगातार विकास हो रहा है। शिक्षा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में अच्छा डवलपमेंट हुआ है। आपको बता दें कि एसपी तुलस्यान झुंझुनूं निवासी परमानंद तुलस्यान व नर्मदा देवी तुलस्यान के पुत्र है। वहीं झुंझुनूं में रहने वाले ज्योतिष मर्मज्ञ श्रीमोहन तुलस्यान के अनुज भ्राता यानी कि स्टेज डेकोरेटर आशीष तुलस्यान के चाचा है। वहीं एसपी तुलस्यान की पत्नी उमा देवी तुलस्यान भी गौसेवक सुभाष क्यामसरिया की भानजी है।

**आज जसरापुर के कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा :** सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि एसपी तुलस्यान के सौजन्य से केशव गौशाला जसरापुर में नवनिर्मित सघन वन, गृह नक्षत्र, राशि तुलस्यान वाटिका लोकार्पण समारोह बसंतोत्सव 2081 के मौके पर दो फरवरी रविवार सुबह 10 बजे होगा। जिसमें स्वयं एसपी तुलस्यान परिवार सहित हिस्सा लेंगे।

### डीपीएस डूंडलोद का वार्षिकोत्सव अरूणिमा-2025 आज

**डूंडलोद।** डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद का वार्षिकोत्सव अरूणिमा 2 फरवरी रविवार को विद्यालय प्रांगण में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सिक्किम सरकार के पूर्व चीफ सेकेट्री सुरेश कुमार गुप्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डूंडलोद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष एसएस रणवां करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिप्ती स्वामी, न्यायिक अधिकारी ग्रामीण न्यायालय सुमन कुमारी, डीएसपी राजवीर सिंह चम्पावत, तहसीलदार महेंद्रसिंह रत्नू तथा श्री सीमेंट नवलगढ़ के यूनिट हैड एचसी गुप्ता होंगे। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड की परीक्षा में प्रथम रहे एवं खेलों में बेहतर परफोरमेंस देने वाले विद्यार्थियों तथा विद्यालय में बेहतर रिजल्ट देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

# राजस्थान में प्रशासनिक सर्जरी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार देर रात प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। इसके तहत बड़े पैमाने पर अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर कार्मिक विभाग ने आदेश जारी करते हुए 34 आईएफएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसके अलावा 53 आईएएस अधिकारियों और 24 आईपीएस अधिकारियों को इधर उधर किया है। इस फेरबदल के दौरान 113 आरएएस अधिकारियों के तबादले के आदेश भी जारी किए गए हैं। अशोक गहलोत सरकार के राज्य में बने जिलों को लेकर और संभागों को लेकर राज्य सरकार के फैसले के बाद सरकारी स्तर पर पहली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई है।

## 53 आइएएस बदले

- आशुतोष ए.टी पेडणेकर – शासन सचिव जनजाति क्षेत्रीय विकास
- भानूप्रकाश एटूरू – शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा
- डा. रविकुमार सुरपुर – संभागीय आयुक्त बीकानेर
- डा. आरूषी अजेय मलिक – अध्यक्ष राजसीको, जयपुर
- पी.रमेश – शासन सचिव श्रम कारखाना
- पूनम – संभागीय आयुक्त जयपुर
- कुमारपाल गौतम – शासन सचिव वित्त राजस्व
- विश्राम मीणा – शासन सचिव संस्कृत शिक्षा
- इंद्रजीत सिंह – निदेशक एवं पदेन विशिष्ट शासन सचिव स्थानीय निकाय विभाग
- राजेन्द्र सिंह शेखावत – संभागीय आयुक्त, कोटा
- राजेन्द्र विजय – आयुक्त विभागीय जांच
- शक्तिसिंह राठौड़ – आयुक्त टीएडी, उदयपुर
- कुमारी प्रज्ञा केवलरमानी – संभागीय आयुक्त, उदयपुर
- शिवांगी स्वर्णकार – प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम
- अनुपमा जोरवाल – राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा
- एच गुईटे – आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक
- नरेन्द्र गुप्ता – सदस्य राजस्व मंडल, अजमेर
- नमित मेहता – जिला कलक्टर उदयपुर
- अविचल चतुर्वेदी – संयुक्त शासन सचिव गृह विभाग
- टीकमचंद बोहरा – प्रबंध निदेशक राजफैड
- निकया गोहाएन – आयुक्त उपनिवेशन विभाग एवं आयुक्त सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग, बीकानेर
- अरविंद कुमार पोसवाल – संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री
- इकबाल खान – आयुक्त चिकित्सा शिक्षा विभाग
- जगजीत सिंह मोंगा – निदेशक नागरिक सुरक्षा विभाग
- नारायण सिंह – प्रबंध निदेशक जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि.
- पूजा कुमारी पार्थ – आयुक्त श्रम विभाग
- मातादीन मीणा – निदेशक अल्पसंख्यक मामलात
- शरद मेहरा – संयुक्त शासन सचिव वित्त व्यय-1
- जसमीत सिंह संधू – जिला कलक्टर भीलवाड़ा
- डा. गौरव सैनी – आयुक्त कौशल रोजगार एवं उद्यमिता
- श्वेता चौहान – निदेशक स्वच्छ भारत मिशन-शहरी
- अवधेश मीणा – जिला कलक्टर सलूम्बर
- डा. टी. शुभमंगला – अतिरिक्त मिशन निदेशक नेशनल हेल्थ मिशन
- मुहम्मद जुनैद पीपी – निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव जल ग्रहण विकास एवं भूसंरक्षण
- रिशव मंडल – आयुक्त, कोटा विकास प्राधिकरण
- गिरधर – सीईओ जिला परिषद श्रीगंगानगर
- सिद्धार्थ पालानीचामी – आयुक्त नगर निगम जोधपुर दक्षिण
- गौरव बुडानिया – सीईओ जिला परिषद सवाई माधोपुर
- रीया डाबी – सीईओ जिला परिषद, उदयपुर
- रविकुमार – सीईओ जिला परिषद, बाड़मेर
- जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर – आयुक्त भरतपुर विकास प्राधिकरण
- सालुखे गौरव रविन्द्र – सीईओ अलवर

### इनको एसडीएम लगाया

- प्रीतम कुमार – जोधपुर उत्तर
- डा. अंशुप्रिया – मांउट आबू
- भैसारे शुभम अशोक – गोगुंदा

### अतिरिक्त प्रभार

- डा. कृष्णकांत पाठक को शासन सचिव देवस्थान विभाग, आशुतोष ए.टी पेडणेकर को शासन सचिव आयोजना विभाग, डा. गौरव सैनी को प्रबंध निदेशक राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम और सिद्धार्थ पालानीचामी को आयुक्त निगर निगम जोधपुर उत्तर का अतिरिक्त कार्यभार दिया है।

## आरएएस तबादला सूची

- नवनीत कुमार राजस्व अपील अधिकारी, बाड़मेर
- हरफूल सिंह यादव अतिरिक्त आयुक्त सीएडी, कोटा
- अजीत सिंह राजावत निदेशक प्राच्य विद्या संस्थान, जोधपुर
- राकेश शर्मा अतिरिक्त आयुक्त, जेडीए जयपुर
- रामलाल गुर्जर अतिरिक्त आयुक्त दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयल कोरिडोर
- दीप्ति कछवाहा अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, जयपुर
- अरविंद सारस्वत अतिरिक्त निदेशक प्रशासन एवं पदेश संयुक्त शासन सचिव, जनसंपर्क विभाग
- कमला अलारिया कुलसचिव, बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर
- राजेन्द्र सिंह राठौड़ संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग
- नरेन्द्र पाल सिंह अतिरिक्त आयुक्त सीएडी, आइजीएनपी, बीकानेर
- ओमप्रकाश बुनकर प्रथम अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन, परिवहन एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव मुख्यालय
- हेमंत स्वरूप माथुर अतिरिक्त निबंधक, राजस्व मंडल, अजमेर
- डा. प्रवीण कुमार अति. आयुक्त प्रशासन आबकारी विभाग, जयपुर
- रौनक बैरागी अति. निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग
- तुलिका सैनी अति. आयुक्त भू-प्रबंध भू-प्रबंध प्रशिक्षण स्कूल, जयपुर
- कश्मी कौर रॉन सचिव, संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर
- नीलिमा तक्षक सचिव, भरतपुर विकास प्राधिकरण
- डॉ. गुंजन सोनी एडीएम, बालोतरा
- हरिसिंह मीणा उप शासन सचिव, राजस्व विभाग
- सोहनराम चौधरी भू-प्रबंध अधिकारी, अलवर
- संजय कुमार माथुर उपायुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण
- विशाल दवे उपायुक्त प्रशासन वाणिज्य कर, जोधपुर
- भवानी सिंह पंवार राजस्व अपील अधिकारी, हनुमानगढ़
- निशु कुमार अग्निहोत्री कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
- रामस्वरूप चौहान एडीएम, दौसा
- सुमन पंवार अतिरिक्त निदेशक, निःशक्तजन, जयपुर
- लोकेश कुमार मीणा कुलसचिव, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर
- कैलाशचंद्र राजस्व अपील अधिकारी, श्रीगंगानगर
- देवेन्द्र कुमार जैन एडीएम, जयपुर चतुर्थ
- गोपाल सिंह एडीएम, जयपुर शहर पूर्व
- राजेश जोशी सीईओ, नाथद्वारा मंदिर मंडल, नाथद्वारा
- संजय शर्मा एडीएम, सवाई माधोपुर
- नीतू यादव विशेषाधिकारी परीक्षा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर
- दूलीचंद मीणा विशिष्ठ सहायक, राज्यमंत्री गृह, गोपालन,मत्स्य विभाग
- हेमेन्द्र नागर सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण
- अन्जुम ताहिर सम्मा जिला रसद अधिकारी, जोधपुर
- धारा सिंह मीणा उप शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग
- अल्का विश्नोई अति. निदेशक प्रशासन, समेकित बाल विकास सेवाएं
- रणजीत सिंह सीईओ जिला परिषद, झुंझुनूं
- बलदेवाराम धोजक सचिव प्रशासन, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि.
- कन्हैयालाल सोनगरा राजस्व अपील अधिकारी, नागौर
- धीरेन्द्र सिंह उप निदेशक महिला एवं बाल विकास, धौलपुर
- रामावतार कुमावत एडीएम, बीकानेर
- अनिल कुमार द्वितीय भूप्रबंध अधिकारी-पदेन राजस्व अपील अधिकारी, सीकर
- राजेन्द्र सिंह चांदावत एडीएम, बाड़मेर
- पर्वत सिंह चूण्डावत सीईओ जिला परिषद, प्रतापगढ़
- मोनिका बलारा उप शासन सचिव, प्रारंभिक शिक्षा-पंचायतीराज विभाग
- महावीर सिंह द्वितीय उपायुक्त परिवहन प्रवर्तन, जयपुर
- सुभाष कुमार एडीएम, श्रीगंगानगर
- रीना एडीएम सतर्कता श्रीगंगानगर
- अश्विन के. पवार एडीएम सीलिंग न्यायालय पाली
- दुर्गा शंकर मीणा उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग बारा
- सुमित्रा मिश्रा एडीएम भिवाड़ी
- विजयेश कुमार पांडे एडीएम प्रतापगढ़
- चेतन कुमार त्रिपाठी उप निबंधक राजस्व मंडल अजमेर
- जावेद अली उपनिदेशक अल्पसंख्यक मामलात जयपुर द्वितीय
- विवेक व्यास प्रोटोकॉल अधिकारी सामान्य प्रशासन जोधपुर
- विजेंद्र कुमार मीणा एसडीएम लालसोट
- महावीर सिंह जोधा एसडीएम मारवाड़ जंक्शन
- श्याम राठौड़ उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक जयपुर
- मुकेश चौधरी एसडीएम खेतड़ी
- रामावतार मीना एसडीएम कनवास
- नीलम लखारा एसडीएम कुंभलगढ़
- राजवीर सिंह यादव एसडीएम नीमकाथाना
- संतोष कुमार मीणा एडीएम जयपुर शहर दक्षिण
- अनिता कुमारी खटीक एसीएस निवाई
- अंजू वर्मा एसडीएम सांभरलेक
- रजनी मधीवाल परियोजना प्रबंधक अजा विकास निगम उदयपुर
- सीता शर्मा उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग कोटा
- सुनील शर्मा उपखंड अधिकारी बागीदौरा
- जयंत कुमार एसीएस मुख्यालय फागी
- मधुलिका सींवर एसीएस जोधपुर
- अपूर्वा परवाल प्राधिकृत अधिकारी जेडीए जयपुर
- ओम प्रकाश मीणा एडीएम शाहपुरा भीलवाड़ा
- मनोज खेमादा एसडीएम कुशलगढ़
- मुकुट सिंह उपायुक्त नगर निगम जयपुर ग्रेटर
- दिनेश शर्मा एसडीएम नारायणपुर
- मनसुख राम दामोर एसडीएम पिंडवाड़ा
- मुकेश चंद्र मीणा एसडीएम शाहाबाद
- मनमोहन शर्मा एसडीएम मांडलगढ़
- सिद्धार्थ संधू एसडीएम देसूरी
- गरिमा शर्मा सहायक भू प्रबंधन अधिकारी मुख्यालय जयपुर
- हनुमान राम एसडीएम फतेहगढ़
- कृति व्यास सहा. निदेशक लोक सेवाएं प्रशासनिक सुधार कोटा
- भारत राज गुर्जर एसडीएम आसींद
- पुनीत कुमार गैलरा एसडीएम बांसवाड़ा
- दीपक सिंह खटाना एसडीएम जयपुर शहर
- कपिल कुमार कोठारी एसडीएम झाडोल
- बाबूलाल एसडीएम फूलियाकलां
- सपना कुमारी एसडीएम सांगोद
- अभिमन्यु सिंह कुंतल एसडीएम छीपाबड़ौद
- अजीत सिंह राठौड़ एसडीएम बिजौलिया
- सुमन चौधरी एसीएम मुख्यालय आमेर जयपुर
- सांवरलाल आबसरा एसडीएम डूंगरपुर
- भगवत शरण त्यागी एसडीएम बाड़ी
- भागीरथ राम एसडीएम धोरीमन्ना
- देशलाराम परिहार एसडीएम चितलवाना
- रेखा यादव एसडीएम कोटकासिम
- राजेश मीणा एसीएम जमवारामगढ़ जयपुर
- प्रेमराज मीणा एसडीएम करौली
- ज्वाला सहाय मीना एसीएम सीकर
- गणराज बड़गोती एसडीएम पीपलू
- सुधारानी मीना एसडीएम बसेड़ी
- शांतिलाल जैन एसडीएम सलूंबर

## उदयपुर कलेक्टर नमित मेहता, रिया डाबी जिला परिषद सीईओ, अवधेश मीणा सलूंबर कलेक्टर



**उदयपुर।** राज्य सरकार ने 53 आईएएस, 24 आईपीएस, 34 आईएफएस और 113 आरएएस अफसरों के तबादले किए इसमें उदयपुर के भी कई अधिकारी हैं। उदयपुर के कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, सलूंबर कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को बदल दिया है। अब नमित मेहता उदयपुर के नए जिला कलेक्टर होंगे, वे अंडर ट्रेनिंग में उदयपुर रह चुके हैं। उनकी पहली डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग उदयपुर में ही हुई थी। आईएएस रिया डाबी का तबादला उदयपुर में पास की बिल्डिंग में ही हुआ है। जोधपुर मूल के नमित मेहता सीए और सीएस है। उनकी पहली अंडर जिला ट्रेनिंग उदयपुर में ही हुई थी। वे यहां पर 26 अगस्त 2013 से 23 मई 2014 तक यहां रहे। अभी वे भीलवाड़ा कलेक्टर है। उनको सात अवॉर्ड और एक मेडल मिला है।

### अरविंद पोसवाल को जयपुर भेजा

सूची में टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी को उदयपुर का संभागीय आयुक्त, प्रतीक्षा की सूची में चल रहे शक्ति सिंह राठौड़ को टीएडी आयुक्त लगाया है। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता को उदयपुर कलेक्टर लगाया है। उदयपुर कलेक्टर लगे अरविंद पोसवाल का तबादला मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव के पद पर किया है। सलूंबर कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को कलेक्टर भीलवाड़ा लगाया गया है और उनकी जगह अवधेश मीणा को सलूंबर कलेक्टर लगाया गया।

### आईएफएस अफसरों के तबादले

- मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव उदयपुर एस.आर. वैंकटेश्वर मूर्थी को मुख्य वन संरक्षक, आयोजना जयपुर, वन संरक्षक, प्रोटेक्शन जयपुर सेडु राम यादव को मुख्य वन संरक्षक, (टेरिटोरियल) उदयपुर और सुनील वन संरक्षक को वन संरक्षक वन्यजीव लगाया गया है।
- उदयपुर-सलूंबर में आरएएस बदले
- जिला परिषद सीईओ हेमेंद्र नागर अब यूडीए उदयपुर में सचिव होंगे
- डूंगरपुर के सीमलवाड़ा एसडीएम कपिल कुमार कोठारी को झाड़ोल एसडीएम लगाया
- शांतिलाल जैन को सलूंबर में एसडीएम लगाया
- बांसवाड़ा एसडीएम रजनी मधीवाल को अजा विकास निगम में परियोजना प्रबंधक बनाया

## रवि कुमार बाड़मेर जिला परिषद के नए सीईओ

**बाड़मेर।** एडीएम राजेंद्रसिंह चांदावत बाड़मेर एडीएम, वहीं आईएएस सिद्धार्थ का जोधपुर नगर निगम में तबादला। राज्य सरकार ने शुक्रवार आधी रात में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 53 आईएएस, 24 आईपीएस, 34 आईएफएस और 113 आरएएस के तबादले किए हैं। इसमें बाड़मेर जिला परिषद सीईओ आईएएस सिद्धार्थ पालानीचामी का तबादला जोधपुर नगर निगम दक्षिण में किया गया है। साथ ही नगर निगम उत्तर का भी एक्स्ट्रा चार्ज दिया है।



- आईएएस यक्ष चौधरी शिव एसडीएम, राजेंद्र सिंह चांदावत एडीएम

बाड़मेर एडीएम पद पर राजेंद्रसिंह चांदावत, बालोतरा एडीएम पद पर गुंजन सोनी को लगाया गया है।

### बाड़मेर एडीएम राजेंद्र सिंह, बालोतरा एडीएम गुंजन सोनी

- आरएएस नवनीत कुमार अतिरिक्त आयुक्त, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर जयपुर का तबादला बाड़मेर रिक्त पड़े राजस्व अपील अधिकारी बाड़मेर किया गया है। गुंजन सोनी का तबादला राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ़ से एडीएम बालोरात के पद पर किया गया है। आरएएस राजेंद्र सिंह चांदावत का एडीएम बालोतरा से बाड़मेर किया गया है। हालांकि राजेंद्र सिंह बाड़मेर एडीएम पद पर कार्यरत थे। शिव एसडीएम हनुमानाराम का तबादला शिव से फतेहगढ़ जैसलमेर किया गया है। तहसीलदार से पदोन्नत भागीरथराम तृतीय का तबादला एसडीएम धोरीमन्ना के पद पर किया गया है।

## परसाराम एडीएम जैसलमेर व सक्षम गोयल एसडीएम

**जैसलमेर जिले के कई अधिकारी इधर-उधर**

**जैसलमेर।** राज्य सरकार की ओर से देर रात को आईएएस, आईपीएस, आरएएस, आईएफएस की तबादला सूची जारी की गई। जैसलमेर के कई अधिकारी इधर-उधर हुए हैं। आरएएस तबादला सूची में परसाराम को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, प्रतापगढ़ के पद से अतिरिक्त जिला कलेक्टर जैसलमेर के पद पर लगाया है। यह पद पूर्व में एडीएम मुन्निराम बगड़िया के रिटायर होने के बाद से ही रिक्त था। इस पर अब सरकार की ओर से परसाराम को लगाया गया है। इसी तरह एसडीएम जैसलमेर पवन कुमार का तबादला, छतरगढ़, बीकानेर में एसडीएम के पद पर हुआ है। एसडीएम पवन कुमार की जगह सक्षम गोयल को एसडीएम जैसलमेर लगाया गया है। वहीं शिव, बाड़मेर एसडीएम हनुमानाराम को एसडीएम फतेहगढ़ के पद पर लगाया गया है। आईएफएस की तबादला सूची में डीएफओ डीडीपी आशुतोष ओझा को वन संरक्षक, जोधपुर के पद पर लगाया है। वहीं कुमार शुभम को डीएफओ जैसलमेर के पद पर लगाया गया है।

## फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर इंजीनियर से चार लाख की ठगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर आरोपी ने इंजीनियर से चार लाख रुपए का फ्रॉड कर लिया। इस संबंध में पीड़ित ने साइबर ठगी का मामला दर्ज करवाया था। मामला बाड़मेर शहर महावीर नगर का है। पुलिस ने फ्रॉड करने वाले आरोपी के सभी खातों को बंद कर तकनीकी मदद से उसे गिरफ्तार किया है। दरअसल, बाड़मेर शहर महावीर नगर निवासी बाड़मेर ने साइबर थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें इंजीनियर संजय रामावत ने बताया कि उन्हें 29 जुलाई 2024 की शाम 4:30 बजे कॉल आया। फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डराया कि आपके नाम के ऑनलाइन पार्सल आया है। ईरान में अरमान अली के नाम से भेजा है। जिसे मुंबई कस्टम ने पकड़ लिया है। उसमें चार ईरान के एक्सपायर्ड पासपोर्ट, एक लेपटॉप, तीन किलो कपड़ा और 450 ग्राम एमडी पदार्थ बरामद हुआ है।



**आरोपी गिरफ्तार, 367 लोगों के साथ धोखाधड़ी, पूछताछ जारी**

### पुलिस ने संदिग्ध खाते खंगालकर पकड़ा आरोपी

संजय रामावत ने दर्ज करवाए गए साइबर फ्रॉड के मुकदमे के बाद साइबर टीम ने संदिग्ध बैंक खातों का रिकार्ड प्राप्त किया। वहीं संदिग्ध खाताधारकों के बारे में सूचना और तकनीकी सहायता से आरोपी नैनाराम विश्नोई निवासी जालूवाला पुलिस थाना नोख फलौदी को गिरफ्तार किया। नैनाराम विश्नोई ने एयरपोर्ट पर पार्सल में एमडी, पासपोर्ट आदि बताकर कई लोगों के साथ फ्रॉड किया। उसने कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि खातों की जब डिटेल निकाली गई तो उसने 30 जुलाई 2024 को कुल 367 लोगों के साथ धोखा कर रुपए अपने खाते में डलवाए थे। जिसमें से संजय रामावत 226 वें स्थान पर थे।

### दो किश्तों में चार लाख ट्रांसफर करवाए

रामावत ने बताया- बात करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम अजय सिंघानिया बताया। उसने कहा कि पार्सल के लिए 93,410 रुपए पेमेंट भी किया है। साथ ही अंधेरी पुलिस से लाइन पर लेकर स्काई पे पर विक्रमसिंह नामक व्यक्ति से बात करवाई। उसने मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया तथा सभी बैंक खातों के बारे में जानकारी दी। अगले दिन आठ बजे मैसेज कर 9.45 बजे डीसीपी नैनाराम से अपॉइंटमेंट करवाया। डीसीपी ने स्काई पे एप पर कॉल किया और फोन पे का कोड भेजा और उसमें 98 हजार 897 रुपए डलवाए। इसके साथ ही सुरक्षा दिलवाने के लिए आरटीजीएस के माध्यम से सुतराम स्पोर्ट सिस्टम के करंट खाते में तीन लाख पांच हजार रुपए ट्रांसफर करवाए।

## जोधपुर पुलिस ने ठगी की राशि रिफंड करवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण की साइबर सेल ने ऑपरेशन साइबर शील्ड चलाते हुए एक माह में सात लाख रुपए से अधिक की राशि रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। वहीं 10 लाख रुपए से अधिक की राशि होल्ड करवाई गई है। इस पूरे अभियान के दौरान साइबर फ्रॉड में शामिल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं तीन मामले भी दर्ज किए गए। अभियान को लेकर जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि जनवरी में सात लाख 95 हजार 696 रुपए की राशि साइबर फ्रॉड के पीड़ितों को रिफंड करवाए गए हैं। जबकि साइबर फ्रॉड को लेकर मिली अलग-अलग शिकायतों पर 10 लाख 50 हजार 224 हजार रुपए रिफंड करवाए गए।



**सात लाख से अधिक की रकम पीड़ितों को लौटाई 11 आरोपी भी पकड़े**

साइबर सेल अभियान के दौरान 11 आरोपियों को पकड़ा गया। उनके कब्जे से एक कार, 11 मोबाइल, तीन चेक बुक, एक बैंक पासबुक, 10 एटीएम और एक सिम भी जब्त की गई। वहीं इस अभियान को लेकर 42 गुमशुदा मोबाइल भी रिकवर कर पीड़ितों को सुपुर्द किए गए। पुलिस की ओर से आमजन को साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरुकता अभियान भी चलाया गया। इसके तहत अलग-अलग स्कूलों कॉलेज बाजार में 155 स्थान पर जन जागरुकता अभियान चलाया गया।

## आपका राशिफल 2 फरवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। [illegible]

## घर से निकलीं दो युवतियां लापता

**परिवार को बिना बताए निकली थी दोनों, गुमशुदगी दर्ज**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** जोधपुर में नाबालिग के घर से गायब होने का मामला सामने आया है। बोरानाडा थाने में एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के घर से गायब होने को लेकर मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। थाने में दी रिपोर्ट ने प्रार्थी ने बताया- रीको चतुर्थ फेज बोरानाडा से 31 जनवरी को दोपहर तीन बजे के करीब उनकी बेटी घर से निकल गई। आस-पास कई जगहों पर तलाश के बाद भी उसका पता नहीं लग पाया। अंदेशा है कि उसकी बेटी को कोई भगाकर ले गया है। दूसरा मामला बासनी



युवती घर से बिना बताए निकल गई। इसको लेकर अब चचेरी बहन की ओर से थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। बताया कि भगवान महावीर कॉलोनी हड्डी मिल से 31 जनवरी को उनकी चचेरी बहन घर से बिना बताए कहीं निकल गई जिसका पता नहीं लग पाया। सांगरिया फांटा की एक कॉलोनी से 30 साल की युवती घर से निकल गई। इसको लेकर परिजनों की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है। बताया कि 31 जनवरी की दोपहर दो बजे युवती घर से निकली जो वापस नहीं लौटी। वहीं महामंदिर थाने में एक महिला ने अपने पति के गुम होने को लेकर मामला दर्ज करवाया। बताया कि 15 जनवरी को उनका पति दोस्तों के साथ मजदूरी के लिए निकला

## जिला मुख्यालय के 21 सेंटरों पर प्री आरएएस परीक्षा आज 5708 अभ्यर्थी बैठेंगे

**आज 12 से तीन बजे तक एग्जाम**

**जैसलमेर।** राजस्थान लोकसेवा आयोग, अजमेर द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 का आयोजन दो फरवरी को दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक किया जाएगा। जिला मुख्यालय क्षेत्र में परीक्षा के लिए कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 5708 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। कलेक्टर प्रतापसिंह ने जिले में आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा 2024 के आयोजन से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराएं एवं समय रहते सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर दें। बहुत ही गंभीर है। इसलिए कोई भी अधिकारी इस कार्य में शिथिलता नहीं बरतें। एडीएम पावन कुमार ने बताया- जिला मुख्यालय पर परीक्षा के दौरान फ्लाइंग स्कवायर्ड एवं पुलिस मोबाइल टीमें लगातार घूमेंगी। फ्लाइंग स्क्वायड में आरएएस, पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात किया जाएगा। प्रत्येक निजी परीक्षा केंद्र पर दो-दो एवं राजकीय परीक्षा केंद्र पर एक-एक पर्यवेक्षक लगाए गए हैं, जो संपूर्ण परीक्षा कार्य की समुचित निगरानी रखेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि परीक्षा केंद्र परिसर में किसी को मोबाइल फोन, पेजर या अन्य कोई संचार यंत्र रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी के पास मोबाइल फोन पाए जाने पर उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाकर पुलिस कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अधिनियम, 2022 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत आजीवन कारावास, 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने से दंडित एवं चल-अचल संपति कुर्क कर जब्ती की जा सकती है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले संबंधित परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी कारण से प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र एवं मूल फोटो युक्त पहचान पत्र अपने साथ

# एग्रीस्टैक योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## नगर परिषद टाउन हॉल में पटवारी-गिरदावरों को दिया गया प्रशिक्षण, जिला कलेक्टर ने स्वयं ली ट्रेनिंग क्लास



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत जिले में आगामी 5 फरवरी से प्रारंभ होने वाले फार्मर रजिस्ट्री अभियान को सफल बनाने के लिए शनिवार को नगर परिषद टाउन हॉल में पटवारी एवं गिरदावरों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को अभियान की प्रक्रियाओं एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

**जिला कलेक्टर ने कर्मचारियों से किए सवाल-जवाब :** प्रशिक्षण के दौरान जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने अभियान की तकनीकी जानकारी को लेकर उपस्थित पटवारियों एवं गिरदावरों से सवाल-जवाब किए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्मिक योजना की समस्त प्रक्रियाओं की पूर्ण जानकारी प्राप्त करें ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय शिविरों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। कलेक्टर ने प्रशिक्षण के दौरान संतोषजनक उत्तर नहीं देने वाले कुछ कर्मचारियों को पूरी तैयारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे शिविर :** जिला प्रशासन द्वारा 5 फरवरी से ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, शुरुआती तौर पर जिले की सभी तहसीलों की एक एक ग्राम पंचायत पर शिविरों का आयोजन होगा जहां किसानों की 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जाएगी। इस प्रक्रिया के लिए किसानों को आधार कार्ड एवं जमाबंदी दस्तावेज साथ लाने होंगे। इसके लिए आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर को ओटीपी के लिए साथ लाना होगा। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिविर में संपूर्ण पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिकतम किसानों को योजना का लाभ मिल सके।

**शिविरों की सफलता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त :** शिविरों के प्रभावी संचालन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो शिविरों की मॉनिटरिंग करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं सही ढंग से पूरी की जाएं। जिला कलक्टर ने रबी सीजन की ऑनलाइन गिरदावरी पूर्ण करने हेतु भी निर्देशित किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा सहित राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को अभियान को लेकर उनके दायित्वों की जानकारी दी गई एवं उन्हें यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**एग्रीस्टैक योजना से किसानों को मिलेगा डिजिटल लाभ :** एग्रीस्टैक योजना के तहत मिलने वाली विशिष्ट फार्मर आईडी किसानों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने में सहायक होगी। यह आईडी भविष्य में पीएम किसान, सीएम किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं तथा ऋण एवं अनुदान प्राप्त करने में आवश्यक होगी। जिला कलेक्टर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि जिले में एग्रीस्टैक योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** शाहाबाद हरियाणा राज्य स्वपाक नियंत्रण ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए कठोरतम कदम उठाए जा रहे हैं। एक और नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों तक पहुँचाया जा रहा है तो दूसरी और नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गांव-गांव जा रहे हैं। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमम आयोजित किया जिसमें 812 विद्यार्थियों एवं 50 शिक्षकों ने भाग लिया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के 115 स्वयंसेवकों के साथ अलग से जागरूकता कार्यक्रम और नशे के विरुद्ध पैदल जागरूकता यात्रा निकाल लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करते हुए कहा कि नशे का शौंक मनुष्य के जीवन में चुपके से आता है और थोड़ा आनंद तो मिलता है लेकिन यह क्षणिक आनंद जीवन में शोक के रूप में परिवर्तित होकर उसका सब कुछ छीन लेता है। 2 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में गहनता से नशे के दुष्प्रभावों बारे चर्चा करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि यदि नशा होता अच्छा तो सबसे पहले मां बच्चे को देकर कहती ले खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 अथवा 1933 अथवा मानस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देने के लिए कहा और शपथ ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के पश्चात पैदल यात्रा निकाली।

## न्यूज ब्रीफ

### राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारम्भिक परीक्षा-2024 के सुचारू संचालन हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित की जाने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाऐं संयुक्त प्रतियोगी प्रारम्भिक परीक्षा 2024 के सुचारू आयोजन, निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन, पर्यवेक्षण व निगरानी, नकल/अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 एवं आयोग द्वारा जारी अन्य परीक्षा संबंधी नियमों/अधिनियमों का परीक्षा के दौरान प्रभावी कियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु जिला मुख्यालय पर विविध जानकारी के लिए नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियन्त्रण कक्ष परीक्षा समय से 2 घण्टे पूर्व शुरू होगा जो परीक्षा सम्पन्न होने तक अनवरत रूप से कार्यरत रहेगा। नियन्त्रण कक्ष जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर के कमरा नम्बर 51 में नियन्त्रण कक्ष संचालित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 05642-220033 तथा ई-मेल आईडी-dm-dho-rj@nic.in है। नियंत्रण कक्ष 2 फरवरी को प्रात: 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक कार्यरत रहेगा। परीक्षा हेतु नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य को नियुक्त किया गया है जिनका मो न. 9414413473 है। नियन्त्रण कक्ष में व्याख्याता महात्मा गांधी रावि ओदी उमेश कुमार शर्मा जिनका मोबाइल नो. 9414710104 है, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र बाथम जिनका मोबाइल नो. 9460293342 है, वरिष्ठ सहायक सामान्य अनुभाग मनीष तिवारी जिनका मोबाइल नो. 9609616768 है, कनिष्ठ सहायक गोविन्द बिहारी जिनका मोबाइल नो. 7877809974 है, को नियुक्त किया गया है ।

### बेटी की निकाली बंदौरी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जैन गेस्ट हाउस में शिव कुमार शर्मा की पुत्री वर्षा शर्मा की शादी मुकेश कुमार शर्मा के साथ दो फरवरी को शादी तय हुई है। जिसको लेकर मोहल्लेवासियों ने वर्षा शर्मा को घोड़ी पर बैठाकर मोहल्ले में बंदौरी निकालकर बेटियों का प्रोत्साहान बढाया। वर्षा के दादा बनवारीलाल शर्मा ने बताया कि हमारे देश में आज के समय बेटियां किसी से कम नहीं है। हम सब को बेटियों को आगे बढाने के लिए शिक्षित करने के लिए शाला के मंदिर में पढने के लिए भेजना होगा। क्योंकि बेटी पढ लिखकर दो घरों का नाम रोशन करती है। इस अवसर पर पुरूषोत्तम लाल शर्मा, दीपक शर्मा, ललित शर्मा, गणेश शर्मा, जितेन्द्र कुमार शर्मा व सुन्दर प्रजापत आदि मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार के बजट से आमजन में निराशा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार से इस बजट में आमजन व किसान को कुछ खास फायदा नहीं दिखाई दे रहा है। केंद्र सरकार के बजट से आमजन में निराशा इस बजट में बिहार को मिली विशेष सौग़ात देना यह सब आगामी विधानसभा चुनाव बिहार के राजनैतिक फ़ायदे के लिए किया जा रहा है। इस बजट में देश के अन्य राज्यों को निराश किया है।

### किसान मजदूर गरीबों के लिए बजट निराशजनक : न्योल

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल ने बजट को किसान मजदूर गरीबों के लिए निराशजनक बताया। अन्नदाताओं के लिए एम एस पी कानून की घोषणा नहीं कर कृषक वर्ग के साथ धोखा किया हैं। महंगाई बेरोजगारी को कम करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं।

### प्राचीन भैरव देव मंदिर में वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ के एकमात्र प्राचीन भैरव देव मंदिर में का वार्षिक उत्सव शनिवार को धर्म समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न पूजन अनुष्ठान के साथ उत्तम चंद माणक देवी गधैया परिवार द्वारा विशाल प्रसाद भंडारे का आयोजन रखा गया। शाम तक चले भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व विनोद कालू भोजक एवं श्यामलाल भोजक की देखरेख में सामुहिक पूजन संपन्न हुआ। दिल्ली प्रवासी प्रेमलता आनंद जैन, साक्षी खुशाल गधैया, हैदराबाद से आए हुए राजकुमार हेमलता जैन तथा दीपा देवी, श्रीडूंगरगढ़ की सुनीता भंसाली के अलावा यहां के भक्त चांद रतन मंजू कंदोई, पंडित शिवकुमार शर्मा, हनुमान सुराणा तथा अनिल कंदोई वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन आदि ने कार्यक्रम संपन्न करवाए और व्यवस्थाओं में भागीदारी निभाई।

### केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया आम बजट काफी निराशाजनक : राहुल कस्वा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** युवा सांसद राहुल कस्वा ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा पेश किया गया आम बजट काफी निराशाजनक है। चूरू लोकसभा युवा सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि किसान और जवान के उत्थान की बजट में कोई बात नहीं की गई है। यमुना लिंक के लिए कोई बजट का ऐलान नहीं है और न ही कोई अन्य सिंचाई प्रोजेक्ट पर बात हुई। एमएसपी गारंटी को लेकर केन्द्र सरकार अभी भी मौन है। बेरोजगारी को लेकर एक शब्द तक बजट में नहीं बोला गया, जबकि केन्द्र और राज्यों में विभिन्न विभागों में लाखों की पद खाली पड़े हैं। हर बार की तरह चुनावी राज्यों को देखकर लौक लुभावनी घोषणा हैं। इस प्रकार चुनावी बजट बनाने से कैसे विकसित भारत और एक भारत की परिकल्पना साकार होगी?

# राजकीय उच्च विद्यालय में व्याख्याता पदोन्नत होने पर विद्यार्थियों के भोज का आयोजन



**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में व्याख्याता पद पर पदोन्नत सुशीला ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, समस्त स्टाफ व पीईईओ क्षेत्र के कार्मिकों को खीर - जलेबी आलू-छोले का स्वादिष्ट भोज करवाया गया प्रधानाचार्य सुनिता भार्गव ने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के लिए व्याख्याता सुशीला का आभार जताया इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ पदोन्नत प्रधानाचार्य सीताराम सिंघल, वरिष्ठ अध्यापक संदीप रैया, महेश बैनीवाल, धर्मवीर खीचड़, अध्यापक शीशराम राव, देवेन्द्र काजला, सुनिल बैरासर, अजय पूनिया, पीटीआई पवन कुमार, मनोज सैनी, पंकज खींची, रणवीर गोठवाल, विनोद पूनिया, व नरेश डारा व पीईईओ क्षेत्र के अधीन विद्यालयों से प्रधानाध्यापक रमेश कुमार,अध्यापक पार्वती खाती बास, अध्यापक नरेन्द्र पूनिया, संतोष कुमारी जनाऊ मिट्ठी आदि उपस्थित थे।

**बीकानेर संभाग आईजी ओम प्रकाश का चूरू दौरा**

# फोटोग्राफर राजेंद्र सोनी से की मुलाकात, सामाजिक कार्यों की सराहना की



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** बीकानेर रेंज पुलिस आईजी ओम प्रकाश ने अपने चूरू दौरे के दौरान फोटोग्राफर राजेंद्र सोनी से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सोनी द्वारा अपनी पत्नी की स्मृति में धर्म स्तूप चौकी पर लगाए गए वॉटर कूलर की सराहना की और इसे एक पुण्य कार्य बताया। आईजी ओम प्रकाश, जो पूर्व में चूरू के पुलिस अधीक्षक भी रह चुके हैं, ने इस मुलाकात के दौरान पुरानी यादों को ताजा किया। वे राजेंद्र सोनी के स्टूडियो और उनके घर भी गए, जहां दोनों के बीच आत्मीय चर्चा हुई। राजेंद्र सोनी ने इस दौरान अपने सामाजिक कार्यों और यादगार फोटोग्राफी अनुभवों को साझा किया। उनकी समाजसेवा की भावना की सराहना करते हुए आईजी ने कहा कि ऐसे नेक कार्य दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर कोतवाली थाना प्रभारी सुखराम चोटिया, यातायात प्रभारी जय प्रकाश, वीरेंद्र सिंह एएसआई कोतवाली मय स्टॉफ उपस्थित रहे।

# बसन्त पंचमी पर्व व श्री नामदेव महाराज का ज्ञानोदय दिवस आज मनाएंगे




**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में श्री विठ्ठल नामदेव सेवा समिति सादुलपुर की एक बैठक रोहिला नर्सिंग होम में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2 फरवरी रविवार को रोहिला नर्सिंग होम में बसंत पंचमी पर्व व श्री नामदेव जी महाराज का ज्ञानोदय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। डॉ. हरिराम रोहिल्ला ने बताया कि हम सभी को श्री नामदेव जी महाराज के उपदेश शांति, समता व बन्धुता के साथ समाज को चलना चाहिए। विजय कुमार वर्मा ने बताया कि समाज में भाईचारा बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। सतबाला रोहिला ने मातृ शक्ति को जाग्रत करने के लिए अपने विचार प्रकट किए। इस बैठक में डॉ. हरिराम रोहिल्ला, सतबाला रोहिल्ला, विजय कुमार वर्मा, विनोद नामदेव, ललित कुमार, राजेश कुमार छिपा व रामनिवास आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# करणी कथा का तीसरे दिन भक्तिमय माहौल में गूंजी देवी स्तुति



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** मारू कोम्प्लेक्स के पास बिगा बास मे आयोजित श्री डूंगरगढ़ में श्री करणी कथा के तीसरे दिन का माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साह से भरा रहा। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं की भक्ति और समर्पण की शक्ति और अधिक प्रबल होती गई। पूरे पंडाल में मां करणी के जयकारों की गूंज से वातावरण दिव्यता से भर उठा। महंत डॉ. करणी प्रताप जी महाराज द्वारा की गई देवी महिमा की व्याख्या ने सभी भक्तों के हृदय में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया। उनकी अमृतमयी वाणी सुनकर भक्तजन भाव-विभोर हो गए और कथा के माध्यम से देवी उपासना का दिव्य अनुभव प्राप्त किया। तीसरे दिन कथा में उमड़े श्रद्धालुओं ने महंत डॉ. करणी प्रताप जी से कथा की अवधि एक दिन और बढ़ाने का आग्रह किया। भक्तों ने निवेदन किया कि इस दिव्य आयोजन की आध्यात्मिक ऊर्जा को और अधिक समय तक अनुभव करने के लिए एक और दिन जोड़ा जाए। उनकी इस भक्तिभावना को देखते हुए महंत डॉ. करणी प्रताप जी ने कथा को एक और दिन तक विस्तारित करने की घोषणा की।

# पीएम श्री योजनानातर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय विशेषज्ञ वार्ता आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में पीएम श्री गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तरीय विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर की वार्ताकार व विशिष्ट अतिथि डॉ.कांता प्रजापत, असिस्टेंट प्रोफेसर, आईओडब्ल्यूए यूनिवर्सिटी,यूएसए ने आईआईटी एवं एनईईटी आदि में उत्तम कैरियर निर्माण व तैयारी के लिए छात्राओं का मार्गनिर्देशन किया। राष्ट्रीय स्तर के वार्ताकार व विशिष्ट अतिथि डॉ. पीएस राठौड़ प्राचार्य मोहता पीजी कॉलेज द्वारा विज्ञान व गणित के क्षेत्र में नवाचार, नवीन शिक्षण शास्त्र व शिक्षण उपागमों पर वार्ता की। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने कहा कि छात्राएं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों से सीखे गए ज्ञान को व्यवहार में उपयोग करें। इसी तरह नागरिकता कौशल, संवैधानिक मूल्य एवं भारत का ज्ञान गतिविधि के तहत बेस्ट प्रैक्टिस निर्माण सामग्री हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं में अपने हुनर के प्रति आत्मविश्वास जगाने और अपने सबसे अहम कौशलों की परख करने हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया छात्राओं ने पूरे जोश तथा आत्मविश्वास के साथ रंगोली ,पर्यावरण पर चार्ट, मेहंदी, हस्त निर्मित उपयोगी वस्तु निर्माण, हस्त निर्मित सजावटी वस्तु निर्माण, मिट्टी के बर्तन और मूर्ति कला, भारत की विविधता दर्शन हेतु वेशभूषा प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# मौनी अमावस्या पर दिव्य क्लब ने किया दान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** दिव्य क्लब प्रवक्ता रूपम माथुर ने बताया कि क्लब द्वारा मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर ललिता टावरी की अध्यक्षता में हनुमानगढी गौशाला में मीना सोनी के सौजन्य से 5100रु तथा अन्य सदस्यों की ओर से 1100रु दवाईयों हेतु, 5 गुड के कार्टून दान किए गए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष निर्मला मण्डावेवाला, विजयलक्ष्मी पारीक, संध्या जैन, चंदा धानुका, पूजा सोनी, रेखा सोनी, ललिता कीला, निशा लोहिया आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हनुमानगढी गौशाला के पवन शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सीमेंट प्लांट में सुरक्षाकर्मी की मिलीभगत से चोरी का खुलासा

# चार आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**रायपुर मारवाड़।** सीमेंट प्लांट रास में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक प्लांट का सुरक्षाकर्मी भी शामिल है। चोरी की यह वारदात 24-25 जनवरी की रात करीब दो बजे को अंजाम दी गई थी। घटना की जानकारी देते हुए श्रीसीमेंट प्लांट के सुरक्षा विभाग के नारायण सिंह ने बताया कि चोर श्रीसीमेंट इकाई जवानगढ़ यूनिट-11 (प्रोजेक्ट एरिया) में घुसे और खेड़ा तालाब के पास स्थित शिवम कंस्ट्रक्शन कंपनी के स्टोर का ताला तोड़कर सामान चुरा ले गए। घटना के समय गार्ड संपत सिंह ने कुछ युवकों को भागते हुए देखा था। पुलिस अधीक्षक ब्यावर के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी विश्लेषण और आसूचना के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में सोपालराम (20) निवासी पालियावास, चेनाराम (21) निवासी रतनगढ़, राकेश (21) निवासी रास और नवीन मारू (20) निवासी राजनगर विजयनगर शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने प्लांट के एक सुरक्षाकर्मी की मिलीभगत से वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी का सारा माल भी बरामद कर लिया है।

## सात को आदर्श सामूहिक विवाह

**सांडेराव।** श्री क्षत्रिय मेवाड़ा कलाल समाज विकास संस्था सोजत परगना द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान में सात फरवरी को मेवाड़ा समाज भवन, सियाट में होने जा रहे आदर्श सामूहिक समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही है। विवाह कार्यक्रम एक साथ एक ही दिन होगा। श्री क्षत्रिय मेवाड़ा कलाल समाज सामूहिक विवाह समिति सोजत परगना के अध्यक्ष हीरालाल मेवाड़ा ने बताया कि सात फरवरी को सोजत (सियाट) में होने जा रहे सामूहिक विवाह महोत्सव की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। प्रचारक नटवर मेवाड़ा ने बताया कि इस आदर्श सामूहिक विवाह समारोह को लेकर युवा-युवतियों के साथ समाज बंधुओं में काफी उत्साह का माहौल है। समाज के प्रेरणा स्त्रोत इस सामूहिक विवाह समारोह में देश-भर से कहीं महान हस्तियां इस समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचेगी।

▶▶ 39 जोड़े एक साथ लेंगे सात फेरे

### जेपीएल-2025

# मयूर सेनिटेशन ने जीता फाइनल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली शहर के सुमेरपुर रोड स्थित विजन क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड में जेपीएल-2025 का फाइनल मैच खेला गया। इस रोचक मुकाबले में मयूर सेनिटेशन ने नाकोड़ा चैंपियन को 10 रनों से हरा कर ट्रॉफी अपने नाम की। चेयरमैन राकेश अख़ावत ने बताया कि गुरुवार शाम को जीतो प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला खेला गया। दूधिया रोशनी में पहले खेलते हुए मयूर सेनिटेशन टीम ने 12 ओवर में कुलदीप डागा के 28 ,नमन सुराणा के 20 और दिनेश सेठिया के 29 रनों की उपयोगी पारी की मदद से 132 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाकोड़ा चैंपियन की टीम की ओर से अर्पित जैन ने शानदार 71 रन की पारी खेली लेकिन दूसरी छोरे से विकेट गिरते रहे ऐसे में वे अपनी जीत को फाइनल मैच नहीं जीता सके और टीम 122 रन ही बना सकी। ऐसे में मयूर सेनिटेशन ने नाकोड़ा का 10 रन से



हारकर जेपीएल-2025 का फाइनल जीता। फाइनल मैच में मैन ऑफ़ मैच नमन सुराणा रहे। जिन्होंने तीन विकेट लेने के साथ टीम के लिए 20 रन की उपयोगी पारी खेली। सीरीज का बेस्ट बैट्समैन दिनेश सेठिया को चुना गया। उन्होंने प्रतियोगिता में कुल 143 रन बनाए। बेस्ट बॉलर विवेक नाहटा रहे। जिसने सबसे ज्यादा 12 विकेट लिए। मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर नाकोड़ा के अर्पित जैन रहे। जिन्होंने प्रतियोगिता में 176 रन बनाए ओर छह विकेट भी लिए। महिला विंग में कावेरी ने जीता फाइनल महिला विंग में कावेरी टीम ने फाइनल मैच जीता। कावेरी ने पहले बेटिंग करते हुए 80 रन बनाए। जवाब में पावर हीटर टीम 41 रन ही बना सकी। निधि डागा को वुमेन ऑफ़ मैच चुना गया। इस दौरान चीफ सेक्रेटरी मनोज लोढ़ा, नरपत चौपड़ा, दीक्षित मेहता, गौरव मेहता, श्रवण कोठारी, देवराज भंसाली, सूर्यप्रकाश चौपड़ा, कमलेश सत्कार, राज जोन के सेक्रेटरी राज सुराणा सहित जीतो के 350 सदस्य सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

टूर्नामेंट के फाइनल में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, प्रायोजक प्रांजुल गोगड़, भरत गोगड़, रजनीश कर्णावत मौजूद रहे। जिन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी दी।

### श्रीहिंगलाज मां बायोसा मंदिर

## भजन संध्या पांच को वरघोड़ा छह को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** मेघवालों के बडा वास में हिंगलाज मां व बायोसा मां मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देवनगरी नाडोल में पांच फरवरी बुधवार को महान चमत्कारिक धाम हिंगलाज मां बायोसा मंदिर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भजन गायक खीमराज मकवाना एंड पार्टी एवं लक्की जटाधारी एंड पार्टी, दिल्ली द्वारा शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा एवं छह फरवरी गुरुवार को सुबह नौ बजे डीजे, रथों के साथ हिंगलाज मां बायोसा मंदिर से वरघोड़ा निकलेगा जो नाडोल नगर के मुख्य मागों से होते हुए बस स्टेण्ड, रुप मुनि चौराहा, चामुंडा माता मंदिर होते हुए पुनः हिंगलाज मां के मंदिर परिसर में समापन होगा। दोपहर को महाप्रसादी शांतादेवी चमनाराम एवं गीतादेवी रमेशकुमार परिवार द्वारा की जाएगी। कार्यकम सफल बनाने को लेकर शक्ति मित्र मंडल जोर शोर से लगे हुए हैं। मंच संचालक सुरेश रिखिया द्वारा ये जानकारी मां के उपासक हेमराज भटनागर ने दी।

# घूमर महिला समिति ने सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से भेंट की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** घूमर महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से भेंट की। इस मुलाकात का उद्देश्य संगठन द्वारा ग्रामीण समुदायों, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों का परिचय देना था। भेंट के दौरान, टीम ने अपनी प्रमुख परियोजनाओं की जानकारी दी। जिनमें किसान उत्पादक कंपनि (एफपीसी) की सफल स्थापना, सीताफल पल्प प्रोसेसिंग, हर्बल उत्पाद निर्माण और जनजातीय व हाशिये पर रह रहे परिवारों को समर्थन देने की पहल शामिल थीं। राज्यपाल



माथुर ने घूमर महिला समिति के प्रयासों की सराहना की और ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने एवं जमीनी स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

ओम प्रकाश माथुर ने समिति के प्रभावशाली कार्यों की तारीफ करते हुए उन्हें और अधिक नवाचारी आजीविका परियोजनाएं शुरू करने और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह मुलाकात घूमर महिला समिति के लिए एक प्रेरणादायक क्षण साबित हुई। जिसने संगठन की महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर समुदायों के निर्माण की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान बाली प्रधान पानरी देवी, जन प्रतिनिधि सामता राम, नेकाराम, रामाराम, मामली देवी व घूमर की तरफ से जितेंद्र मीणा, सद्दाम हुसैन, कमली बाई, करमी बाई, सना बाई, धापू बाई व जैसी बाई उपस्थित रहे।

## सिक्किम राज्यपाल माथुर पहुंचे नेतरा, पूर्व विधायक के भाई की पुत्रवधू को श्रद्धांजलि दी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने शनिवार को नेतरा पहुंच सुमेरपुर के भाजपा कार्यकर्ता व पूर्व विधायक गुलाब सिंह राजपूत के भाई की पुत्रवधू सत्येंद्र सिंह राजपुरोहित की पत्नी के देहांत पर उनके घर पहुंचे श्रद्धांजलि अर्पित की। ओम माथुर का पूर्व विधायक राजपुरोहित परिवार से घरेलू रिश्ते हैं। राज्यपाल माथुर अपने निवास स्थान फालना बेडल से सवेरे 11.30 बजे नेतरा सत्येंद्र सिंह के निवास स्थान पहुंचे जहां पर उनकी पत्नी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उसके बाद नेतरा से फालना के लिए रवाना हुए। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह, राजपुरोहित लक्ष्मण सिंह, राजपुरोहित हरि सिंह, राजपुरोहित मोहन सिंह, खिवान्दी मनोहर देवड़ा, पुष्पकांत मेवाड़ा, रणजीत सिंह यादव, नारायण सिंह खिन्दारा गांव उप सरपंच जगदीश सिंह राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।

### गुड़ा मांगलियान

## उज्जैनी वीर मामाजी धाम पर विष्णु महायज्ञ को लेकर बैठक आज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** गुड़ा मांगलियान गांव स्थित महान चमत्कारिक उज्जैनी वीर मामाजीधाम पर पांच दिवसीय विष्णु महायज्ञ की तैयारियों को लेकर नौ गांवों के ग्रामीणों की बैठक आज। राधे कृष्ण सेवा संस्थान ट्रस्ट के गुलाबसिहं राणावत ने बताया कि कृष्णभक्त दाता महेन्द्रसिहं राणावत गादीपति मामाजीधाम गुडा मांगलियान के सानिध्य में 28 फरवरी से चार मार्च तक आयोजित होने वाले विष्णु महायज्ञ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज दो फरवरी रविवार को उज्जैनी वीर मामाजी धाम पर मुठाना, गुडा मांगलियान, छोडा, गुडा पाटियान, वारा सोलंकियान, गिराली, बडौद, सरथुर, सिन्दरली के ग्रामीणों की बैठक आयोजित होगी। पांच दिवसीय विष्णु महायज्ञ के दौरान नवनिर्मित अतिथि रुम एवं मुख्य पोल का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर अतिथि रुम एवं मुख्य पोल का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है।



समारोह में संत महात्माओं एवं राजनितिज्ञ हस्तियां के साथ जनप्रतिनिधी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर राधे कृष्ण सेवा संस्थान ट्रस्ट अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत सादडी, कोषाध्यक्ष भूराराम, डी. सिरवी छोडा, उपाध्यक्ष देशाराम मोडा भाटून्द, सचिव प्रभुराम सिरवी नाडोल, पेमाराम सिरवी सरथूर, विरेन्द्र भाई पटेल वसई, गिरीश भाई सिरवी घेनडी, डुंगाराम सिरवी मुण्डारा, मोतीलाल दुदापुरा, रुपचंद जैन बालवाडा, भानाराम सिरवी पाबूजी देवली, मांगीलाल दुदापुरा व्यवस्थापक बगदाराम गर्ग सहीत पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

## श्रीआई माता मंदिर की वर्षगांठ मनाई

**सोमेसर।** सोमेसर के बूसी गांव में स्थित श्रीआई माता मंदिर के आठवें स्थापना दिवस पर शनिवार को धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह में लाभार्थी परिवार द्वारा मंदिर शिखर पर विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। मदनपुरी पार्टी द्वारा आयोजित सत्संग में प्रसिद्ध गायक मदनपुरी गोस्वामी ने गणपति वंदना 'मैं थाने शिवरू म्हारा गणपति देवा' और गुरु महिमा 'वारी जाऊ ओ बलिहारी जाऊ' से श्रोताओं का मन मोह लिया। उन्होंने माताजी की महिमा से संबंधित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में डूब गए। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति ने बोली लेने वाले भामाशा परिवारों का पुष्पमाला और साफा पहनाकर सम्मान किया। मंच संचालन चम्पालाल सीरवी ने किया। समारोह में महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया।

## महाकुंभ, वृंदावन और मथुरा यात्रा कर अधिवक्ता का किया स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** प्रयागराज महाकुंभ में परिवार सहित भाग लेकर लौटने पर शनिवार को वकील मंडल के सचिव एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अधिवक्ता महिपाल सिंह राजपुरोहित का स्वागत किया। युवा एकता मंच के सचिव विशाल बोराणा ने बताया कि सुमेरपुर से 27 जनवरी को वकील मंडल के सचिव एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अधिवक्ता महिपाल सिंह राजपुरोहित अपने परिवार सहित महाकुंभ यात्रा पर प्रयागराज, काशी, अयोध्या वृन्दावन और मथुरा यात्रा पर गए थे। जहां त्रिवेणी में स्नान कर साधु संतों के दर्शन आगे काशी विश्वनाथ, अयोध्या, वृंदावन, मथुरा दर्शन कर 31 जनवरी को पुनः सुमेरपुर पहुंचे। इस सफल धार्मिक यात्रा कर सुमेरपुर पहुंचने पर युवा एकता मंच के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष हिमांशु परिहार के नेतृत्व में एवं सामाजिक



कार्यकर्ताओं ने अधिवक्तता महिपाल सिंह राजपुरोहित का माला पहनाकर स्वागत किया। अधिवक्तता राजपुरोहित ने बताया कि यहां से महाकुंभ सड़क मार्ग से अपने निजी वाहन से परिवार के साथ गया पूरे उत्तर प्रदेश में वहां की सरकार द्वारा बहुत शानदार व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर कार्यकर्ता अरुण देवड़ा, कृष्णपाल सिंह, श्रवण कुमावत, धर्मेंद्र, नितिन सुथार, नरेश कुमावत, तेजल, विक्रम, कुलदीप, लक्ष्य, विनोद, सिद्धार्थ, मयूर, राजेश, रूपेश, प्रदीप, वर्षा, कुसुम, रेणुका, मनीषा, खुशबू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परमात्मा के प्रति श्रद्धा से होती प्रगति : हिरापुरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** जुना अखाडे के नागा सन्यासी संत मनसुख हिरापुरी महाराज ने कहा कि जिस मनुष्य के जीवन मे धर्म के प्रति अडिग श्रद्धा हो, विवेक युक्त क्रिया हो एवं हृदय में कोमलता हो वही मनुष्य श्रेष्ठ है। संत हिरापुरी ने कहा कि मनुष्य का जीवन श्रद्धा से सौरभ बिखेरता है, लेता कुछ भी नही। आज का इंसान कागज के फुलों की तरह है। जिसके भीतर सुवास और कोमलता नजर ही नहीं आती। अगर मनुष्य के जीवन में परमात्मा के प्रति सभ्यग श्रद्धा, करूणा, मैत्री, क्षमा, सद्भावना, सहिष्णुता आदि सद्गुणों की सुवास न हो तो वह जीवन कागज का फुल ही होगा। इसलिए परमात्मा के प्रति खुब श्रद्धा रखकर जीवन में निरंतर प्रगति करते रहना चाहिए। संत ने कहा कि युवाओं को संस्कृति एवं संस्कार की प्रक्रिया को गहराई से अपनाना चाहिए। जिसमे संस्कृति की समझ है, वहीं संस्कारवान होने की डगर पर पांव रखते है। "संस्कृति" शब्द का अर्थ व्यापक यह जीवन की शुद्धियां परिष्कार व व्यक्ति को सवारने की किमती प्रक्रिया है।

## अफीम के दूध के साथ तस्कर गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली जिले के सिरियारी थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गुरुवार रात को बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 किलो अफीम का दूध बरामद किया है। मामले में जोराराम जोधपुर के बासनी कापरड़ा का निवासी को गिरफ्तार किया। जो बाइक पर चितौड़गढ़ से जोधपुर तक मादक पदार्थों की तस्करी करता है। एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि सोजतरोड एसएचओ जबरसिंह के नेतृत्व में सिरियारी थाने की एक टीम गठित की गई, जिसने सिरियारी के निकट मेगा हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार को रोका तो वह घबरा गया। तलाशी ली तो आरोपी जोराराम पुत्र मुकनाराम निवासी बासनी कापरडा, जिला जोधपुर के कब्जे से 10 किलो 61 ग्राम अफीम दूध बरामद हुआ। इस पर अफीम के दूध, बाइक को जब्त किया। मामले में आरोपी की गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की। वह ये तस्करी का काम कितने समय से कर रहा है और अफीम का दूध कहा सप्लाई करने जा रहा था।

# सोजत के चारभुजा मंदिर में 96वां हरिकीर्तन सप्ताह

**सोजत।** सोजत के प्रसिद्ध चारभुजानाथ मंदिर में 95 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 96वां हरिकीर्तन सप्ताह महारानी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन छह फरवरी को दोपहर 12:30 बजे पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगा और 13 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान मंदिर में 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन और भजनों की धुन गूंजेगी। सोजत शहर और आसपास के गांवों से आए श्रद्धालु विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ भजनों की प्रस्तुति देंगे। महिलाओं के लिए विशेष रूप से दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। मंदिर में विराजमान चारभुजानाथ, राधा-कृष्ण और हरलाल भगवान की प्रतिमाओं का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जाएगा। पूरा मंदिर परिसर रोशनी



▶▶ छह से 13 फरवरी तक 24 घंटे गूंजेंगे भजन

और सजावट से जगमगाएगा। प्रतिदिन सुबह, दोपहर और शाम को पारंपरिक मोईतिल्ली प्रसादी का वितरण होगा। 13 फरवरी को दोपहर एक बजे महोत्सव का समापन होगा, जिसके बाद ठाकुर जी की भव्य सवारी निकलेगी। भजन मंडलियां सवारी के आगे-आगे भजन प्रस्तुत करेंगी। रात्रि में सवारी के मंदिर वापस पहुंचने पर आरती के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा। इस आयोजन की तैयारियों में ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश मूंदड़ा, सचिव श्यामसुंदर माहेश्वरी, नंदकिशोर अग्रवाल, बहादुरसिंह खींची, हरिनारायण पाराशर प्रेमराज पंवार, कमलसिंह चौहान, नथमल सोलंकी, नवीन गुप्ता,पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव, नरेंद्र खारीवाल, सुधीर दवे, गजेंद्र जोशी निरंजन वैष्णव सहित समिति के सभी सदस्य और चारभुजा महिला मंडल की सदस्याएं जुटी हुई हैं।

## स्कूली बच्चों से भरा टेंपो पलटा

**बाली।** सादड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। सुबह करीब नौ बजे मुंडारा-मोरखा सड़क मार्ग पर 10 स्कूली बच्चों से भरा एक टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में तीन बच्चे घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सादड़ी पुलिस के एएसआई ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार बाल निकेतन स्कूल मुंडारा का टेंपो मोरखा से बच्चों को लेकर मुंडारा की ओर आ रहा था। इसी दौरान अचानक टेंपो असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में घायल हुए बच्चों में भूमिका (8) पुत्री मोहनलाल, जिनल (8) पुत्री किरण कुमार और डिंपल (16) पुत्री रूपाराम शामिल हैं। घायल बच्चों को तत्काल मुंडारा के अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत को देखते हुए तीनों को बेहतर इलाज के लिए बाली अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और टेंपो चालक की लापरवाही की जांच की जा रही है।

▶▶ तीन छात्राएं घायल, सिर और हाथ-पैरों में आईं चोटें

## दो नाबलिगों के साथ ज्यादती करने वाला गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में दो नाबालिग लड़कों को डरा-धमका कर उनके साथ ज्यादती करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसे शनिवार को मेडिकल के लिए पाली के बांगड़ अस्पातल लाया गया। पुलिस ने आरोपी रिमांड पर लिया है। कोतवाल अनिल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी दो नाबालिगों के परिजनों ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि उनके नाबालिग बच्चों को डरा धमकाकर 21 साल के मोहम्मद अमान पुत्र मोहम्मद आरिफ ने ज्यादती की। जिससे बच्चे डिप्रेशन में आ गए। पूछने पर दोनों बच्चों ने अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया। इसके साथ ही बताया कि आरोपी ने उनका वीडियो भी बनाया। जिसे वायरल करने की धमकी देता था। पुलिस ने



▶▶ पुलिस ने आरोपी का करवाया मेडिकल, रिमांड पर लिया

मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी कि उसने कितने बच्चों के साथ ज्यादती की।



# पाली में राव कूंपा की अष्टधातु निर्मित प्रतिमा का अनावरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** 1544 में गिरी-सुमेल युद्ध में अपने शौर्य का प्रदर्शन करने वाले वीर शिरोमणी राव कूंपा की 14 फीट ऊंची और करीब 1400 किलो वजनी अष्टधातु से निर्मित अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण समारोह शुक्रवार को पाली जिले के राणावास (मारवाड़ जंक्शन) में आयोजित किया गया। श्री गोविंद राजपूत शिक्षण संस्थान राणावास के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में प्रदेश भर से राजपूत समाज के लोग पहुंचे। अतिथियों की अगुवाई में वाहन रैली के रूप में डिंगोर प्याऊ से राजपूत छात्रावास मूर्ति स्थल निकाली गई। श्री गोविंद राजपूत शिक्षण संस्थान राणावास में चामुंडा माता मंदिर में यज्ञ, आहुति व मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर मेवाड़ महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ व राज ऋषि संतराम महाराज के कर कमलों द्वारा राव कूंपाजी की मूर्ति का अनावरण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, कांग्रेस नेता यशपालसिंह कुम्पावत मौजूद रहे। राज ऋषि समताराम ने कहा कि वीर शिरोमणि राव कुपाजी राठौड़ ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान किया। उनकी वीरता को लेकर आज भी उन्हें याद किया जाता है। राजपूत समाज के लोग राव कूंपाजी के पद चिन्हों पर चले और इसी तरह राजपूत समाज का नाम रोशन करे। मेवाड़ महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ ने बताया कि मेवाड़ और मारवाड़ का रिश्ता सदियों से चला रहा है। आज मारवाड़ की धरती पर वीर शिरोमणि राव कुंपाजी राठौड़ की मूर्ति का अनावरण करते हुए मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने सामाजिक समरसता व ईडब्ल्यूएस की विसंगतियों के बारे में चर्चा की। चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने राव कुंपाजी की जीवनी पर प्रकाश डाला। मारवाड़ जंक्शन पूर्व विधायक खुशवीर सिंह जोजावर ने क्षत्रिय धर्म के पालन का आह्वान किया। समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ गुड़ा सुर सिंह ने कहा कि इसी तरह वीर महापुरुषों को समय-समय पर याद किया जाना चाहिए। समिति के युवा अध्यक्ष अजयपाल सिंह हेमावास ने बताया की इस अवसर पर दिग्विजय सिंह, समिति संरक्षक भंवर सिंह मंडली, एडीजे विक्रम सिंह सत्याय, तेज सिंह निंबली, जयेंद्र सिंह गलथनी, सिद्धार्थ सिंह रोहिटगढ़, गजपाल सिंह गुड़ा सुरसिंह, मोहब्बत सिंह, गजेन्द्र सिंह कालवी, महेंद्र सिंह नगर, चंद्रेशपाल सिंह रातडी, बीएसएफ कमांडेंट योगेंद्र सिंह राठौड़ मौजूद रहे। समारोह के दौरान व्यवस्थाओं में नरेंद्र सिंह हमीर, विश्वेंद्र सिंह गुड़ामेहराम, प्रमोद सिंह भोजावास, हनुवंत सिंह चौकड़िया, छैलसिंह मेवी, भंवरसिंह गुड़ा सुर सिंह, विरेन्द्र सिंह नरूका, लक्ष्मण सिंह हेमावास, प्रताप सिंह सोनाइमाजी, समुंदर सिंह आंकड़ावास, कुंवर वीरेंद्र सिंह बूसी, दलपतसिंह गुड़ा नारकान, महेंद्रसिंह इंदरवाडा, केसर सिंह हेमावास, जितेन्द्रसिंह थरासनी, विशनसिंह झूपेलाव, महिपालसिंह केरखेड़ा, गणपत सिंह, जसवंत सिंह सिनेमा, नरेंद्र सिंह शेखावत का सहयोग रहा। मंच का संचालन पुष्पेंद्र सिंह गुड़ा सुरसिंह ने किया।

# गॉल टेस्ट : श्रीलंका 242 रन से हारी

## ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 1-0 से आगे लायन-कुह्नेमन को 4-4 विकेट



जीत का जश्न मनाते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को पारी और 242 रन से हरा दिया। कंगारू टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरा टेस्ट गॉल में ही छह फरवरी से खेला जाएगा। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन पहले सेशन में श्रीलंका की टीम पहली पारी में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 654/6 के स्कोर पर अपनी पहली पारी डिक्लेयर की थी। इस तरह श्रीलंका 489 रन से पीछे रहते हुए फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर हो गई। टीम फिर दूसरी पारी में 247 रन बनाकर सिमट गई। चौथे दिन श्रीलंका के 15 विकेट गिरे चौथे दिन श्रीलंका ने 136/5 के स्कोर से अपनी पहली पारी आगे बढ़ाई। दिनेश चांदीमल ने 63 और कुसल मेंडिस ने 10 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम 165 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया से मैथ्यू कुह्नेमन ने पांच विकेट लिए। नाथन लायन को तीन और मिचेल स्टार्क को दो विकेट मिले। दिनेश चांदीमल ने 72 रन बनाए। दूसरी पारी में 55 ओवर भी नहीं टिक सके चौथे दिन ही श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी भी शुरू कर दी। टीम 54.3 ओवर खेलकर 247 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मिडिल ऑर्डर में पांच बैटर्स को अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बैटर बड़ी पारी नहीं खेल सका। आखिर में जेफरी वांडरसे ने 53 रन बनाए। होम टीम से पांच प्लेयर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके। ऑस्ट्रेलिया से दूसरी पारी में मैथ्यू कुन्हेमन और नाथन लायन ने चार-चार विकेट लिए। मिचेल स्टार्क और टॉड मर्फी के हिस्से 1-1 विकेट आया।

### ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी टेस्ट जीत

| | |
|---|---|
| पारी और 360 रन | बनाम साउथ अफ्रीका 2002 |
| पारी और 332 रन | बनाम इंग्लैंड 1946 |
| पारी और 259 रन | बनाम साउथ अफ्रीका 1950 |
| पारी और 242 रन | बनाम श्रीलंका 2025* |
| पारी और 226 रन | बनाम भारत, 1947 |

### ख्वाजा का दोहरा शतक

- मुकाबले के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 654/6 के स्कोर पर अपनी पहली पारी डिक्लेयर की। टीम से उस्मान ख्वाजा ने दोहरा शतक लगाया, उन्होंने 232 रन बनाए। वहीं डेब्यू टेस्ट खेल रहे जोश इंग्लिस ने 94 गेंद पर 102 रन की पारी खेल दी।




### मैथ्यु कुह्नेमन ने मैच में आठ विकेट लिए

तीसरे दिन लंच के बाद खेल नहीं हो सका मुकाबले के तीसरे दिन श्रीलंका ने 44/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने लंच तक पांच विकेट खोकर 136 रन बनाए, फिर बारिश आ गई और लंच के बाद खेल शुरू नहीं हो सका। नंबर-3 पर उतरे दिनेश चांदीमल 63 रन बनाकर कुसल मेंडिस के साथ नॉटआउट रहे।

### ख्वाजा और स्मिथ का कमाल

बुधवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम से उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ ने सेंचुरी लगा दी। दिन का खेल खत्म होने तक ख्वाजा 147 और स्मिथ 104 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। टीम ने दो विकेट खोकर 330 रन बनाए। स्मिथ 10 हजार रन बनाने वाले चौथे कंगारू बैटर स्टीव स्मिथ ने मैच के पहले दिन एक रन बनाते ही 10 हजार रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। स्मिथ ने 205 पारियों में यह आंकड़ा हासिल किया। स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने दुनिया के 15वें बल्लेबाज बन गए। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (13378 रन), एलन बॉर्डर (11174 रन) और स्टीव वॉ (10927 रन) यह अचीवमेंट हासिल कर चुके हैं। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की ओर से उस्मान ख्वाजा ने 352 गेंदों में 232 रनों की शानदार पारी खेली थी। इस दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 16 चौके और एक छक्के अपने नाम किए। इसके अलावा स्टिव स्मिथ ने भी इस मैच में अपने 10 हजार टेस्ट रन पूरे किए और 12 चौके और दो छक्के की मदद से 141 रनों की शानदार पारी खेली थी। उनके अलावा जोस इंग्लिस ने 102 रन बनाए थे। श्रीलंका की ओर से पहली पारी में दिनेश चांदीमल ने 72 रनों की पारी खेली थी। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। वहीं दूसरी पारी में भी जौफरी वैंडर्से 53 रन बनाने में कामयाब हुए थे। श्रीलंका की ओर से कोई भी बल्लेबाज दूसरी पारी में भी खासा कमाल नहीं कर सका।

# खिलाड़ियों के लिए सरकार ने खोली तिजोरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की तरफ से यूनियन बजट में इस बार खेल जगत को भी बड़ी सौगात मिली है, जहां सरकार ने बजट में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है। जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों की खोज और उन्हें विकसित करने के लिए सरकार के प्रमुख 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम को सबसे ज्यादा लाभ मिला है, जहां शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में खेल और युवा मामलों के लिए आवंटन में 351.98 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की।

### खेल मंत्रालय को आवंटित 3794.30 करोड़

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को कुल मिलाकर 3794.30 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह बढ़ोतरी काफी मायने रखती है, क्योंकि अगले एक साल में ओलंपिक, कॉमनवेल्थ और एशियाई खेलों जैसे कोई बड़े खेल आयोजन नहीं होने वाले हैं।


### 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी

नेशनल खेल महासंघों को सहायता के लिए निर्धारित राशि भी 340 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपए कर दी गई है। भारत वर्तमान में 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की कोशिश में है, जिसके लिए इंटरनेशनल ओलंपिक कमिटी से भी बात की जा चुकी है।

### नाडा का भी बढ़ा बजट

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) का बजट 20.30 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 24.30 करोड़ रुपए कर दिया गया है। 1998 में बनाए गए राष्ट्रीय खेल विकास कोष में योगदान लगातार दूसरे साल 18 करोड़ रुपए ही रहेगा, जबकि सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए दिए जाने वाले अनुदान को इस साल 42.65 करोड़ रुपए से घटाकर 37 करोड़ रुपए करने का फैसला किया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी को पाकिस्तान टीम का ऐलान




**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान हो गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को 15 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। यही टीम साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज भी खेलेगी। यह सीरीज आठ फरवरी से शुरू होगी। टीम की कप्तानी मोहम्मद रिजवान करेंगे। फखर जमान और फहीम अशरफ की टीम में वापसी हुई है। फखर जमान नवंबर 2023 में आखिरी बार वनडे खेले थे।

### पाकिस्तान टीम

- मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), सलमान आगा (उपकप्तान), बाबर आजम, फखर जमां, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहीर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, उस्मान खान (विकेटकीपर), अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

# दो बदलाव के साथ उतरेगी भारतीय टीम !

## हार का अंतर कम करने पर होगी इंग्लैंड की नजर




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टी20 मुकाबला दो फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम पहले ही सीरीज तीन-एक से अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में आखिरी टी20 में मैन इन ब्लू की कोशिश बढ़त हासिल करने पर होगी। दूसरी ओर सीरीज गंवा चुकी इंग्लैंड टीम पांचवां टी20 जीतकर वनडे सीरीज खेलना चाहेगी।

### भारत की प्लेइंग 11 में हो सकते दो बदलाव

- भारतीय टीम सीरीज जीत चुकी है, ऐसे में पांचवें टी20 में भारत की प्लेइंग 11 में दो बदलाव देखने को मिल सकते हैं।
- चौथे टी20 में चोटिल होने वाले शिवम दुबे का पत्ता कट सकता है।
- उनके कन्कशन सब्स्टीट्यूट हर्षित राणा को प्लेइंग 11 में जगह दी जा सकती है।
- पिछले टी20 में राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी की थी।
- टी20 इंटरनेशनल में राणा ने 4 ओवर गेंदबाजी की थी।

# हर्षित बोले-यह मेरे लिए ड्रीम डेब्यू

## मुझे बाद में पता चला कि बॉलिंग भी करनी है, बटलर ने कहा-कन्क्शन का फैसला गलत




**पुणे।** भारत ने चौथे टी-20 में इंग्लैंड को 15 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में तीन-एक की अजेय बढ़त बना ली है। हार्दिक-दुबे की 87 रन की साझेदारी से भारत ने 181/9 का स्कोर बनाया। बतौर कनक्शन सब्स्टीट्यूट टी-20 डेब्यू कर रहे हर्षित राणा ने तीन विकेट लिए और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। मैच के बाद हर्षित ने कहा, यह मेरे लिए एक ड्रीम डेब्यू है। वहीं भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बोले, हर्षित ने मैच पलट दिया। इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने कहा, कन्कशन का फैसला सही नहीं था। मैच के बाद प्लेयर्स ने क्या कहा केकेआर से बॉलिंग करने का फायदा भी मिला- हर्षित हर्षित ने मैच के बाद कहा, यह अब भी मेरे लिए एक ड्रीम डेब्यू है। ज्यादा सोचा नहीं, बस जाकर बॉलिंग की शिवम (दुबे) भाई जब फील्डिंग करने नहीं उतरे तो मुझे दो ओवर बाद पता चला कि फील्ड पर जाना है।

# म नो रं ज न

# वॉर 2 का एक्शन सीक्वेंस ऑनलाइन लीक



'वॉर 2' 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म अपने एलान के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म को लेकर नई-नई जानकारियां सामने आती रहती हैं। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग की भी झलकियां सोशल मीडिया पर वायरल होती है, जिसे देख फैंस काफी खुश हो जाते हैं। वहीं, अब फिल्म को लेकर नई खबर आई, जिसने निर्माताओं को परेशान कर दिया। दरअसल, 'वॉर 2' का एक एक्शन सीक्वेंस सीन ऑनलाइन लीक हो गया, जिससे निर्माता परेशान हो गए। फिल्म को खास बनाने के लिए निर्माता कई योजनाएं बना रहे हैं, लेकिन इस बीच फिल्म का एक सीन ऑनलाइन लीक हो गया है और वायरल हो गया है। इस क्लिप में कथित तौर पर ऋतिक और एनटीआर के बीच भयंकर मुठभेड़ देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर यह क्लिप तुरंत ही वायरल होने लगी, जिससे फैंस के बीच नाराजगी भी देखने को मिली, क्योंकि यह सस्पेंस को खराब करने जैसा था। हालांकि, निर्माताओं ने लीक हुई क्लिप को तुरंत हटा दिया, लेकिन जो लोग इसे देखने में कामयाब रहे, वे एनटीआर के तीव्र अवतार को देखकर हैरान रह गए, जिसमें वे एक हाइ-ऑक्टेन सीक्वेंस में ऋतिक के साथ भिड़ते हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका निभाने वाले हैं, ऐसे में साफ है कि ऋतिक रोशन के साथ उनका दमदार एक्शन सीक्वेंस होगा, जिसके लिए फैंस भी उत्साहित हैं।

अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है। जूनियर ने इस साल की शुरुआत में 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू की थी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह सीक्वल यशराज फिल्म्स की बढ़ती स्पाई यूनिवर्स में एक महत्वपूर्ण विस्तार है। जूनियर एनटीआर इस बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर में ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। 'टाइगर 3' में ऋतिक के कैमियो के बाद से यह फ्रेंचाइजी सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। 'वॉर 2' वाईआरएफ द्वारा बनाई गई स्पाई दुनिया की छठी फिल्म होगी। इससे पहले आई फिल्मों में एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है , वॉर, पठान और टाइगर 3 शामिल हैं। यह फिल्म अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित है। फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी।

## इब्राहिम अली खान की डेब्यू फिल्म नादानियां का फर्स्ट लुक आउट

सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। बीते दिनों ही फिल्ममेकर करण जौहर ने खुलासा किया था कि इब्राहिम उनकी फिल्म से एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं जिसे लेकर फैंस एक्साइटेड हैं। अब इब्राहिम ने अपनी डेब्यू फिल्म 'नादानियां' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया जिसमें वह खुशी कपूर के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्टर में एक ग्राउंड में इब्राहिम अली और खुशी कपूर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक को शेयर कर पोस्ट में लिखा है, हर प्रेम कहानी में थोड़ी सी नादानी होती है। देखिए नादानियां, जल्द ही आ रही है, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। इब्राहिम की डेब्यू फिल्म 'नादानियां' की बात करें, तो यह एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें पहले प्यार की मासूमियत और उसके रोमांच की कहानी होगी।



## रोहित शेट्टी की एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगे जॉन अब्राहम

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की नई फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। खबर है कि अभिनेता बॉलीवुड के निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ अपनी अगली फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। हालांकि, यह फिल्म रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स का हिस्सा नहीं होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की कहानी अभी लिखी जा रही है। बताया गया है कि रोहित शेट्टी और जॉन अब्राहम इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल, तक शुरू करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि रोहित के मन में इस फिल्म का आइडिया काफी समय से था। सिंघम अगेन (2024) रिलीज होने के बाद उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया, जबकि 'गोलमाल 5' की स्क्रिप्ट लॉक हो गई है। रोहित शेट्टी पुलिस की कहानियों और कॉमेडी फ्रेंचाइजी से आगे जाना चाहते हैं। जॉन के साथ कुछ प्रारंभिक बैठकें हो चुकी हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यह फिल्म मुंबई पुलिस के पूर्व संयुक्त आयुक्त राकेश मारिया की बायोपिक होगी। फिल्म की शूटिंग मुंबई में 45 दिनों तक चलेगी। बताया गया कि अभिनेता और निर्देशक ने संभावित तारीखों पर चर्चा की है। वे दोनों गर्मियों में इसकी शूटिंग करने करना चाहते हैं, जिसके बाद रोहित खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग के लिए चले जाएंगे। यह जॉन अब्राहम की योजना के साथ पूरी तरह मेल खाता है, क्योंकि वह अगस्त में आइल ऑफ मैन पर अपनी मोटरसाइकिल रेसिंग फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।



# 'मेरे हसबैंड की बीवी' का ट्रेलर रिलीज




## रकुल-भूमि के प्यार के बीच बुरे फंसे अर्जुन कपूर

अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में नजर आएंगे। निर्माताओं ने शनिवार को ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर दे ख साफ पता चल रहा है कि फिल्म में जमकर हंसी-ठहाकों का डोज होगा। अर्जुन कपूर ने हाल ही में सिंघम अगेन में वापसी की है और उनके प्रशंसक अब उन्हें एक कॉमेडी फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। शनिवार को निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर फैंस को फिल्म की कहानी की झलक दिखाई। फिल्म के ट्रेलर के अनुसार, 'लव ट्राएंगल नहीं, सर्कल है।' अर्जुन कपूर भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह के बीच फंस जाते हैं। इसके बाद जो होता है वह है 'कलेश' और हंसी-मजाक के बीच अफरा-तफरी का दौर। फिल्म में आदित्य सील और शक्ति कपूर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर में देखने को मिला कि अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर पूर्व पति-पत्नी है। भूमि की याददाश्त खो जाती है और वह पांच से छह साल की पिछली बातें भूल जाती हैं और अर्जुन कपूर को अपना बॉयफ्रेंड समझती हैं। इस बीच अर्जुन कपूर अपनी दूसरी गर्लफ्रेंड रकुल प्रीत सिंह के साथ रिलेशनशिप में हैं और उन्हें भूमि की बीमारी का पता चलता है। ऐसे में अर्जुन कपूर पूर्व पत्नी भूमि को ठीक करने की कोशिश करते हैं और उन्हें सब सच बता देते हैं। भूमि भी अब अर्जुन को दोबारा पाना चाहती हैं, जिसके बाद रकुल के साथ उनकी जंग शुरू हो जाती है। अब पूरी कहानी तीनों के इर्द-गिर्द घूम रही है। अर्जुन कैसे इस पचड़े से बाहर निकलेंगे वो तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा।

## 'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा का दिखेगा एक्शन अवतार

सामंथा रुथ प्रभु एक्शन थ्रिलर 'सिटाडेल: हनी बनी' के बाद एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री 'रक्त ब्रह्मांड: द ब्लडी किंगडम' में एक बार फिर एक्शन के साथ लौट रही हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इस सीरीज के निर्देशन की कमान 'तुम्बाड' फेम राही अनिल बर्वे ने संभाली है। इसे फैमिली मैन और सिटाडेल के निर्माता राज और डीके ने निर्मित किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आदित्य रॉय कपूर और सामंथा एक साथ नजर आएंगे। अभिनेत्री सिटाडेल के बाद एक बार फिर एक्शन करते हुए नजर आ सकती हैं। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक हाल ही में आदित्य रॉय कपूर ने 'रक्त ब्रह्मांड' का एक्शन से भरपूर पहला शेड्यूल पूरा किया है। कहा जा रहा है कि इस हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर में अपनी भूमिका के लिए उन्होंने तलवारबाजी, हथियार चलाने और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ली। राज एंड डीके की इस बहुप्रतीक्षित सीरीज में आदित्य रॉय कपूर लीड रोल निभाएंगे। आदित्य के सीरीज में लीड एक्टर के तौर पर एंट्री होने के बाद करण जौहर ने उनकी तारीफ करते हुए एक्टर और डायरेक्टर की जोड़ी कमाल बताया। हाल ही में आदित्य ने भी एक इंटरव्यू में निर्माताओं के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। दूसरी ओर इस सीरीज का फैंस बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।

'रक्त ब्रम्हांड' के स्टार कास्ट की बात करें तो आदित्य और सामंथा के अलावा 'मिर्जापुर' फेम अली फजल, वामिका गब्बी और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज इसी साल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



केन्द्रीय बजट: 2025

# देश में स्थापित होंगे एआई एक्सिलेंस सेंटर

## एआई एजुकेशन को 500 करोड़ रुपये का तोहफा





**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक नए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करेगी, जिसके लिए 500 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिसका कुल बजट 500 करोड़ रुपए होगा।

### घरेलू विनिर्माण-उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

सरकार घरेलू विनिर्माण क्षमता को भी समर्थन देगी और इसके लिए कुछ क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। इंडस्ट्री 4.0 में अपार संभावनाएं हैं, जिसके लिए उच्च कौशल और प्रतिभा की आवश्यकता होगी।

### युवाओं के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र

सीतारमण ने युवाओं को इंडस्ट्री.रेलेवेंट स्किल्स उद्योग से जुड़े कौशलद्ध प्रदान करने के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों की स्थापना वैश्विक भागीदारी के साथ की जाएगी।

## किसान क्रेडिट कार्ड पर पांच लाख तक का लोन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कृषि क्षेत्र के लिए बड़े एलान किए। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजनाए दलहन में आत्मनिर्भरताए बिहार में मखाना बोर्ड बनाने और असम में यूरिया प्लांट खोलने का एलान किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत ऐसे 100 जिलों को चुना जाएगा, जहां पर कृषि उत्पादकता कम है। इससे वहां पर उत्पादकता बढ़ाने, खेती में विविधता लाने, सिंचाई और उपज के बाद भंडारण की क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि दलहन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगे। इसके लिए खाद्य तेलों के उत्पादन पर ध्यान दिया जाएगा। तुअर, उड़द और मसूर दाल के लिए सरकार छह वर्ष का मिशन शुरू करेगी ताकि दलहन में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके। नैफेड और एनसीसीएफ तीन तरह की दालों की खरीद करेगी। इन एजेंसियों में पंजीकृत किसानों से दालें खरीदी जाएंगी। सब्जीए फल और पोषण पर ध्यान दिया जाएगा। श्रीअन्न और फलों की मांग बढ़ती जा रही है। इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर एक योजना शुरू की जाएगी। इसमें कृषि उपज संगठनों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा। बिहार के लोगों के लिए यह विशेष अवसर है ताकि वे मखाना का उत्पादन और उसके प्रसंस्करण को बढ़ावा दे सकें। मखाना बोर्ड इसमें किसानों की मदद करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए अल्पकालिक ऋण की सुविधा प्रदान करता है। केसीसी के माध्यम से लिए गए ऋण सीमा तीन लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए की जाएगी।

### असम में खुलेगा यूरिया प्लांट

केंद्रीय वित्त मंत्री ने असम के नामरूप में यूरिया प्लांट खोलने का एलान किया। उन्होंने कहा कि असम के नामरूप में 1207 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाले संयंत्र की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्वी क्षेत्र में बंद पड़े तीन यूरिया संयंत्रों को फिर से खोला गया है। यह यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर कदम है। इसके अलावा सरकार सहकारी क्षेत्र के लिए ऋण देने के कार्यों हेतु राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को सहायता प्रदान करेगी।

### बीमा क्षेत्र में बड़ा ऐलान

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 100% वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में बीमा क्षेत्र के लिए बड़ा ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई की सीमा 74% से बढ़ाकर 100% करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पेंशन उत्पादों के नियामकीय समन्वय व विकास के लिए फोरम की स्थापना की जाएगी। केवआईसी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 2025 में संशोधित केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री शुरू की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा, आयकर के मामले में इस बात पर जोर दिया जाएगा कि पहले विश्वास करें, फिर छानबीन करें। नया आयकर कानून अगले हफ्ते आएगा। बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को 74% से बढ़ाकर 100% किया जाएगा। इससे बीमा कंपनियां द्वारा ग्राहकों से मिलने वाली पूरी प्रीमियम राशि को भारत में ही निवेश कराना सुनिश्चित किया जा सकेगा। जन विश्वास बिल 2.0 के तहत 100 से ज्यादा प्रावधानों को अपराध के दायरे से हटाया जाएगा।

### 6.81 लाख करोड़ का रक्षा बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में रक्षा मद में 6.81 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। पिछले बजट के मुकाबले इसमें मामूली बढ़ोतरी हुई है। बजट में वित्त मंत्री ने 6.81,210 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 6.21,940 करोड़ रुपए था। बजट में कुल रक्षा पूंजीगत व्यय 1.92,387 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। इसमें राजस्व व्यय 4.88,822 करोड़ रुपए रखा गया हैए जिसमें पेंशन के लिए 1,60,795 करोड़ रुपए शामिल हैं। पूंजीगत व्यय के तहत विमान और एयरो इंजन के लिए 48,614 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैंए जबकि नौसेना बेड़े के लिए 24,390 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। अन्य उपकरणों की खरीद के लिए 63,099 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है।

### रेल बजट में 2.55 लाख करोड़ आवंटित

केंद्रीय बजट में रेलवे मंत्रालय के लिए 2.55 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इनमें राजस्व में 3445 करोड़ रुपए और कैपिटल एक्सपेंडिचर में 2,52,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस तरह रेलवे बजट में कुल 2,55,445 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। बजट में पेंशन फंड में 66 हजार करोड़ रुपए रखे गए हैं। नई लाइनें बिछाने के लिए 32,235 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। लाइनों के दोहरीकरण में 32,000 करोड़ और गॉज लाइन में बदलने में 4.550 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। बजट में सिग्नलिंग और टेलीकॉम के लिए 6800 करोड़ विद्युत लाइनों के लिए 6,150 करोड़ रुपएए स्टाफकल्याण पर 833 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। रेलवे स्टाफकी ट्रेनिंग उद्देश्य के लिए 301 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं रेलवे सेफ्टी फंड में 45 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। रेल मंत्रालय रेल हादसों को कम करने के लिए खास कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत देश के प्रमुख रेलवे रूट पर कचव का अपग्रेट वर्जन 4 लगाने का काम तेजी से किया जाएगा। कवच के नए वर्जन को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड आर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने हाल में अप्रूवल दे दिया है। मंत्रालय ने बजट में इसे लेकर कोई भी नई घोषणा नहीं की है और इसकी बजाय पूर्व की घोषणाओं को पूरा करने पर जोर दिया गया है। रेलवे मंत्रालय के अनुसार भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त रूटों में से दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता शामिल हैं। इन दोनों रूटों को कवच से लैस किया जा रहा है। साथ ही मुंबई-चेन्नई व चेन्नई-कोलकाता रूट पर भी कवच लगाया जाएगा। इस तरह कुल मिलाकर करीब 9 हजार किमी लंबे ट्रैक को कचव से लैस करने की तैयारी है।

बजट 2025: प्रतिक्रियाएं

## बजट में कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा: पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** इस बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को विश्व में तीसरी नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प है। यह बजट आर्थिक क्षेत्र को मजबूत बनाने वाला, उद्योगो को पंख देने वाला और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने वाला है। बजट में कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। बजट में सभी वर्गों के हितों का समावेश है। युवा पीढ़ी, महिलाओं और किसानों का बजट में विशेष ध्यान रखा गया है।

## वर्ष 2025-26 का केंद्रीय आम बजट देश की प्रगति का हाइवे है: राज्यवर्धन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने केंद्रीय आम बजट को लेकर कहा है कि यह बजट हर क्षेत्र को नई दिशा देने वाला है। इसमें उद्योग, शिक्षा, टैक्स सुधार और विकास के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। देश के हर नागरिक के लिए सशक्त और समृद्ध भविष्य की ओर एक बड़ा कदम है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी का विजन है कि देश मजबूत और आत्मनिर्भर हो, और यह बजट उसका रोड मैप है।

राठौड़ ने यहां जारी बजट प्रतिक्रिया में कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्टार्टअप्स, नवाचार और निवेश पर विशेष ध्यान देते हुए यह बजट भारत को एक वैश्विक ताकत बनने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा। और सबसे अच्छी बात? यह सब सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए किया गया है। वहीं स्टार्टअप्स को अब 20 करोड़ रुपए तक का लोन मिलेगा! ये कदम भारत को एक व्यापारिक ताकत बना देंगे। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए खिलौना उद्योग के लिए विशेष योजना का प्रावधान किया गया है।

राठौड़ ने कहा कि अगर शिक्षा की बात करें तो आईआईटी पटना का विस्तार, 23 आईआईटीएस में 1.35 लाख स्टूडेंट्स, और एआई एक्सीलेंस सेंटर के लिए 500 करोड़ रुपए का निवेश। शिक्षा के क्षेत्र में ये कदम हमारे युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे। इसी तरह सरकारी स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि आम बजट में मध्यम वर्ग को बहुत बड़ी राहत दी गई है। क्योंकि अब 12.75 लाख रुपए तक की आय पर (न्यू टेक्स रिज़ीम) वालों को कोई टैक्स नहीं देना होगा। पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एक साथ फाइल कर सकते हैं। सीनियर सिटीजन के लिए टीडीएस सीमा 1 लाख रुपए तक बढ़ाई गई है।

एससी-एसटी महिला उद्यमियों को नई योजना

# पांच वर्षों में 2 करोड़ रुपए तक का टर्म लोन मिलेगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट करते हुए कहा कि सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपए का ऋण शुरू करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी में बीते कुछ वर्षों में बड़ा इजाफा हुआ है। हालांकि महिला उद्यमियों के लिए लोन योजना के अलावा महिला वर्ग के लिए कोई खास बड़े एलान नहीं किए गए हैं।

### » महिला उद्यमियों को लोन की योजना

सरकार ने बजट में एससी-एसटी वर्ग की पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं के लिए नई योजना शुरू की गई हैए जिसके तहत अगले पांच वर्षों में महिला उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का टर्म लोन उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 स्कीम के तहत आठ करोड़ गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और लड़कियों को पोषण देने की बात कही गई है। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी की दर 41: है, जो वैश्विक औसत से कम है। इसे देखते हुए सरकार बजट 2025 में महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। आंकड़ों के अनुसारए देश में कुल 252 करोड़ बैंक अकाउंट हैं, जिनमें से 36.4 प्रतिशत यानी करीब 91 करोड़ खाते महिलाओं के हैं।

### » एमएसएमई सेक्टर रू अहम ऐलान

वित्त मंत्री ने 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करते हुए यह भी कहा कि एसएमई और बड़े उद्योगों के लिए एक विनिर्माण मिशन स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा सरकार श्रम-प्रधान क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुविधाजनक उपाय करेगी। उन्होंने कहा कि ऋण गारंटी कवर को दोगुना करके 20 करोड़ रुपये किया जाएगा तथा गारंटी शुल्क को घटाकर एक प्रतिशत किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना करने की घोषणा भी की।

### » स्टार्टअप को 10000 करोड़ का ऐलान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को उभरते उद्यमियों के वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंडस योजना के एक और दौर की घोषणा की। ऐलान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सरकार स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सरकार ने बजट में युवाओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप्स के लिए ऋण सीमा को 10 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया गया है। साथ ही 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण गारंटी को घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया है। सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए किया गया है। साथ ही उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रुपए की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड शुरू किए जाएंगे। पहले वर्ष में ऐसे 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। फंड ऑफ फंडस का एलान किया है। सरकार ने फंड ऑफ फंडस की स्थापना की है, जिसके तहत सरकार स्टार्टअप्स के लिए 10 हजार करोड़ की मदद देगी।

### » पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होंगे

सरकार वैश्विक विशेषज्ञता और साझेदारी के साथ कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी। पांच आईआईटी संस्थानों में बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। सरकार ने बताया कि बीते 10 वर्षों में आईआईटी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 65 हजार से बढ़कर 1.35 लाख हो गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता में बेहतर शिक्षा के लिए 500 करोड़ रुपए की लागत से एक कॉलेज स्थापित किया जाएगा। अगले साल मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10 हजार से ज्यादा अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी। अगले पांच वर्षों में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य है। अगले पांच वर्षों में पीएम रिसर्च फेलोशिप योजना के अनुसार, आईआईटी और आईआईएससी में तकनीकी अनुसंधान के लिए 10 हजार फेलोशिप प्रदान की जाएंगी।

### » शिक्षा बजट में 6.65 प्रतिशत का उछाल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शिक्षा के लिए 1,28,650,05 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया हैए जो पिछले वित्त वर्ष से 6.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का आवंटन हुआ था। इसमें करीब 1.21 लाख करोड़ रुपए स्कूली और उच्च शिक्षा के लिए थे। वित्त मंत्री ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शिक्षा के लिए उत्कृष्ट संस्थान की संस्थापना की जाएगी। मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएंगी। सभी जिला अस्पतालों में डे केयर केंसर सेंटर बनाए जाएंगे। 2025-26 में ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे।

### » भारतीय भाषा पुस्तक स्कीम

स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए डिजिटल किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्मला सीतारमण ने आईआईटी के विस्तार की योजना की घोषणा की है। इस संबंध में पांच आईआईटी के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा और 6,500 नई सीटें जोड़ी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि आईआईटी पटना छात्रावास और बुनियादी ढांचा क्षमता बढ़ाएगा।

### » बिहार में खुलेगा नया संस्थान

बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरू किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी। अटल टिंकरिंग लैब सरकारी स्कूलों में नवाचार को बढ़ाने के लिए ऐसी 50 हजार लैब स्थापित किए जाएंगे। भारतीय भाषा पुस्तक योजना शुरू की जाएगी ताकि भारतीय भाषाओं में शिक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। वित्त मंत्री ने बताया कि स्किलिंग के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्ट संस्थानों का स्थापना की जाएगी। यह मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के उद्देश्य के तहत किया जाएगा।

### » कैंसर रोगियों को स्थापित होंगे डेकेयर सेंटर, 36 दवाएं कर मुक्त

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार अगले तीन सालों में सभी जिला अस्पतालों में डेकेयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी और इनमें से 200 केंद्र 2025-26 में स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए प्रयोग की जाने वाली 36 जीवनरक्षक दवाओं पर लगने वाले बुनियादी सीमा शुल्क को पूरी तरह से हटाने का प्रस्ताव किया है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले तीन सालों में सभी जिला अस्पतालों में डेकेयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि 2025-26 में ही 200 सेंटर स्थापित किए जाएंगे। सीतारमण ने कहा कि रोगियों, विशेष रूप से कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर क्रोनिक बीमारियों से पीड़ित लोगों को राहत देने के लिएए मैं 36 जीवनरक्षक दवाओं को उन दवाओं की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव करती हूंए जिन पर पूरी तरह से सीमा शुल्क छूट होगी। इसके अलावा छह जीवनरक्षक दवाओं को 5 फीसदी की रियायती सीमा शुल्क सूची में जोड़ा जाएगा। इन दवाओं के निर्माण के लिए आवश्यक बल्क ड्रग्स पर भी पूरी छूट या रियायती दर लागू होगी। मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में सीटें बढ़ाने के बारे में उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने 10 वर्षों में लगभग 1.1 लाख स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा सीटें जोड़ी हैं। यह 130 प्रतिशत की वृद्धि है। मंत्री ने यह भी बताया कि सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। सीतारमण ने कहा कि गिग वर्कर्स को पीएम जन आरोग्य योजना पीएम जेएवाई के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## केन्द्रीय बजट से किसी को कोई राहत नहीं, सिर्फ घोषणाओं का पुलिन्दा : सांसद डांगी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार पर ध्यान नहीं दिया जाकर आयकर स्लैब में बदलाव कर उच्च वर्ग को राहत दी गई है जबकि मध्यमवर्ग को कोई राहत नहीं दी गई है। उम्मीदों के अनुरुप मंहगाई नियंत्रण पर कोई कारगर प्रावधान नहीं किये गये हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार होते हुए भी यहां के विकास के लिये कोई महत्वपूर्ण घोषणा नहीं की गई है जो निराशाजनक है।

सांसद नीरज डांगी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज सदन में आठवीं बार प्रस्तुत किये गये केन्द्र सरकार के आम बजट-2025 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं पर आज तक अमल नहीं किया गया है और इस बजट में फिर से घोषणाएं की गई है, यह बजट सिर्फ घोषणाओं का पुलिन्दा ही है, इस पर पिछली घोषणाओं की भांति अमल होना इस सरकार के लिये मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सैंकड़ों किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं परन्तु इस बजट में उनकी मांगों को अनदेखा कर एम.एस.पी. की गारंटी पर कोई घोषणा नहीं की गई है जिससे स्पष्ट होता है कि यह सरकार किसान विरोधी सरकार है।

नीरज डांगी ने कहा कि इस बजट में गरीब और अमीर की खाई को और अधिक बढ़ाने का कार्य किया गया हैं। पिछले दशक से बेतहाशा कमरतोड़ मंहगाई के कारण आमजन त्रस्त है उस पर काबू पाने की दिशा में केन्द्र सरकार ने कोई कारगर कदम नहीं उठाये हैं। उन्होंने कहा कि डीजल-पैट्रोल, बिजली की ऊंची दरों, एकीकृत रोजगार, इलैक्ट्रिक वाहनों, जल जीवन मिशन का कार्यकाल बढ़ाने, हैलीपैड व हवाई अड्डों को सहायता, पर्यटक स्थलों के विकास, आईआईटी व मेडिकल कॉलेजों की सीटें बढ़ाने, नौकरी पेशा के लिये नये आयकर स्लैब, जीवन रक्षक मात्र 6 दवाओं को ड्यूटी से मुक्त करने, एलईडी-एलसीडी व मोबाईल पर टैक्स कम करने, चमड़ा उद्योग को राहत सहित अगले सप्ताह आयकर विधेयक लाने की नाममात्र की घोषणाएं केवल दिखावा किया गया है जबकि किसानों, महिलाओं व आम आदमी को कोई वास्तविक लाभ नहीं दिया गया है।

## आवारा सांड के हमले से बुजुर्ग की मौत

**फतेहपुर।** फतेहपुर में 6 दिन पहले आवारा सांड के हमले में गंभीर घायल हुए बुजुर्ग की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 25 जनवरी को सुबह की है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर निवासी रतनलाल चाकलान (83) मंदिर के पास खड़े थे। इस दौरान अचानक एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने घायल को फतेहपुर के धानुका उप जिला अस्पताल के ट्रॉमा संेटर में भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत में उन्हें सीकर रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति बिगड़ने पर उन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। फतेहपुर में आवारा सांडों के हमले से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही है।

## जयपुर में कॉमर्शियल सिलेंडर 6.50 रुपए सस्ता

### इस साल में दूसरी बार कीमतों में कमी

**जयपुर।** तेल-गैस कंपनियों ने आज एलपीजी की कीमतों में बदलाव करते हुए कॉमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को मामूली राहत दी है। कंपनियों ने बीती रात कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर पर 6.50 रुपए की कटौती की है। इस साल लगातार दूसरे महीने कीमतों में कटौती की है। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट में आज से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 6.50 रुपए कम किए हैं। इस कटौती के बाद आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1831.50 रुपए की जगह 1825 रुपए में मिलेगा। इससे पहले कंपनियों ने इसी साल जनवरी में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 14.50 रुपए की कटौती की थी।



### घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

कंपनियों ने घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 806.50 रुपए में ही मिलेगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से बीपीएल और उज्जवला कनेक्शधारियों को रियायती दर पर 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। बता दें कि राजस्थान में तीनों तेल गैस कंपनियों के 1 करोड़ 75 लाख 48 हजार से ज्यादा उपभोक्त ा हैं।

## बैटरी फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

**चौमूं।** जयपुर के चौमूं उपखंड के कालाडेरा रीको क्षेत्र में स्थित मारुति पिगमेंट बैटरी फैक्ट्री में शनिवार की सुबह शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की लपटें देखते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत चौमूं और कालाडेरा फायर बिग्रेड को सूचना दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए चौमूं और कालाडेरा से चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

चौमूं के अग्निशमन अधिकारी जयकुमार जांगिड़ ने बताया कि फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। घटना सुबह के समय की थी, जब फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री में पुरानी बैटरियों को पिघलाकर नई बैटरी बनाने का काम होता था। आग से फैक्ट्री में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। कालाडेरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सिर पर शिवलिंग रखकर संगम में डुबकी लगाई




**प्रयागराज।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाकुंभ पहुंचने के बाद संगम स्नान किया। इस दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मौजूद रही। उपराष्ट्रपति के साथ उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी साथ रहे। इसके बाद उप उपराष्ट्रपति संगम स्थित लेटे हनुमान मंदिर पहुंचे। उनका परिवार भी साथ रहा। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आज तक पृथ्वी पर करोड़ों लोगों का संगम नहीं हुआ है। इतनी बड़ी व्यवस्था है, प्रशासन ने जो काम किया है, मैं बहुत खुश हूं हां, एक हादसा हुआ लेकिन किस तरह से इस मामले को तेजी से हैंडल किया गया, अमेरिका की जितनी पापुलेशन है, उतने लोगों का आगमन अभी तक यहां पर हो चुका है मैं योगी आदित्यनाथ को साधुवाद का पात्र मानता हूं।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.